माघ मास, शुक्ल पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 350, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, शनिवार, 28 जनवरी, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - संस्कृति के उद्गाता पं विद्यानिवास मिश्र



अन्दर : अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार के बाद भावुक हुई सानिया मिर्जा

# निवेशकों के 2.75 लाख करोड़ डूबे

## अडाणी को 1.32 लाख करोड़ का नुकसान, अमीरों में तीसरे से सातवें नंबर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** कंपनियों पर कर्ज की रिपोर्ट के बाद अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर्स में गिरावट का दौर जारी है। अडाणी टोटल गैस और अडाणी ट्रांसमिशन के शेयर्स में 20-20% की गिरावट आई है।? गिरावट का ये दौर तब शुरू हुआ, जब फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में अडाणी ग्रुप पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। अडाणी ग्रुप पर इसका बड़ा असर पड़ा है। अडाणी की नेटवर्थ बुधवार से अब तक यानी 3 दिन में 10% से ज्यादा कम हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक अडाणी को 1.32 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। अडाणी की कंपनियों की मार्केट कैप भी कम हुई है, जिसके चलते निवेशकों को 2.75 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फोरेंसिक फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडेनबर्ग ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि अडाणी ग्रुप की सभी 7 प्रमुख लिस्टेड कंपनियों पर काफी ज्यादा कर्ज है। ग्रुप की सभी कंपनियों के शेयर 85% से ज्यादा ओवरवैल्यूड भी हैं। अडाणी ग्रुप ने शेयरों में हेरफेर की। अकाउंटिंग में धोखाधड़ी की गई है। अडाणी ग्रुप कई दशकों से मार्केट मैनिपुलेशन, अकाउंटिंग फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा है।

टोटल नेटवर्थ अब 96.6 बिलियन डॉलर, यानी 7.88 लाख करोड़ रुपए रह गई है। अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का 20,000 करोड़ रुपए का फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर शुक्रवार को खुला। प्राइस बैंड 3 हजार 112 से 3 हजार 276 रुपये प्रति शेयर तय हुआ। पर आज गिरावट के चलते अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर ही 2 हजार 768 रुपए पर आ गया। यानी 18% गिरावट आ गई। फोर्ब्स की अमीरों की लिस्ट में अडाणी ग्रुप के मालिक गौतम अडाणी चौथे नंबर से खिसकर 7वें पर आ गए हैं। 25 जनवरी को उनकी नेटवर्थ 9.20 लाख करोड़ थी, जो शुक्रवार को 7.88 लाख करोड़ रुपए पर आ गई। हालांकि अडाणी ग्रुप के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर जुगशिंदर सिंह ने इस रिपोर्ट को बकवास बताया है। उन्होंने रिपोर्ट को फैक्टलेस बताते हुए कहा कि जो आरोप लगाए गए हैं, वे बेबुनियाद हैं। यह रिपोर्ट दुर्भावना से प्रेरित है। हिंडनबर्ग रिसर्च ने हमसे संपर्क करने या मैट्रिक्स को वेरिफाई करने की कोशिश नहीं की। यह रिपोर्ट गलत सूचनाओं से भरी है।

**ब्लैक फ्राइडे**

**अमेरिकी रिपोर्ट में ग्रुप पर गंभीर आरोप, इसमें मनी लॉन्ड्रिंग की भी सेबी कर रही जांच**

**अडाणी ग्रुप के सीएफओ जुगशिंदर सिंह ने आरोपों को बताया, बकवास**



### हिंडनबर्ग फर्म पर केस की धमकी, फर्म ने कहा-स्वागत है

अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग के खिलाफ शेयर बिक्री को नुकसान पहुंचाने के मामले में अडाणी ग्रुप लीगल एक्शन लेने का विचार कर रहा है। लीगल एक्शन को लेकर हिंडनबर्ग ने कहा कि वह पूरी तरह से अपनी रिपोर्ट के साथ खड़ा है और अडाणी ग्रुप द्वारा किसी भी कानूनी कार्रवाई का स्वागत करेगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर अडाणी गंभीर हैं, तो उन्हें अमेरिका में भी मुकदमा दायर करना चाहिए, जहां हम काम करते हैं। हमारे पास कानूनी प्रक्रिया में मांगे जाने वाले दस्तावेजों की एक लंबी लिस्ट है।

रॉयटर्स की खबर के मुताबिक, सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया अब अदानी ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का अध्ययन कर रही है। इतना ही नहीं रएइक ने 'अदानी-होल्सिम डील' में इस्तेमाल एसपीवी का ब्योरा मांगा है। सेबी ने पिछले एक साल में अडाणी ग्रुप की ओर से की गई सभी डील्स की जांच तेज कर दी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, लिस्टेड स्पेस में अडाणी ग्रुप की ओर से जितने भी ट्रांजैक्शन हुए हैं, सेबी उन सभी ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है और जांच को पहले से तेज कर दिया है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के भाई की मौत

**पटना।** भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी चौबे के छोटे भाई निर्मल चौबे की मौत हो गई है। इस पर परिवार और उनके समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। परिवार का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से मौत हुई है। हंगामा कर रहे लोगों ने अस्पताल अधीक्षक असीम कुमार दास को घेर लिया। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। समझाने पर परिवार वाले नहीं माने। उनकी मांग पर दो डॉक्टरों को निलंबित कर दिया गया। निर्मल चौबे 65 वर्ष के थे। एयरफोर्स से रिटायर थे। शाम 4 बजे तबीयत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया था। परिवार के मुताबिक अचानक से उनकी तबीयत बिगड़ी, सांस लेने में तकलीफ हो रही थी, लेकिन आईसीयू में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। परिवार और उनके साथ आए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टर पर कार्रवाई के लिए अड़ गए। इस पर अस्पताल अधीक्षक ने डॉक्टर विनय कुमार और आदित्य वैद्य को सस्पेंड कर दिया। अस्पताल अधीक्षक ने माना कि आईसीयू में मौके पर डॉक्टर नहीं थे।



**मेडिकल कॉलेज में परिवार ने किया हंगामा, लापरवाही बरतने पर 2 डॉक्टर निलंबित**







# डीयू में बीबीसी डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग से पहले बवाल

## प्रदर्शनकारी छात्र पुलिस हिरासत में, धारा 144 लागू

**नई दिल्ली।** गुजरात के 2002 दंगों पर बनी बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर विवाद अब गहराता जा रहा है। इसे लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने पहले ही दिल्ली पुलिस को खत लिखकर उचित कार्रवाई की बात कही है। इससे पहले वृत्तचित्र के प्रदर्शन को लेकर पिछले दिनों जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी हंगामा हो चुका है।

बीबीसी डॉक्यूमेंट्री का विवाद जेएनयू व जामिया से चलकर दिल्ली यूनिवर्सिटी पहुंच गया है। एनएसयूआई केरला द्वारा आर्ट फैकल्टी में शुक्रवार को स्क्रीनिंग के लिए 4:00 बजे का समय दिया था। लेकिन इसका आयोजन नहीं हो सका। कोई विवाद ना हो इसलिए गेट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने धारा 144 भी लगा दी है। वहीं प्रदर्शन कर रहे छात्रों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर यूनिवर्सिटी से शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री के स्क्रीनिंग की बात सामने आई है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने वहां की बिजली ही काट दी है। इसके चलते छात्र पहले से ही डाउनलोड की हुई डॉक्यूमेंट्री अपने फोन और लैपटॉप पर देख रहे हैं। इसके अलावा एबीवीपी छात्रों ने विरोध में तोड़फोड़ की। गौरतलब है कि 24 जनवरी को पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग के बाद इसके पूरे देश के विश्वविद्यालयों में इसके स्क्रीनिंग की बात कही थी। इसी को देखते हुए एहतियात के तौर पर डीयू की प्रॉक्टर रजनी अब्बी ने दिल्ली पुलिस को इस संबंध में पत्र लिखा है।

**विवाद**

**दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित अंबेडकर यूनिवर्सिटी से शुक्रवार को डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की बात सामने आई**

**बिजली कट होने से छात्रों ने फोन और लैपटॉप पर देखा**



### कैप्टन अमरिंदर हो सकते हैं महाराष्ट्र के अगले गवर्नर



**नई दिल्ली।** पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह महाराष्ट्र के अगले गवर्नर बन सकते हैं। कयास लगाए जा रहे हैं भाजपा की टॉप लीडरशिप में इसको लेकर सहमति बन गई है। कैप्टन को नया रोल सौंपने की चर्चा इसलिए भी गर्म है, क्योंकि कैप्टन के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अच्छे संबंध हैं। वहीं, भाजपा अमरिंदर को 83 मेंबर वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी में पहले ही शामिल कर चुकी है। कैप्टन को गवर्नर बनाए जाने के बारे में पूछने पर पंजाब भाजपा के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि उन्हें इस बारे में अभी कुछ पता नहीं है। इधर, कैप्टन की नई भूमिका पर चर्चा तब तेज हुई, जब गृह मंत्री अमित शाह ने 29 जनवरी की पटियाला रैली रद्द कर दी। इस रैली से पंजाब में भाजपा का लोकसभा चुनाव कैंपेन शुरू होने वाला था। रैली की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं और इसकी कमान कैप्टन को ही सौंपी गई थी। महाराष्ट्र के मौजूदा गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी पिछले कुछ समय से विवादों में हैं। पिछले हफ्ते उन्होंने कहा था कि वे प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान पद छोड़ने की इच्छा जता चुके हैं। इसके बाद महाराष्ट्र में नए राज्यपाल की नियुक्ति तय मानी जा रही है। आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन अमरिंदर अपनी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय कर चुके हैं।

# छात्रों को पीएम मोदी ने दी टिप्स

## टाइम मैनेजमेंट, अनुशासन और तनाव पर छात्रों से संवाद



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा कि वे जीवन में कभी भी शॉर्टकट का रास्ता ना अपनाएं। उन्होंने नकल के प्रति भी छात्रों को आगाह किया और कहा कि इससे उन्हें अल्पकालिक लाभ तो हो सकता है लेकिन दीर्घकालिक नुकसान ही होगा। राजधानी स्थित तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा वार्षिक संवाद के छठे संस्करण के दौरान छात्रों से संवाद में मोदी ने कहा कि छात्रों को अपने काम पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करनी चाहिए।

बता दें कि परीक्षा पे चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से संवाद करते हैं. इस कार्यक्रम में पीएम तनाव और परीक्षा से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करते हैं। पीएम मोदी ने छठे संस्करण के दौरान छात्रों द्वारा कैलकुलेटर, मोबाइल जैसे तमाम गैजेट्स के अधिक इस्तेमाल पर चिंता व्यक्त किया और कहा कि छात्रों को अपनी बुद्धिमत्ता पर भरोसा करना चाहिए ना कि अपने मोबाइल फोन पर। प्रधानमंत्री ने छात्रो को टेक्नोलॉजी से विचलित न होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बातचीत के लिए जब आप मोबाइल फोन का उपयोग करें तो इसके लिए एक अलग समय तय करें।

प्रधानमंत्री ने परीक्षाओं में अनुचित प्रथाओं के उपयोग के खिलाफ भी दृढ़ता से बात की और छात्रों को सलाह दी कि वे इस बात पर गर्व न करें कि तनाव से बचने के लिए उनकी परीक्षा कितनी अच्छी रही। उन्होंने कहा कि नकल से किसी को एक या दो परीक्षा में तो मदद मिल सकती है लेकिन लंबे समय में जीवन में नहीं। शॉर्टकट कभी भी न अपनाने की सलाह देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि छात्रों द्वारा की गई कड़ी मेहनत ही उन्हें जीवन में आगे बढ़ने में हमेशा मदद करेगी। छात्रों को कई बार उन पर पड़ रहे दबाव का विश्लेषण करना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि कहीं वे अपनी ताकत को कम तो नहीं आंक रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि परिवार के सदस्यों की अपेक्षाएं होना स्वाभाविक है लेकिन अगर वह समाज में दिखावे के लिए ऐसा करते हैं तो गलत है। उन्होंने कहा कि तनाव के कारणों में से एक यह है कि हमने अपनी परीक्षा में कितना अच्छा प्रदर्शन किया, इस बारे में शेखी बघारने लगते हैं।

**संदेश**

**तालकटोरा स्टेडियम में परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम ने कहा परीक्षा में कभी न अपनाएं शॉर्टकट**

### डीजीसीए ने गो फर्स्ट एयरलाइंस पर लगाया दस लाख रुपये जुर्माना

**नई दिल्ली।** डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने गो फर्स्ट एयरलाइन पर 10 लाख जुर्माना लगाया है। दरअसल, 9 जनवरी को गो फर्स्ट की फ्लाइट 55 यात्रियों को बेंगलुरु एयरपोर्ट पर छोड़कर दिल्ली के लिए उड़ गई थी। जांच में पाया गया कि कम्युनिकेशन में हुई दिक्कत की वजह से यह गड़बड़ी हुई। इस घटना के बाद कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जताई थी। यात्रियों का कहना था कि बेंगलुरु में केम्पेगौडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास लेकर यात्री बस में सवार हो गए थे। बस विमान तक पहुंची भी, लेकिन यात्रियों को इसमें नहीं बैठाया गया और विमान उन्हें छोड़कर ही उड़ गया। एयरपोर्ट पर 55 पैसेंजर्स को छोड़कर रवाना होने की घटना में गो फर्स्ट ने बाद में डैमेज कंट्रोल की कोशिश की थी। उसने इन यात्रियों से माफी मांगी थी, साथ ही घरेलू उड़ान में एक फ्री टिकट का ऑफर दिया था। इसे वे 12 महीने में कभी भी इस्तेमाल कर सकेंगे। गो फर्स्ट ने इस घटना में शामिल पूरे स्टाफ को जांच पूरी होने तक ड्यूटी से हटा दिया था।

# राहुल के सुरक्षा घेरे में घुसे लोग

## यात्रा कैंसिल की, पुलिस ने किया इनकार

**आरोप**

**प्रेस वार्ता कर बोले राहुल गांधी सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई**

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के काजीगुंड में एंट्री के सिर्फ एक किलोमीटर बाद ही राहुल गांधी की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई। यहां राहुल के सुरक्षा घेरे में कई लोग घुस आए थे। इसके बाद पुलिस राहुल गांधी और उमर अब्दुल्ला को गाड़ी में बैठाकर अनंतनाग ले गई। अनंतनाग में राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- आज यात्रा के दौरान पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो गई। टनल से निकलने के बाद पुलिसकर्मी नहीं दिखे। मेरे सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि हम और नहीं चल सकते। मुझे अपनी यात्रा रोकनी पड़ी। बाकी लोग यात्रा कर रहे थे। राहुल ने कहा- भीड़ को काबू करना प्रशासन की जिम्मेदारी है, ताकि हम यात्रा कर सकते। मेरी सुरक्षा में लगे लोगों की सलाह को दरकिनार करना मेरे लिए मुश्किल था। इधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ट्वीट किया- भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जम्मू-कश्मीर में राहुल गांधी की सुरक्षा में चूक परेशान करने वाली है। भारत पहले ही दो पीएम और कई नेताओं को खो चुके है। राहुल गांधी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने नाराजगी जताई। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर निशाना साधा। कश्मीर पुलिस ने कांग्रेस के आरोप को गलत बताया है। यात्रा की हिफाजत के लिए फुलप्रूफ इंतजाम किए गए हैं। विभिन्न तरह के सुरक्षा इंतजामों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 15 कंपनियां, यानी लगभग 1500 जवान तैनात हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस की भी 10 कंपनियां, यात्रा की सुरक्षा में लगी हैं। अब बीजेपी ने इस मसले पर राहुल गांधी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा है कि यात्रा को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए ये आरोप लगाए जा रहे हैं। बीजेपी ने साथ ही कहा कि इस तरह के आरोपों से सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल टूटता है।





# चोरों ने नकदी सहित डेढ़ लाख रुपये के गहनों पर किया हाथ साफ



**सरकी।** केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के सरकी चौकी अंतर्गत सुरतपुर प लिया गांव में बीती रात चोरी हो गई। चोर गांव के लालजी यादव के घर से तीन बक्सा उठा ले गए जिसमें दो हजार रुपए नकद और अनेक सोने चांदी के जेवर थे। सबेरे घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में टूटा बक्सा और कुछ कपड़े पड़े मिले।

जानकारी के अनुसार चोर घर के पीछे से छत के रास्ते आंगन में उतर गए और एक कमरे में सो रहे उनके बेटे के कमरे की बाहर से कुण्डी लगाकर बंद कर दिया। बगल के कमरे से तीन बॉक्स उठा ले गए। लालजी ने बताया कि बॉक्स में उनकी पत्नी और बहुओं के सोने के चांदी के जेवर थे। लालजी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी सबेरे हुई। सूचना पर केराकत कोतवाली और सरकी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल किया। घर से करीब 5 सौ मीटर दूर एक गन्ने के खेत में तीनों बॉक्स टूटे पड़े मिले। चोर गहने और नकदी ले गए जबकि कपड़े और आधार कार्ड आदि कागज छोड़ गए। लालजी की बहू मंजू यादव ने अज्ञात के खिलाफ तहरीर दी है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में आये दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नागरिकों में रोष है। लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त नहीं करती है। यदि करती तो चोरियां नहीं होतीं।

# रीतिक प्रथम, रिंशु द्वितीय, आदित्य और आंचल को तृतीय पुरस्कार

**आयोजन**

वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

विभिन्न विभागों से 20 छात्र एबेसडर मनोनीत किये गए



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय संकाय भवन के कान्फ्रेंस हाल में शुक्रवार को जी-20 के संबंध में एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय था स्वास्थ्य पर्यावरण एवं आत्मनिर्भर भारत। इस अवसर पर रीतिक पांडेय प्रथम, रिंशु सिंह द्वितीय और आदित्य और आंचल सिंह को तृतीय पुरस्कार मिला।

इस अवसर पर जी-20 की नोडल अधिकारी डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग का प्रमुख मंच है। यह सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और अधिशासन निर्धारित करने तथा उसे मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए 20 छात्र अंबेसेडर मनोनीत किए गए। छात्र उद्देश्य सिंह ने विषय प्रवर्तन किया। इस अवसर पर अंबेसेडर डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि दुनिया में भारत आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से ताकतवर हुआ है। इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। जी-20 का उद्देश्य एक भारत श्रेष्ठ भारत है। आने वाले अतिथियों को हम अपने अच्छे होने का परिचय दें। अंबेसेडर डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन प्रतिवर्ष एक क्रमिक अध्यक्षता में आयोजित किया जाता है। शुरूआत में जी-20 व्यापक आर्थिक मुद्दों पर केंद्रित था, परंतु बाद में इसके एजेंडे में विस्तार करते हुए इसमें अन्य बातों के साथ व्यापार, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और भ्रष्टाचार-विरोध शामिल किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में जज के रूप में डॉक्टर रसिकेश और डॉक्टर अनु त्यागी थी। संचालन हिदायत फात्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अशोक पांडेय, किशन जायसवाल, रिद्धि दूबे, सृष्टि विश्वकर्मा, महक सोनी, आदित्य जायसवाल अभय शिवांगी मिश्रा आदि ने प्रतिभाग किया।

## पीयू में रज्जू भैया की जयंती पर कार्यक्रम 28 को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में 28 जनवरी को राजेंद्र सिंह रज्जू भैया जीवन व दर्शन पर व्याख्यानमाला-5 का आयोजन किया गया है। यह व्याख्यानमाला राजेंद्र सिंह रज्जू भैया की जयंती के अवसर पर आयोजित की गई है। इसके मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य प्रो. आरएन त्रिपाठी और मुख्य वक्ता केबीपी कॉलेज के इतिहास विभाग के डॉक्टर कुलदीप पांडेय होंगे। इसकी अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रोफेसर देवराज सिंह करेंगे।

# वेंडरों को सम्मानित कर दिया गया प्रमाण-पत्र



वेन्डर को सम्मानित करते ईओ

**बदलापुर।** मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा वेन्डर संदीप कुमार गुप्ता को सम्मानित करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया।

वहीं वेन्डर द्वारा बताया गया कि इस योजना से हम सभी को पारिवारिक जीवन में बेहतर जीवन शैली के साथ रोजगार मिला है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा सफाई मित्रों को ट्रैक सूट इत्यादि वितरण करने के साथ इंदिरा चौक के पास बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था कराते हुए पौधरोपण किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा आमजन से अपील की कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग न करें और न करने दें। नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग करें। इस मौके पर कार्यालय के कर्मचारी प्रवेश कुमार सिंह, जितेंद्र, विकास, राजकुमार तथा सफाई मित्र आदि उपस्थित रहे।

# ऑटो रिक्शा ने साइकिल में मारी टक्कर, दो छात्रों की मौत



छात्रों की मौत के बाद विलाप करते परिजन

**गभिरन।** गुलालपुर ब्रजेश इंटरमीडिएट कॉलेज के समीप खुटहन-जौनपुर मार्ग पर गुरुवार को ऑटो की टक्कर से साइकिल सवार दो छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शामिल होकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में हादसा हो गया। दोनों छात्रों की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों में चीख-पुकार मच गई।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पोटरिया गांव निवासी मोहम्मद हसन इंटरमीडिएट कॉलेज में परिचारक पद पर कार्यरत विद्वान गौतम का 20 वर्षीय पुत्र विपुल गौतम, शंकर गौतम का बेटा 21 वर्षीय विनय ब्रजेश इंटरमीडिएट कॉलेज गुलालपुर में पढ़ते थे। दोनों छात्र कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वापस घर साइकिल से लौट रहे थे। तभी खुटहन-जौनपुर मार्ग पर एक तेज रफ्तार ऑटो रिक्शा ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन घायल छात्रों को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया। दोनों युवकों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रोना-बिलखना देख ग्रामीणों की आंखें भर आईं। गांव का माहौल भी गमगीन हो गया।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**गभिरन।** खुटहन थाना पुलिस ने दुराचार के मुकदमे में वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थाने के एसआइ विनोद कुमार यादव व उनके हमराहियों ने युवती के अपहरण, दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी के आरोपित धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम शेरापट्टी को गुरुवार को मिले सुराग पर बनुआडीह तिराहा के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# जंगली सूअर के हमले से किसान की मौत

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के घनश्यामपुर पुलिस चौकी के अन्तर्गत आने वाले दुधौड़ा ग्राम पंचायत में जंगली सूअर के हमले से एक किसान की अस्पताल पहुंचते मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक उक्त ग्राम पंचायत निवासी राम यादव के 41 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव अपने घर के बगल खेत में फसल देखने गए थे। इसी दौरान सरसों के खेत से अचानक एक जंगली सूअर निकला और राजकुमार के सीने पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा सुनकर स्वजन दौड़े तब वह उन्हें छोड़कर भाग निकला। आनन-फानन में उन्हें लेकर बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे कि रास्ते में ही राजकुमार यादव की मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटे हुए है।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**जौनपुर।** नगर के मखदूम शाह अढ़न स्थित आर.एल. चिल्ड्रेन जू. हा. स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण किया। स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रधानाचार्य मधू सिंह ने ध्वजारोहण कर छात्रों को देश की आजादी और महापुरूषों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान, विभिन्न वेशभूषा से सुसज्जित बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्कूल से अध्यापकों ने अपने विचारों को व्यक्त किया। उक्त अवसर पर गरिमा चौरसिया, अजय सिंह, आफरीन मंसूरी, फरक जहरा, लीला तिवारी, चंचल, शिल्पी सोनी, फजीला सहित आदि लोग उपस्थित रहें।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर किया गया ध्वजारोहण

**चंदवक।** क्षेत्र के श्री गणेश राय पीजी व इंटर कॉलेज डोभी में सचिव/प्रबन्धक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह, आचार्य बलदेव ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट कोपा में प्रबंधक अनिल कुमार यादव मैनेजमेंट गुरु, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य घनश्याम सिंह, क्षेत्र पंचायत डोभी में प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह व खंड विकास अधिकारी डॉ. छोटेलाल तिवारी, भारतीय इंटरमीडिएट कॉलेज विशुनपुर में प्रबंधक अरविंद सिंह सोनू, सुमित्रा शिक्षा संस्था में प्रबंधक अनुपम सिंह, प्राथमिक विद्यालय चंदवक में आलोक सिंह, मां दुर्गा गर्ल डिग्री कॉलेज मूर्खा में प्रबंधक दयाशंकर सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया।

## संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी, प्रस्तुत किया ताइक्वांडो कार्यक्रम



**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के भलुआही में स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के छात्र -छात्राओं द्वारा 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल परिसर में ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गयी। इसके बाद बिभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने के दौरान ढोल नगाड़े की धुन पर स्कूल से प्रभातफेरी निकालकर इंदिरा चौक पहुंचे। इस दौरान उक्त स्कूल के प्रबंधन डॉ. थामस जोसेफ और प्रिंसिपल फादर स्टालिन के द्वारा इंदिरा गांधी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा इंदिरा चौक के समीप ताइक्वांडो सम्बंधित विभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर डायरेक्टर वल सम्मा वर्की, वाइस प्रिंसिपल संजय यादव, अध्यापक नजरुलबारी, संदीप सिंह, राम सागर यादव, संजय सिंह, धर्मेंद्र यादव, संतोष कुमार, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### संस्कार भारती ने आयोजित किया आराधना दिवस पर भारत माता पूजन

**शाहगंज।** संस्कार भारती द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पुराना चौक में संस्थापक पदम श्री बाबा के 100वें जन्मदिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन में बच्चों द्वारा भारत माता की भव्य आरती की गयी। आनंद जी प्रेमी द्वारा शंखनाद बाद स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया गया। स्व. मिठाई लाल गुप्त, स्व. मिट्ठू लाल अग्रहरी, स्वर्गीय छेदीलाल अग्रहरी, स्व. अभय राम गुप्त, स्व. संत वक्स साव आदि स्वतंत्रता सेनानियों का जीवन परिचय कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक अग्रहरी, विशिष्ट अतिथि अजेंद्र अग्रहरी एवं विनय रहे। अध्यक्षता सरस्वती शिशु मन्दिर प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश पाण्डेय, कार्यक्रम संयोजक सिम प्रकाश अग्रहरि सिंपू रहे। संचालन वीरेंद्र योगी ने किया। अंत में संस्था के अध्यक्ष अमित जायसवाल ने आभार प्रकट गया। कार्यक्रम में हनुमान अग्रहरि, सुनील अग्रहरि टप्पू, मुकेश जायसवाल, शिव शंकर जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल, राम अवतार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

### यातायात माह के अंतर्गत छात्रों को दिलाई गई शपथ



**गौराबादशाहपुर।** पिलखीनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को एक रैली निकालकर लोगों से वाहन प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानी तथा यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। इसके पूर्व महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे थाना अध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने छात्र छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित कैसे चले इसके नियम बताए तथा यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। जिसमें हेलमेट तथा सीट बेल्ट का प्रयोग करना, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात ना करना तथा हमेशा वाहन को अपनी बाएं लेन में चलाना इत्यादि शामिल रहे। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य रूबी राय, संरक्षक राहुल सिंह, थाने के उपनिरीक्षक रमाशंकर पांडे इत्यादि उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**गभिरन।** खुटहन क्षेत्र के बिभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा फहराया गया। खुटहन चौराहे पर विधायक शाहगंज रमेश सिंह ने 70 फुट ऊँचा तिरंगा ध्वज फहराया। ब्लाक पर बीडीओ बीरभानु सिंह, सीएचसी पर डा. रोहित लाल, ग्राम विकास इंटर कालेज में संयुक्त रूप से प्रबंधक डा. रमेश यादव व प्रधानाचार्य डा. अरविन्द कुमार, आदर्श गोस्वामी संस्कृत माध्यमिक विद्यालय शहाबुद्दीनपुर पर प्रधानाचार्य कुसुम कली त्रिपाठी व टिकेयू पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य देवेश उपाध्याय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रुस्तमपुर प्रबंधक कृष्ण पांडे द्वारा, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल पट्टीनरेंद्रपुर द्वारा दो दर्जन से भूत पूर्व सैनिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शाहगंज रमेश सिंह व विशिष्ट अतिथि द्वय सेवा मुक्त प्रधानाचार्य रणजीत सिंह व सुइथा कला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. उमेश चन्द्र तिवारी रहे। बीआरसी पर बीईओ पंकज यादव व प्राथमिक विद्यालय पर सुशील यादव, पूर्वांचल एग्रो संस्थान पर प्रधान अरुण यादव ने तिरंगा फहराया। छात्रों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

### 12 किमी तिरंगा दौड़ लगा शहीद स्तंभ को किया नमन



**चंदवक।** क्षेत्र के युवाओं ने 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय विकास कल्याण समिति डोभी के तत्वावधान में 12 किमी लंबा तिरंगा दौड़ लगा सेनापुर स्थित शहीद स्तंभ को नमन किया। तिरंगा यात्रा दौड़ चंदवक स्थित गांधी पार्क से महात्मा गांधी की प्रतिमा को नमन करने के पश्चात सामाजिक कार्यकर्ता एवं समिति के संस्थापक अजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दर्जनों की संख्या में शामिल युवा हाथ में तिरंगा लिए दौड़ते हुए 12 किमी की दूरी तय कर काफिले के साथ पहुंच कर सेनापुर स्थित शहीद स्तंभ को नमन किया। इस यात्रा में पूर्व प्रमुख जय प्रकाश राम, सुजीत सिंह, डिम्पल सिंह, राहुल यादव, सोनू राजभर, श्यामवीर सहित अन्य लोग शामिल थे।

### गणतंत्र दिवस पर नवयुवकों ने निकाली प्रभात फेरी



**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के रामपुर बाजार में नवयुवकों ने पंकज यादव और डिम्पल यादव के नेतृत्व में तिरंगा के साथ प्रभात फेरी निकाली। प्रभात फेरी रामपुर बाजार से मुफ्तीगंज गांधी चबूतरा होते हुए गड़वारे बीर डीह बाबा होते हुए रामपुर चौराहे पर समाप्त हुई। प्रभात फेरी में नवयुवकों ने बंदे मातरम भारत माता की जय के नारे से पूरा बाजार गूंज गया। इस अवसर पर सिरताज शर्मा, राकेश चौहान, जलनिगम, सौरभ चौहान, विशाल चौहान, सूरज, शुभम यादव, कल्लू कुमार, बल्लू कुमार, लाला, रबि आदि लोगों ने तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली।

# धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस

**कार्यक्रम**

## राज्यमंत्री ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली, डीएम ने दिलायी शपथ

**जौनपुर।** जनपद में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में झंडारोहण किया गया और समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी द्वारा झंडारोहण के पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महापुरुषों के द्वारा दी गई कुर्बानियां के कारण ही देश आजाद हुआ और प्रगति के पथ पर दिन रात आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान ने देश के सभी व्यक्तियों को समान अधिकार दिया है, संविधान के प्रति हम सभी को श्रद्धा रखनी चाहिए और हम सभी की संविधान के प्रति आस्था होनी चाहिए। संविधान के बिना हमारा अस्तित्व नहीं है। संविधान हम सभी का पथ प्रदर्शक है। उन्होंने कहा कि हम सभी अपने कर्तव्यों पथ पर ईमानदारी से चलें और आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श बने, अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करे यही हमारे महापुरुषों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि शासन के द्वारा हम सभी को बड़ा लक्ष्य दिया गया है कि जनता की सेवा करना है, अगर सच्ची निष्ठा और लगन से हम कार्य करेंगे तो भारत का भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने कहाकि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सभी लोग उन महान विभूतियों को याद करें जिनकी कुबार्नी के कारण हमे आजादी मिली है। जनक कुमारी की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत किया गया। सभी छात्राओं को जिलाधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष त्रिपाठी ने किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम द्वारा विकास भवन ग्राउंड फ्लोर पर संघ भवन ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उ.प्र. कार्यालय का जीणोद्धार/सौन्दर्यकरण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी आर.डी. यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।





गणतंत्र दिवस पर शपथ दिलाते जिलाधिकारी मनीष वर्मा



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते राज्यमंत्री गिरीश यादव

गणतंत्र दिवस समारोह पर पुलिस लाइन में भव्य परेड का आयोजन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण विभाग गिरीश चन्द्र यादव, पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा परेड का निरीक्षण किया गया। राज्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन शहीदों को नमन करते है। गणतन्त्र दिवस भारत का एक राष्ट्रीय पर्व है। वर्ष 2023 में भारत का 74वां गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है। एक स्वतन्त्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवम्बर, 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे संविधान को अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। इस अवसर पर महिला पुलिस, बाइक दस्ता, स्क्वायड दस्ता, क्राइम ब्रांच दस्ता, आर्म्ड पुलिस के दस्ते परेड में शामिल रहे। इसके अलावा अग्निशमन विभाग तथा पुलिस लाइन के स्कूली बच्चों ने भी परेड में विशेष प्रदर्शन किया। परेड के बाद पुलिस लाइन में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## गणतंत्र दिवस पर निकली सुंदर झांकियां

**नेवढ़िया।** टीएनएस ड्रीमलैण्ड एकेडमी के स्कूली बच्चों ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर सुंदर झांकियां निकाली जिसमें पहले मार्शल आर्ट के बच्चों ने सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया और लोगों को जागरूक किया। दूसरे में भारत माता और कमांडो की झांकी थी। तीसरी में हमारे देश के फ्रीडम फाइटर की झांकी थी। चौथी झांकी में अलग अलग राज्य के परिधानों को प्रदर्शित किया गया। पांचवी में हमारे देश की तीनों सेनाओं को प्रदर्शित किया गया। छठवीं झांकी में मिसाइल को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान टीएनएस ड्रीमलैण्ड एकेडमी के एमडी त्रिभुवननाथ सिंह, प्रधानाचार्य दिलीप रघुवंशी और शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें सौरभ श्रीवास्तव, विनय सिंह, शिव पांडेय, सुनील पटेल, उर्मिला प्रसाद, अर्चना श्रीवास्तव, रिंकू पटेल, आकांक्षा मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस



कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी चोब सिंह कोतवाल सदानंद राय सलामी लेते हुए

**शाहगंज।** सरकारी अर्द्ध सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों पर ध्वजारोहण किया गया। गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी अंकित कुमार ने झंडारोहण किया। कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकारी चोब सिंह ने ध्वजारोहरण किया। इसी क्रम में नगर पालिका परिषर में अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अधीक्षक डा. रफीक अहमद, आरपीएफ पोस्ट पर प्रभारी निरीक्षक अनुप सिंहा, बसंती देवी आईटीआई में अध्यक्ष डा. राज कुमार मिश्र, ज्ञाना इंटरनेशनल प्ले स्कूल पर प्रधानाचार्या डा. अनामिका मिश्रा ने झण्डारोहण किया। आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। वहीं अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कालेज में मिर्जा अनवर बेग चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में पतंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह रहे जिसमें क्रमशः साहिल, फरहान अहमद, अस्खान विजेता रहे। फरीदुल हक मेमोरियल डिग्री कालेज में प्राचार्य डा. तवरेज आलम, सर सैयद अहमद इंटर कालेज में प्रधानाध्यापक शाहीद नईम, मिर्जा अनवर बेग इंटर कालेज में प्रधानाध्यापक नौशाद अहमद खान, अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कालेज में मिर्जा अजफर बेग, न्यू देलही पब्लिक स्कूल में प्रबंधक कहकशां खान, कम्पोजिट विद्यालय सबरहद में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक प्रधानाध्यापक अशोक कुमार व ग्राम प्रधान मुकेश राजभर, कम्पोजिट विद्यालय नटौली में अखिलेश चन्द्र मिश्र ने झंडारोहण किया। अनीता हॉस्पिटल एंड लैप्रोस्कोपिक सेंटर पर भाजपा नेता अनीता रावत, बाल शिक्षा निकेतन पर प्रबंधक विशाल साहू, ज्योत्सना भवन पर डा. एसएल गुप्ता, लायंस क्लब द्वारा शाहगंज पैलेस पर अध्यक्ष मो. अब्बास, व्यापार मंडल द्वारा अनिल मोदनवाल ने स्वामी विवेकानंद तिराहे पर विद्या चाइल्ड केयर हास्पिटल पर डा. देवी प्रसाद पुष्पजीवी, सबरहद गांव में पूर्व प्रधान राशिद व नदीम, गांधी नगर कलक्टरगज फड़ पर वीरेंद्र सिंह बंटी व रुपेश जायसवाल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर पर प्रधानाध्यापक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, सेन्ट जेवियर्स स्कूल पर डायरेक्टर हिमांशु झा, कृषि उत्पादन मंडी समिति में सचिव गुलाब सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**गौराबादशाहपुर।** क्षेत्र के विद्यालयों में बड़ी धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। थाने पर थाना अध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने ध्वज फहराया तो ग्रामोदय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य विनोद राय ने तिरंगा झंडा फहराया। मदरसा रफीकुल इस्लाम में प्रधानाचार्य राहिल ने झंडारोहण किया। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य कमलेश ने तथा प्रसाद बालिका इंटर कॉलेज में पूर्व प्रधान नवीन साहू ने झंडारोहण किया। सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में डॉ. अरविंद सिंह ने झंडारोहण किया। बीडी इंटर कॉलेज गोविंदपुर मनिहा में प्रधानाचार्य अजय सिंह ने झंडारोहण किया। आसपास के क्षेत्र के आम जन ने भी अपने-अपने आवास हंसा प्रसिद्ध प्रतिष्ठानों पर तिरंगा झंडा फहराया तथा आपस में मिठाइयां भी बांटी।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2000 अनुक्रमांक 1764369 का प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। मनीष सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह ग्राम व पोस्ट-असवरनपुर, जिला-जौनपुर।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है**-स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्रभुनारायण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय कासिमाबाद गाजीपुर में बी.एड. विभागाध्यक्ष व 6 प्रवक्ताओं की। योग्यता यू.जी.सी. अधिनियम 31 दिसम्बर 2010/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी 21 दिनों के अंदर अपना आवेदन 2 प्रतियों में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें।
**प्रबंधक 8960411131**

# 74वें गणतंत्र दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

## बसंत पंचमी पर सिटी पब्लिक स्कूल में हुआ सरस्वती पूजन

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद ईओ मीनाक्षी चतुर्वेदी, थाना परिसर में थाना प्रभारी विवेक तिवारी तथा विकासखंड कार्यालय पर ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह (फंटू) ने ध्वजारोहण किया और आजादी के वीर सपूतों के चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इसी क्रम में प्रो. रामनाथ पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रकाश पांडेय ने ध्वजारोहण किया। सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज कटरा में डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम तथा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पूर्व में विद्यालय के डायरेक्टर आलोक कुमार गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी पूजा गुप्ता ने संयुक्त रूप से बसंत पंचमी के उपलक्ष में मां सरस्वती का पूजन अर्चन किया। विद्यालय के अध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता का महत्व बताया। इसी क्रम में जंघई रोड स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विशंभर दुबे, आदर्श बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ रोड में प्रबंधक उमाकांत केसरी, केडी पब्लिक स्कूल सराय रुस्तम में प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद, शुभाकृति कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर उमाशंकर गुप्ता, तारा सरिया औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया में मैनेजर दिलीप कुटिया, अपराधियों थाना कमेटी के अध्यक्ष विक्की गुप्ता, राधेश्याम पैलेस के डायरेक्टर डॉ. सौरभ पांडेय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, शिवम मैरिज हाल के डायरेक्टर विजेंदर जायसवाल, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विनय सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य राजीव केसरी, सर्वजनिक पीजी कॉलेज के डायरेक्टर उदय सिंह व द्विवेदी पैराडाइज के प्रबंधक प्रभाकर द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर आन, बान व शान से फहराया गया तिंरगा



**खेतासराय।** पूरे भारत में गुरुवार को बड़े धूमधाम से 74वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इसी क्रम में स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्थित विभिन्न सरकारी भवनों विभिन्न संस्थाओं में आन, बान व शान के साथ तिंरगा फहराया गया वहीं शिक्षण संस्थानों में भी हर्षोल्लास के साथ झण्डा फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्र स्थित सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली में प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय, नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल खेतासराय में अधिशासी अधिकारी रविन्द्र प्रताप सिंह, खेतासराय थाना में थानाध्यक्ष यजुवेंद्र कुमार सिंह, अब्दुल अजीज अंसारी डिग्री कॉलेज में प्रबंधक कहकशां खान आदर्श भारती महाविद्यालय में प्राचार्य विनय सिंह, सोंधी ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर चिकित्साप्रभारी डॉक्टर रमेश चंद्रा ने झण्डा फहराया जेडी कान्वेंट स्कूल में उपनिरीक्षक महंगू यादव ने झंडा फहराया इसके उपरांत इस देश के लिए कुर्बानी देने वाले अमर शहीदों को याद किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉक्टर मसूद खान, अखिलेश चन्द्र मिश्र, श्यामजीत पाण्डेय, दिनेश कुमार गुप्ता, कैप्टन राजेश यादव, विनोद मिश्रा, रेखा यादव, मनीष कुमार गुप्ता, जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में धूम-धाम से फहराया गया तिरंगा

**नगरा।** राष्ट्रीय महापर्व 74वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र में सरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थानों में तिरंगा ध्वजारोहण कर विभिन्न मनमोहन कार्यक्रम करके धूम-धाम से मनाया गया। स्कूल-विद्यालयों के छात्रों द्वारा देश भक्ति पर झाकियों के साथ प्रभात फेरी निकालर उमंग जज्बा के साथ भारत माता के नारे लगाते हुए बाजार भ्रमण किये गये। नेशनल कानवेन्ट स्कूल में प्रबन्धक मु. यूनुस, यूनियन बैंक पर कैशियर निजामुद्दीन अंसारी, नगर पंचायत पर वरिष्ठ लिपिक रवीश शर्मा, थानाध्यक्ष परिसर में थानाध्यक्ष वृजेश सिंह, प्रा. स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रभारी राहुल सिंह, सेन्ट्रल बैंक शाखा पर फिल्ड आफिसर अब्बास अंसारी, सेंट्रल बैंक मिनी शाखा प्रमोद गुप्ता, प्रा. विद्यालय देवढिया प्रधानाचार्य परशुराम तिवारी, विद्युत उप केन्द्र पर अवर अभियन्ता तार किशोर यादव, ग्राम पंचायत जितना पर प्रधान विभा वर्मा, प्रा0 विद्यालय ब्राह्मणपुरा पर समाजसेवी अरविन्द गुप्ता, जनता इण्टर कालेज पर प्रधानाचार्य डा0 उमेश चन्द पाण्डेय, प्रा. विद्यालय ध. 1 पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रामप्रताप सिंह, विकास खण्ड कार्यालय पर विनय वर्मा, मिडिल स्कूल पर प्रधानाचार्य दयाशंकर, पालचन्द्रहा पंचायत भवन पर प्रधान छोटेलाल, सेन्ट जान्स कानवेन्ट स्कूल प्रधानाचार्य जगन्नाथ पात्रा, नरहेजी पीजी कालेज पर प्राचार्य सुशीला सिंह, सुभावती देवी संस्थान प्रबन्धक योगेन्द्र यादव, जय प्रकाश महिला महाविद्यालय पर प्रबन्धक अमरेन्द्र बाबू ने झण्डा रोहण करके मिष्ठान वितरण किया।




# नवगठित नगर पंचायत के मतदाताओं में नयी उमंग

**बलिया।** आजादी के 75 वर्ष बाद भी ऐसे क्षेत्र में विकास से पीछे रहना अपने आप नगर का पिछड़ापन रहा। गणतन्त्र के 74वें वर्ष में विकास के पथ पर अग्रसर होगा नगर पंचायत नगरा पहली बार चेयरमैन चुनेंगे मतदाता, योगी सरकार को मिल रही बधाई...।

विकास में पिछड़ा क्षेत्र के 20 हजार आबादी वाले बहुप्रतीक्षित नगरा के दशकों बाद नगर पंचायत होने से दौड़ती विकास से लोग रुबरु होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। नगर पंचायत में पहली बार चेयरमैन का चुनाव होना है यहाँ के लोग अपनी मूलभूत जरुरत के लिए प्रतिक्षा में लगे है कि किस तरह



रचनात्मक सुसज्जित विकास हो और नगर पंचायत नगरा भी आदर्श कायम कर सके।

## 30 व 31 को रहेगी हड़ताल

**रेवती।** सेंट्रल बैंक स्टाफ एसोसिएशन देवरिया इकाई के क्षेत्रीय मंत्री गोपाल सिंह ने बताया कि 30 एवं 31 जनवरी को समस्त बैंक शाखाओं में हड़ताल रहेगा। इसमें बैंक एसोसिएशन के सारे यूनियन भाग ले रहे है।

## 15 उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** विद्युत उप केन्द्र बैरिया पर तैनात अवर अभियन्ता देहात विनोद भारद्वाज एवं अवर अभियन्ता टाउन सुनील पाल की संयुक्त टीम ने टोला बाज राय व चाचा टोला निवासी 15 लोगों के खिलाफ बिजली बिल का बकाया होने पर मुकदमा दर्ज कराया हैं। उक्त सभी उपभोक्ताओं पर 10 हजार से अधिक रुपये का बिजली का बिल बकाया था। अवर अभियंता विनोद भारद्वाज ने बताया कि जिन लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया हैं, उनमें हरिहर सिंह, हृदया नन्द सिंह, पारस नाथ सिंह, अखिलेश सिंह, पूनम सिंह, चन्द्रहास सिंह, विजय सिंह, चन्द्रमा सिंह, सीमा सिंह, रबिन्द्र सिंह, लक्षमण सिंह, लल्लन सिंह, मनोज सिंह, अभिषेक तिवारी शामिल हैं। बिजली विभाग द्वारा अभी तक 100 से अधिक ऐसे बिजली बकायेदारों पर मुकदमा दर्ज कराया जा चुका हैं, जिनका 10 हजार रुपये से अधिक का बिजली बिल बकाया हैं।




































**जयंती पर**

# संस्कृति के उद्गाता पं विद्यानिवास मिश्र



विद्यानिवास मिश्र जी को सबसे पहले उनके निबंध संग्रह 'छितवन की छांह' से जाना। गोरखपुर से पाणिनि की व्याकरण पर शोध करने के बाद वाशिंगटन अमेरिका तक उनकी ज्ञान मीमांसा की परंपरा दिखाई पड़ती है। उन्होंने महापंडित राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में शब्दकोश पर भी कार्य किया था। वाराणसी में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के प्राध्यापक और उपकुलपति भी रहे। अपनी संस्कृत और हिन्दी की अनन्य साहित्यिक सेवाओं के लिए पद्मभूषण से सम्मानित भी किये गए। निबंधों के अलावा अवधी, भोजपुरी वाचिक कविता के संचयन के लिए भी आपको याद किया जाता है। साहित्य अकादमी की महत्तर सदस्यता से भी आपको विभूषित किया गया। आपको ललित निबंधों के अलावा हिन्दी साहित्य के सरोकार , हिन्दी भाषा उसकी प्रयोगधर्मिता तथा पत्रकारिता में उनके अवदान के लिए याद किया जाता है। 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है', 'रहिमन पानी राखिये' 'फागुन दुइ रे दिना,' 'भ्रमरानंद का पचड़ा' आदि उनके बहु चर्चित निबंध संग्रह हैं।

संस्कृति के उद्गाता के रूप में विख्यात साहित्यकार पंडित विद्यानिवास मिश्र जी को सुनना अपने आप में ज्ञान गंगा में अवगाहन करने से कम न था। जब मैं सन 1982 में सरस्वती विद्यामंदिर निराला नगर लखनऊ में आचार्य के पद पर नियुक्त हुआ तो उन्हीं दिनों एक बार मिश्र जी वहां पधारे थे। विद्यालय की परंपरा थी कि जब कोई विद्वान वहां आता था तो उनसे शिक्षकों के लिए थोड़ा समय माँगा जाता था। पंडित जी का नाम पहले से ही सुन रखा था उनके निबन्ध भी पढ़ चुका था। उसदिन सौभाग्यवश उनके दर्शन लाभ का अवसर था। विद्यालय की ओर से उनका स्वागत किया गया और इस आयोजन के कार्यक्रम का संचालन भी मुझे ही सौंप दिया गया था। मैंने पुस्तकालय से उनके बारे में जाकर कुछ संक्षिप्त जानकारी एकत्र की और संचालन के लिए अपने को तैयार किया। लेकिन मुझे अधिक परिश्रम नही करना पड़ा थोड़ी सी तैयारी से ही औपचारिक संचालन संबोधन आदि की प्रक्रिया पूरी हो गयी। स्वागत गान के लिए बच्चों की टीम थी उन्होंने सुंदर समूह गान प्रस्तुत किया था।

अब बारी थी उनके व्याख्यान की तो उन्होंने शिक्षकों से कहा - आज मैं चाहता हूँ कि आप लोग मेरे लिए विषय तय कीजिए। आप जो विषय देंगे मैं उसी विषय पर बोलूंगा। थोड़ी देर तक सभी मौन रहे, एक सन्नाटा सा छा गया पंडित जी को भला विषय कौन देता ? जब कहीं से किसी विषय का सुझाव नहीं आया तो उन्होंने सामने बैठे एक छात्र से पूछा - 'आप का क्या नाम है ?' उसने कहा- मनीष। अतिसुन्दर तो मनीष जी आज आप बताएं कि मैं किस विषय पर व्याख्यान दूं ? संयोगवश मनीष मेरी ही कक्षा का प्रतिभाशाली छात्र था। वह एक पल को झिझका परन्तु दूसरे ही पल उसने कहा - नभ।

पंडित जी ने पूछा - नभ? उसने निश्चित किया - जी। सभागार में सभी उपस्थित लोगों ने तालियाँ बजाकर मनीष को शाबाशी दी। पंडित जी को भी यह विषय बहुत अच्छा लगा। सबके मन में इस विषय को लेकर और जिज्ञासा बन गयी थी। नभ माने आकाश तो हम सब जानते ही थे लेकिन इस विषय पर यकायक गंभीर तार्किक विस्तृत व्याख्यान देना आसान न था। पंडित जी माँ शारदा और गुरुजनों का स्तवन करने के बाद नभ पर बोलने लगे।

'नभ में जल है,नभ में वायु है नभ में सम्पूर्ण अंतरिक्ष समाया है। नभ का अर्थ है न भाति अर्थात जो सुंदर नहीं लगता। जहां अनंत अछोर अंधकार है अकूत कालिमा है। अवकाश ही अवकाश है, वायु की असंख्य तरंगें और अनेक स्तर हैं। इसके आगे उन्होंने और भी बहुत विस्तार से बताया कि नभ में वायु के कारण सौन्दर्य होता है, नभ में सूर्य के कारण सौन्दर्य होता है, चन्द्र और तारागण के कारण सौन्दर्य होता है। नभ में बादल के कारण सौन्दर्य होता है , नभ में जल के कारण सौन्दर्य होता है, इन्द्रधनुष के कारण और खग जीवों (पक्षियों)के कारण सौन्दर्य होता है। फिर भी सौन्दर्य तो संतुलन है, असंतुलन असुन्दर होता है। ये नाना सौन्दर्य रूप क्षणिक भी हैं जो सुखद लगता है वही सुख है, जो दुखद लगता है वही दुःख जनक होता है। ख - का तात्पर्य भी नभ ही है और अंत में उन्होंने बताया था कि नभ में भी अनेक समुद्र होते हैं। समुद्र का अर्थ उन्होंने बताया - सम्यक द्रवन्ति इति समुद्रः। अर्थात जहां तरंगों का सम्यक द्रवण होता हो वह समुद्र है। धरती पर स्थित समुद्र में जल की तरंगों का द्रवण होता रहता है उसी प्रकार नभ में वायु की तरंगों और वर्षा ऋतु में जल की तरंगों का अनवरत द्रवण होता रहता है इसलिए नभ भी समुद्र ही है।

इसी प्रकार वो बोलते जा रहे थे हम सब मंत्रमुग्ध भाव से उनके वाक्यों और विचारों में खोते जा रहे थे। उच्चारण इतना शुद्ध और अर्थ इतना स्पष्ट करते हुए चलते कि कोई कठिनाई नहीं हो रही थी। नभ से दिशाओं का क्या सम्बन्ध है, दिशाओं का जीवन से क्या सम्बन्ध है इत्यादि विषय पर सहज और गंभीर चर्चा हो रही थी। नभ मंडल से सम्बद्ध ज्योतिष में गृह नक्षत्र आदि का भी मनुष्य जीवन पर प्रभाव पड़ता है। इस प्रकार की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक तत्व बोध की जानकारी लगातार होती जा रही थी। मैंने पहली बार पंडित जी को सुना तो लगा कि उनसे बड़ा संस्कृति विमर्शकार कोई दूसरा नहीं है। ललित निबंधकार के रूप में मैं उनके निबंध पढ़ चुका था किन्तु सामने बैठकर उनके विचार सुनने का यह पहला अवसर था। उन दिनों मैं कापी पेन लेकर समारोह में बैठता था तो इस आदत से मुझे बहुत लाभ होता था। वैसे भी विद्यालय में मुझे कार्यक्रम की रपट भी बनानी पड़ती थी।

आकाशवाणी पर उनकी वाताएँ और फिर दूरदर्शन आदि मंचों पर उनके विचार भी सुनने को मिलते थे। इसके बाद जब नौकरी के सिलसिले में दिल्ली आया तो यहाँ भी पंडित जी की धूम थी साहित्य अकादमी, कांस्टीट्यूशन क्लब से लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और पत्रकारिता से जुड़े लोगों में उनकी बहुत धाक थी। हालांकि उन्हें मनुवादी और ब्राह्मणवादी साबित करने वालों की भी कमी न थी। वे थे तो पंक्तिपावन ब्राह्मण ही,हमेशा परहेज से रहते थे। कहीं भी जाते तो अपने खाने पीने के पात्र साथ ले जाते। अपने ग्लास में ही जल पीते अपनी थाली में ही भोजन करते। इन व्यक्तिगत बातों के अलावा उनकी विद्वता और ज्ञान गरिमा पर कोई सवाल नही उठा सकता था।

एक बार संस्कृत विभाग में गुरुवर वाचस्पति उपाध्याय जी ने किसी छात्र की पीएचडी की मौखिकी लेने के लिए उन्हें आमंत्रित किया तो अन्य शोधार्थियों के साथ मैं भी विभाग में उपस्थित था। जैसे ही पंडित जी पहुंचे वाचस्पति जी विभागाध्यक्ष की कुर्सी से उठे और उन्होंने पहले अपनी चप्पल उतार कर अपना हाँथ मुंह धोया फिर पंडित जी के पैर धोये फिर दाहिने पैर के अंगूठे को पकड़कर धरती पर साष्टांग लेट गए। इसके साथ ही उन्होंने गुरुस्तोत्र भी पढ़ा। तब पहली बार मैंने जाना कि पंक्तिपावन ब्राह्मणों और खासकर गुरुजनों का अभिवादन इस प्रकार किया जाता है। गोरखपुर में पंडित जी वाचस्पति जी के शिक्षक रह चुके थे। इस समय वो नव्यन्याय पर किसी शोधार्थी की मौखिकी की परीक्षा के लिए आये थे। पंडित विद्यानिवास जी की छवि संस्कृत साहित्य दर्शन और संस्कृति के उद्भट विद्वान की थी इसके अलावा बनारसी ठाठ और हिन्दी में ललित निबंध के लिए भी वे जाने जाते थे,ब्रज अवधी और भोजपुरी के तो विद्वान वे थे ही। उनको सुनाना मुझे सचमुच हमेशा ज्ञान गंगा में आचमन करने जैसा ही लगा। लखनऊ से दिल्ली के बीच उन्हें कई बार निकट से देखने सुनने का अवसर मिला, उन्हें प्रणाम भी किया आशीर्वाद भी लिया लेकिन उनके सनातनी आभामंडल के कारण उनके बहुत अधिक निकट नहीं रह सका। इसके बावजूद उनके व्याख्यानों से प्रेरित होकर जीवन और जगत को नई दृष्टि से देखने की प्रेरणा मुझे अवश्य मिली। उनकी सुधि को नमन।



**भारतेंदु मिश्र**
(संपर्क : सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन,दिल्ली-110095/ फोन-98 68 03 13 84)

# मदन वात्स्यायन : तीसरा सप्तक का अचर्चित कवि

**स्मरण**



**रविभूषण**

'तीसरा सप्तक' (1959) के सात कवियों में से चार - केदारनाथ सिंह, कुंवर नारायण, विजयदेव नारायण साही और सर्वेश्वरदयाल सक्सेना जितना अधिक चर्चित - प्रशंसित रहे, उतना ही अधिक प्रयाग नारायण त्रिपाठी और मदन वात्स्यायन (4-3.1922 - 11.4.2004) अचर्चित रहे। चर्चा-अचर्चा के बीच में कीर्ति चौधरी रहीं। वे सुमित्रा कुमारी सिन्हा की पुत्री थीं। कीर्ति चौधरी के काव्य संस्कार परिवार से प्राप्त हुए थे. मदन वात्स्यायन इससे वंचित थे. मदन वात्स्यायन वास्तविक नाम नहीं है. अज्ञेय ने 'तीसरा सप्तक' के उनके 'परिचय' में, लिखा था 'यह छद्म नाम क्यों ग्रहण किया', यह बताना कठिन है. यों यह नाम इतना रूढ़ हो चला है कि असली नाम लक्ष्मी निवास सिंह को और लोगों की जिज्ञासा भी नहीं जाती. इसमें कुछ सुविधा भी है, क्योंकि लक्ष्मी निवास सिंह का विषय रसायन-शास्त्र है और वह सिन्दरी की विशाल यन्त्रशाला में निरीक्षण का काम करते हैं, जब कि 'मदन वात्स्यायन' कविता - कहानी लिखते हैं। ₹ संभव है, अपने नाम में, 'वात्स्यायन' लगाने की प्रेरणा उन्होंने सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन से प्राप्त की हो।

मदन वात्स्यायन का जन्म उनके ननिहाल, बिहार के समस्तीपुर जिला के वीरसिंहपुर गाँव में 4 मार्च 1922 को हुआ। बचपन ननिहाल में बीता। समस्तीपुर हाई स्कूल से 1936 में उन्होंने स्कूली शिक्षा प्राप्त की और पटना साइंस, कॉलेज से 1941 में उन्होंने रसायन शास्त्र (केमेस्ट्री) में ऑनर्स किया। एम. एससी. इलाहाबाद विश्वविद्यालय से किया और सर्वप्रथम स्थान प्राप्त किया। लीड्स यूनिवर्सिटी से 1948 में रासायनिक (केमिकल) इंजीनियररिंग में बी. एससी. ऑनर्स किया. अगले वर्ष 1949 में वे भारत लौटे और कुछ समय पटना साइंस कॉलेज में रिसर्च - कार्य करने के बाद 1950 में सिंदरी खाद कारखाना में केमिस्ट के पद पर नियुक्त हुए और 1978 में टेक्नॉलॉजिस्ट (प्रौद्योगिकीविद् प्रयोगविज्ञ) पद से सेवा निवृत हुए. बारह वर्ष झ 1950 से 1962 तक वे लेखन से जुड़े रहे। 'तीसरा सप्रक' के प्रकाशन के बाद 1962 से वे रचना कर्म से विरत हो गये. उनका निधन व्यासी वर्ष की उम्र में मेनिनजाइटिस की बीमारी से जूझते हुए 11 जुलाई 2004 को हुआ।

मदन वात्स्यायन पचास के दशक के आरंभ से ही कविता लिख रहे थे। 1950 में प्रकाशित उनकी कविता 'नया मेघदूत' (नई धारा, सितम्बर 1950) 'मेघदूतम' की तरह दो भागों, पूर्व मेघ' और उत्तर मेघ में विभाजित है. उनकी कविताओं से उनके समय की पहचान की जा सकती है. उनका यक्ष पेट का मारा जूट मिल का मजदूर है. वह मेघ को बंग भूमि, कामाख्या, दार्जिलिंग, 'नया स्वतंत्रता की लड़ाई, 1942 का तुमुल विद्रोह, गंगा-तलहटी, सबके बारे में बताता है - 'यहाँ के किसानों और मजदूरों ने अपने अधिकारों के लिए अपने शोषकों/के खिलाफ खूब लड़ाइयाँ लड़ी हैं/ और लड़ाइयाँ वे आज भी लड़ रहे होंगे।' इस कविता के 'पूर्व मेघ' में कवि ने दामोदर नदी को '७हमारे देश की नई औद्योगिक सभ्यता की सरस्वती' कहा है. कविता में, अगर एक ओर - महासेठों की ऊँची-ऊँची अट्टालिकाएँ / ओहदाशाहों के बड़े बड़े बंगले/उनकी चमचमाती लम्बी-लम्बी मोटरें' हैं तो दूसरी ओर 'कारखानों से, टूटी झोपड़ियों से निकलते / सुअर - जैसे नंगे, सुअर- जैसे गन्दे और सुअर- जैसे विकृत शरीर वाले / पाँव घसीटते मेरे सूबे के लोग' भी हैं। यह कवि की अपनी वर्गीय समुझ और दृष्टि है, मेघ के यात्रा - पथ में झारखण्ड और ₹विरसा भगवान' का जिक्र है. यह कविता आज विस्तार से गंभीर विवेचन की माँग करती है क्योंकि इसमें 'प्रजातन्त्र' 'फाइल - तन्त्री समाजवाद' 'नौकरशाहों' 'साम्प्रदायिक एकता', 'शेरशाह', 'ब्राह्मणवाद' 1857 की लड़ाई मालगुजारी सबका उल्लेख है। कविता में मजदूर की घरवाली का स्थान 'बुधिया ने ले रखा है' का जिक्र भी है. यह प्रेमचंद के 'कथन' की बुधिया है।

मदन वात्स्यायन को व्यवस्थित रूप से सामने लाने का सारा श्रेय रश्मिरेखा को है. अगर रश्मिरेखा ने 'ध्रुवतारा ' में संकलित सभी कविताएँ परिश्रम पूर्वक खोज कर इकट्ठी न की होती, उसको सम्पादन न किया होता तो मदन वात्स्यायन का एकमात्र कविता - संग्रह 'ध्रुवतारा' (ज्ञानपीठ प्रकाशन, 2006) का प्रकाशन भी न हो पाता. मुक्तिबोध की तरह 'मदन वात्स्यायन' का कविता-संग्रह भी मरणोपरान्त प्रकाशित हुआ. नौ वर्ष बाद रश्मिरेखा के सम्पादन में दूसरी पुस्तक 'मदन वात्स्यायन : शब्द और संवाद' (अभिधा प्रकाशन, मुजफ्फरपुर, 2015) प्रकाशित हुई, जिसमें उनकी कविताओं पर कई कवियों-लेखकों के आलेख, लेखकों के पत्र, उनकी कुछ कविताएँ और उनकी पत्नी ललिता सिंह का राष्ट्रपति को लिखा गया आवेदन आदि है.

मदन वात्स्यायन हिन्दी में अपने ढंग के अकेले कवि हैं। कविता और काव्य रचना पर तीसरा सप्तक के 'वक्तव्य' में व्यक्त उनके विचार भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं - 'नयी हिन्दी कविता, नये वातावरण में पुरानी कविता का प्रसार मात्र नहीं, बल्कि एक नया संसार है उषा देवता से लेकर गधे तक, नग्न यौन भावना से लेकर सामाजिक क्रांति तक, देहाती - अमराई से लेकर कल-पुर्जों तक, अवचेतन से लेकर स्थूल के अनुत्तेजित चित्रण तक, इतना व्यापक विस्तार शायद पहले किसी 'वाद' की कविता का न हुआ। पहले के 'वाद' की कविता से उनका आशय 'छायावाद' और ' प्रगतिवाद' से है। वे जहाँ थे, वहाँ का परिवेश एकदम भिन्न था। 'नयी कविता' का केन्द्र इलाहाबाद था, जहाँ से पचास के दशक में ही 'नयी कविता' पत्रिका प्रकाशित हुई।

मदन वात्स्यायन की कविताएं 'नई धारा' 'प्रतीक', 'आजकल', 'जनता', 'योगी', 'नयी कविता' आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित हुई थी। सर्वाधिक कविताएँ 'नई धारा' (पटना) में प्रकाशित हुई थी। प्रेमचंद ने 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी लिखी थी। मदन वात्स्यायन की कविता 'शतरंज का खेल' है। दिनकर ने 'विपथगा' कविता लिखी। मदन वात्स्यायन ने उनकी लीक पर 'अपथगा' लिखी, - 'घड़-घड़, घड़-घड़, धड़ड़-धड़ड़ / मेरे स्वागत में चीख रही प्रज्वलित कण्ठ चिमनी शत-शत/ लोहे पर लोहा धमक रहा आह्वान झ रोर में हत-प्रतिहत/ पर लोहा चमक रहा आहमान-शेर में हत-प्रतिकृत/ पेट्रोल वृद्धि से विकल- गंध सदियों से दहक रहे खाण्डव / पृथ्वी में आर्त-प्रकम्प, विधुतों से कराल - नभ आकुलरव। 'तीसरा सप्तक' में उनकी केवल दस कविताएँ हैं 'उषा स्तवन' 'शुक्र तारा', 'सुशिप्रा की वर्षगाँठ पर', 'स्वस्ति, मेरी बेटी', 'दो बिहाग, झउआ के फूल', 'असुरपुरी में दस से छः', 'सरकारी कारखाने में कर्मचारी की चिन्ता', 'अपथगा' और 'मिथिला में बाढ़'। इतनी कम कविताएँ 'तीसरा सप्तक' के अन्य छह कवियों की नहीं थी। मदन वात्स्यायन का ध्यान मात्रा और संख्या पर नहीं था। उन्होंने अपने 'वक्तव्य' में पूंजी के दौर में कविता के 'निस्सहाय' होने की बात कही है। अपने ढंग से उन्होंने कविता को दो श्रेणियों में विभाजित किया है- 'मायावादी' और 'कायावादी'। मायावादी रचना के उन्होंने तीन प्रकार बताये झ 'विशुद्ध मायावादी', 'निर्वेग-बौद्धिक और 'ऊब-रस' की कविताएँ। 'कायावाद' के उन्होंने चार प्रकार गिनाये- 'नया श्रृंगार', 'नयी करुणा', 'नया वीर-रस' और 'नया शान्त रस'। उन्होंने इन सभी भेदों के कविता से उदाहरण भी दिये हैं। महत्वपूर्ण यह नहीं है कि ये श्रेणियाँ कितनी संगत हैं। बड़ी बात श्रेणियों की नवीनता है। मदन वात्स्यायन की कविताओं का 'नयापन' कई रूपों में है - विषय से लेकर शब्द प्रयोग, शब्द-विन्यास और वाक्य - विन्यास तक। 'नयी कविता' के संदर्भ में जिस 'नयेपन' की बात बार-बार कही जाती रही है, उसे हम इनकी कविताओं में देखते हैं। मदन वात्स्यायन ने ' शब्द और लय', 'भाव और रूप- प्रतीक', 'अकथा और कथा', एवं 'वृत्त और त्रिकोण' पर विचार किया है। कविता उनके लिए 'अतिचेतन के घर की चीज' नहीं है। 'अतिचेतन और अवचेतन के द्वन्द्व के बीच भाव कुछ बिजली के धक्के की तरह सहसा आते हैं। एक चित्र आया, और अनुभवों की पिटारी में से दूसरे चित्र सूत्र में गूँथने लगे। यह हुआ कविता का गभार्धान, जन्म चाहे नौ क्षण बाद हो चाहे नब्बे साल बाद।

मदन वात्स्यायन हिन्दी के विलक्षण कवि हैं। उनके पहले और बाद में भी हिन्दी का ऐसा और कोई कवि नहीं है, जिसने कारखाने और यंत्र एवं उससे जुड़े कई पक्षों पर कविताएँ लिखी हों। वे 'वसन्त' को भी 'असुर वसन्त' कहने वाले अकेले कवि हैं। रसायन शास्त्री होने, टेक्नॉलॉजिस्ट होने के कारण उनकी विचार- दृष्टि और संवेदन-पद्धति अन्य कवियों से एकदम अलग है। अज्ञेय ने उनके प्रत्यक्ष अनुभव को - असुरपुरी कविता का आधार' कहा है। 'असुरपुरी में दस से छह' कविता में मशीनों की ध्वनियाँ हैं, आवाजें हैं - 'धक-धक खच खच धक-धक खच-खच' यह आवाज निरन्तर, फैलती - गूंजती है। यह अन्य कवियों के ध्वनि-संसार से सर्वथा भिन्न है। कविता में मशीन, अलार्म, कमकर सब बोलते हैं। इसे मशीन के राग में भी देखा जा सकता है। कविता में मशीनों ने अपने को राजा, महाराजा, पूंजीपति, महासेठ, ऑटोमेटिक ईश्वर, 'भादो के भरे मेघ', सरस्वती अन्तः सलिला, हलधर, हरक्युलीज, अरणि हस्त अंगिरा राम, विद्युज्जटी आदि कहा है। मशीनें एक साथ ₹गरमी, प्रेशर, भाप, उपल- रज / ग्रीज, गैस, जल की आवाजें' सुनती हैं। मशीनें कहती हैं - 'सब का खून चूसते देखो/ आयु चबाते हैं हम / हा-हा-हा / हा हा हा हा हा। ' मदन वात्स्यायन की चिन्ता में श्रमिक हैं, कारखाने के कर्मचारी हैं। कर्मचारी जानता है, कहता भी है - 'ओ मेरे अफसर / ओ मेरे अफसर / तुमने मेरे हृदय में अंधकार भर दिया / मेरी आँखों की ऊषा छीन ली.../ मेरे रंगीन इन्द्रधनुष पर रोशनाई पोत दी... / तुम्हारी एक लाइन ने मेरे जीवन की कविता को निरर्थ कर दिया। '

मदन वात्स्यायन के यहाँ औद्योगिक सभ्यता की चिंताएं हैं। द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1957-7962) में औद्योगीकरण पर विशेष बल दिया गया था। नेहरू के प्रशंसक होने के बाद भी वे यंत्रीकृत युग, समय और समाज के पक्ष में नहीं थे। प्रकृति-परक उनकी कविताओं के साथ ऐसी, कविताओं को रख कर उनकी काव्य-चिन्ता से अवगत हुआ जा सकता है। 'तार सप्तक' के 'वक्तव्य में उन्होंने 'पूंजी और अ-समाजवादी राजकीय नियन्त्रण के विष-वपन से निस्तेज' 'आज के समाज' का उल्लेख किया था। उन्होंने जॉर्ज टॉमसन को उद्धृत किया था कि ₹बड़े उद्योगों को कविता की क्या परवाह है?' फिर यह कहा - 'सरकार के सेक्रेटरी को भी कविता की क्या परवाह है?' उनके सामने 'सहस्त्रार्जुन की तरह पूंजी' फैल चुकी थी, जिसने दिशाएँ जीत लीं प्रत्येक व्यक्ति पर छा गयी। 'ऋषियों को साँस लेने की जगह नहीं। ' मदन वात्स्यायन अपने समय के सभी कवियों से भिन्न हैं। मौलिक और विशिष्ट। 'शुक्रतारा' की उनकी अड़सठ कविताओं के अनेक स्वर हैं। औद्योगिक रसायन में डिग्री प्राप्त करने वाले इस कवि ने उद्योग और कारखानों को उसमें काम करने वाले मजदूरों को केवल निकट से देखा ही नहीं था, उसके साथ लगभग तीस वर्ष समय भी व्यतीत किया था। अफसर और मिनिस्टर को उसने पहचान लिया था। 'शुक्रतारा' कविता में नेहरू को वे 'वतन का प्यारा' कहते हैं - 'सताये हुओं को है जिस पर भरोसा'। इस कविता में 'शहर को अँधेरा कर, हवाई जहाज से मिनिस्टर' चले जाते हैं कवि सूरज को 'नये दूल्हे सा' और 'शुक्रतारा' को नव-वधू- सा देखता है। सूरज ' इंजन के हेडलाइट की तरह' निकलता है और शुक्रतारा 'गार्ड की रोशनी की तरह पीछे-पीछे गुमसुम' जाता है। मदन वात्स्यायन के यहाँ चाँद 'पेट्रोमैक्स' की तरह है और शुक्रतारा 'बैलगाड़ी की लालटेन' की तरह। शुक्रतारा भले एम. एल. ए. के पीछे जनता की तरह जाता हो, वह शाम को 'मशाल जला के' जाता है। उपमाओं की नवीनता नयी कविता को एक प्रमुख विशेषता थी। अज्ञेय ने मैले उपमानों' की बात अपनी एक प्रसिद्ध कविता में कही भी थी। 'सितारे' पहली बार मदन वात्स्यायन के यहाँ ही कौड़ियों से दौड़े आते' हैं, उनकी कविताओं में उनका समय है, उसमें कारखाने की व्यवस्था और प्रबंधन के प्रति एक आक्रोश भी है, अफसरशाही की आलोचना और व्यंग्य है। काव्य झसंवेदना, काव्य-भाषा, काव्य शिल्प सब भिन्न है। अफसरों से भरे सरकारी कारखाने 'साँपों से भरी कोठरी' की तरह है। इन कविताओं में प्रकृति के कई रूप-रंग हैं- सुबह, शाम, रात्रि के।



मदन वात्स्यायन की जन्मशती के अवसर पर उनकी कविताओं पर गंभीरता पूर्वक विचार जरूरी है। उन्होंने अधिक नहीं लिखा है। 1962 के बाद शायद नहीं। इसके बाद किसिम-किसिम की कविता हिन्दी में लिखी लिखी आने लगी थी। उन्होंने 'जाति धर्म' पर कविता लिखी, 'समाज विकास के कुछ चरण पर भी। इस अचर्चित कवि की कम चर्चा हुई है। उनके जनमशती वर्ष में उन्हें याद करना आवश्यक है।

**(लेखक वरिष्ठ आलोचक एवं सामाजिक, राजनीतिक चिंतक हैं, संपर्क 94311 03960)**

# विनोद शाही की मिथक दृष्टि: 'राम कथा : एक पुनर्पाठ'

**मूल्यांकन**



**ममता कालड़ा**

राम भारतीय संस्कृति का मूल आधार माने जाते हैं, इसलिए सदियों से राम कथा गायी व लिखी जाती है । भारत में ही नहीं अपितु विश्व के अनेक देशों में राम कथा का अपना विशेष महत्त्व है । बौद्ध धर्मों व जैन धर्मों में भी राम कथा को अपने विचारों के सन्दर्भ में लिखा गया । भारत की अनेक भाषाओं के साहित्य में भी राम कथा का वर्णन मिलता है, परन्तु इन सबका मूल स्त्रोत वाल्मीकि कृत 'रामायण' ही है ।

विनोद शाही ने इसी रामायण को आधार बनाकर 'राम कथा : एक पुनर्पाठ' की रचना की है, किन्तु यहाँ 'राम कथा' तुलसीदास के 'रामचरित मानस' की तरह नायक या पात्र केन्द्रित नहीं है, न ही यह राम के लोकमंगलकारी स्वरूप की व्याख्या करती है । असल में तुलसी का 'रामचरित मानस' एक भक्ति ग्रन्थ है, और वो भी प्रेम विषयक दास्यभाव मूलक भक्ति । तुलसी की राम-भक्ति में इतनी आस्था है कि वे गोरखपंथियों को नीच तक कह डालते हैं । तुलसी अलखहि का लखै, राम नाम जप नीच ।

किन्तु आज हमें सोचना होगा कि तुलसीदास के जिस समय में राम कथा पुनः लिखी गयी, भले ही वह उस समय भक्ति कथा के रूप में अपना अस्तित्व पाती हो, लेकिन आज उत्तर-औपनिवेशिक दौर में राम कथा को केवल भक्ति विषयक ग्रन्थ के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा । आज का समय तुलसी का समय नहीं है बल्कि भूमंडलीकरण और उदारीकरण का दौर है । सम्पूर्ण विश्व पर बाजारवाद हावी है । आज उपभोक्तावादी संस्कृति से परिचालित नव मूल्यों ने भक्ति को भी व्यापार में तब्दील कर दिया है, तो ऐसे में क्या राम कथा को भक्तिवादी धरातल पर बैठाना उचित होगा ? यही कारण है कि विनोद शाही रामायण की छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से भारत की वर्तमान परिस्थितियों को समझने का प्रयास करते हैं । अगर धार्मिक चश्मे को उतार कर इन कथाओं को सही ढंग से समझने का प्रयत्न किया जाए, तो ये कथाएं वर्तमान सांचे में एकदम फिट बैठती हैं । इसलिए आज के दौर को देखते हुए हमें विनोद शाही के आलोचनात्मक ग्रन्थ 'राम कथाः एक पुनर्पाठ' को समझना आवश्यक महसूस होता है । उनकी दृष्टि में राम कथा प्रकृति और मनुष्य के संधि स्थल पर खड़ी है तथा राम इतिहास पुरुष की तरह सभ्यता संघर्ष के साक्षी बनते हैं । असल में विनोद शाही यह बताना चाहते हैं कि राम एक प्रकृति पुरुष हैं और जब व्यक्ति प्रकृति का हो जाता है तो संकीर्ण राज-सत्ताएं उसको भ्रमित नहीं कर सकती । विनोद शाही अपने समय में सत्ता के अंतर्विरोधों को भली-भांति पहचानते हैं । वे राम के मिथक की पुनर्व्याख्या के जरिये सत्ता के समीकरणों को खोलने का प्रयास करते हैं । इसलिए उनकी राम कथा को सत्ता के विरोध में लिखा गया जन-चेतना के आख्यान की तरह देखा जा सकता है । वर्तमान दौर में जिस प्रकार सत्ता नए-नए रूपों में प्रकट हो रही है इससे इस पुस्तक के भाव को समझना और भी प्रासंगिक हो जाता है । 'राम' यहाँ 'भारतीय आत्मा' के रूप में प्रस्तुत होते हैं, तथा सीता 'आजादी' के मिथक के रूप में । राम 'रावण' रूपी औपनिवेशिक शक्तियों से सीता रूपी 'आजादी' को प्राप्त तो कर लेते हैं परन्तु उसी सीता को सत्ता से निष्कासित करके तड़पने के लिए छोड़ दिया जाता है । वाल्मीकि, जो कि गाँधी के पर्याय हैं, सत्ता से परे रहकर सीता व लव-कुश रूपी नयी पीढ़ी को सँभालने का प्रयास जरूर करते हैं, परन्तु अंततः वे भी असफल रहते हैं । गांधी 'राम' के जिस ईश्वरीय रूप को आत्मसात करते हैं, उस पर धर्म की मोहर लगाकर उन्हें खारिज कर दिया जाता है । विनोद शाही का मानना है कि गांधी को ठीक तरह से समझा ही नहीं गया है । इसीलिए वे बार-बार गांधी के विचारों को पुनर्मुल्यांकित करने का प्रयास करते हैं । विनोद शाही की दृष्टि में रावण का स्त्री अस्मिता व गरिमा पर कब्जा करना एक तरह से तीसरी दुनिया के देशों पर वर्चस्व स्थापित करने जैसा है अर्थात उन्हें तमाम तीसरी दुनिया के देश 'स्त्रैण-यथार्थ' की तरह दिखाई देते हैं, जो निरंतर बाजारवाद की चपेट में आ रहे हैं । और अंत में सीता का धरती में समा जाना एक तरह से हमारी उस स्वतंत्रता का छिन जाना है, जिसे हमने औपनिवेशिक दौर की गुलामी के बाद प्राप्त किया था ।

विनोद शाही की कृति में राम कथा एक सभ्यता विमर्श की तरह उभर कर सामने आती है । सभ्यता विमर्श के इस पाठ में वे सत्ता का खंडन करते हैं । कथा के आरम्भ में ही विनोद शाही राम जन्म की घटना को सामाजिक बदलाव की घटना मानते हैं । राम के समय तक आते-आते कबिलायी समाज किस तरह कृषि सभ्यता में तब्दील होता जाता है इसका विस्तृत वर्णन उन्होंने अपनी आलोचनात्मक कृति में किया है । उनका मानना है कि अपनी आवश्यक जरूरतों के लिए जंगलों पर निर्भर रहने वाला समाज राम के समय तक पूर्णतः कृषि पर निर्भर हो जाता है । क्या इसे परिवर्तन का सूचक नहीं माना जायेगा । इसलिए राम को वे वहां संक्रमण के दौर में खड़ा पाते हैं जहाँ कृषि सभ्यता के आने से केवल समाज की जरूरतें ही नहीं बदलती, बल्कि सामाजिक व्यवहार भी परिवर्तित होने लगता है । एक तरह से पूरी सामाजिक सरंचना में ही बदलाव आने लगता है । इस सन्दर्भ में वे राम कथा में लिखते हैं झ ' राम के समय तक आते-आते वह आदिम साम्यवादी मातृसत्तात्मक समाज बुरी तरह पतनशील और एक हद तक अमानवीयता की सीमा तक क्रूर व हिंसक हो गया है । जंगलों का सफाया हो रहा है; क्योंकि नयी सभ्यता के अग्रविकास के लिए दूसरा रास्ता नहीं है । जंगल अब मनुष्यों के बढते समाज के भरण-पोषण का भार वहन करने में असमर्थ हो गये हैं ।'

विनोद शाही एक प्रयोग धर्मी रचनाकार हैं । इसलिए प्राचीन ग्रंथों में छिपे वास्तविक जीवन को तलाशने में उनकी दृष्टि काफी पैनी हो जाती है । यहाँ भी उनका मकसद राम को उस भक्तिवादी धरातल से बाहर निकालना है जो राम को केवल आदर्शवादी ईश्वर के रूप में प्रस्तुत करता है । वे राम कथा को प्रकृति से जोड़ते हुए राम के वनवास प्रसंग को चिन्हित करते हैं और पूछते हैं कि क्यों राम राजा के रूप में इतने लोकप्रिय नहीं हुए, जितना उनका 'वनवास' लोगों के दिल में अपनी जगह बना पाया ? विनोद शाही यहाँ राम को भक्ति के धरातल पर नहीं बिठाते और न ही वे राम को किसी आदर्शवादी चरित्र की तरह प्रस्तुत करते हैं, बल्कि राम तो उन्हें साम्राज्यवादी नीतियों के खिलाफ अथवा सत्ता के प्रतिरोध में खड़े दिखाई देते हैं । राम द्वारा सत्ता के षड्यंत्रों को पहचानना, सत्ता का परित्याग करना तथा वनवास प्रसंग में आम जन के साथ सत्ता का विद्रोह करना, उनकी दृष्टि में ये सभी घटनाएँ एक तरह से वर्ग-विहीन समाज के उद्देश्य से लिखी गयी है ।

इसी कृति में आगे, वे अश्वमेध यज्ञ की घटना का जिक्र भी करते हैं तथा इस घटना के माध्यम से यह बताने का प्रयास करते हैं कि सत्ता किस प्रकार मनुष्य के मस्तिष्क पर सवार होकर उस पर नियंत्रण स्थापित कर लेती है । इस घटना को यदि हम उत्तर-आधुनिक समय में समझें तो जिन औपनिवेशिक नीतियों का विरोध करके भारत आजाद हुआ, उन्हीं नीतियों का अनुसरण करके भारत ने अपनी विकास की दिशा निर्धारित की । विनोद शाही सवाल करते हैं कि विकास के जिस मॉडल को भारत में उतारा गया, क्या वह विकास की सही दिशा निर्धारित कर पाने में सफल हुआ ? आजादी से पहले जिस लोकतंत्र की कल्पना सामान्य जन ने की थी, क्या वो लोकतंत्र जन-मानस की कसौटी पर खरा उतर पाया ? इन सभी सवालों से जूझते हुए विनोद शाही को गाँधी याद आ जाते हैं । क्यों गाँधी के चिंतन में 'मनुष्य' केंद्र में आ जाता है ? क्यों वे सत्ता व व्यवस्था के बजाय आम-जन के साथ खड़े होना पसंद करते हैं तथा उसी में वास्तविक विकास की संभावनाएँ खोजते हैं ? यहाँ विनोद शाही गाँधी को वाल्मीकि के समक्ष खड़ा कर देते हैं तथा गाँधी को वाल्मीकि के समतुल्य मानते हुए कहते हैं कि जिस तरह वाल्मीकि सत्ता के विरोध में खड़े हैं, उसी तरह गाँधी के आश्रम में भी सामान्य जन को पनाह मिलती है । असल में विनोद शाही की नजर में मनुष्यत्व ही आजादी है । किन्तु आजादी के बाद भारत में जिस तरह की सत्ता या व्यवस्था स्थापित हुई, उससे सबसे ज्यादा संकटग्रस्त आम-जन ही रहा । उसकी अपनी आजादी कहीं खो गयी । इस सन्दर्भ को यदि हम विनोद शाही की मिथकीय दृष्टि से देखें तो सीता रावण की कैद से आजाद तो हुई, किन्तु सीता रूपी आजादी एक ऋषि के आश्रम तक सीमित रह जाती है । विनोद शाही का मानना है कि राम कथा महज एक धार्मिक पाठ नहीं है । बल्कि यह सत्ता में छिपे गहरे अंतर्विरोधों को प्रकट करता है तथा सत्ता के समीकरणों को सुलझाने में हमारी मदद करता है। उनकी रचना का मूल प्रतिपाद्य एक ही रहता है, वह है - हमारी सांस्कृतिक जमीन को पुनर्स्थापित करना । उनकी दृष्टि में राम कथा महज एक धार्मिक ग्रन्थ नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है । आज एक नए ढंग का सांस्कृतिक माहौल रचा जा रहा है । अतः ऐसे माहौल में जरूरी हो गया है कि मनुष्य अपने अतीत में वापसी करे, उसका पुनर्पाठ करे, तभी सांस्कृतिक जमीन का निर्माण संभव है ।

**(लेखक पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में शोधरत हैं, संपर्कः 94601 76154)**

# पड़ोसियों के साथ महासंघ वक्त की मांग

**टिप्पणी**



**डा सी पी राय**

क्या अब उचित समय है की भारत, पाकिस्तान, बंगला देश और संभव हो तो नेपाल ,भूटान और श्रीलंका का भी एक महासंघ बन जाना चाहिये ? यद्यपि बंगला देश ने काफी तरक्की किया है और मजबूत भी हुआ है। नेपाल भारत और चीन के बीच झूल रहा है सहायता के लिए तो पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच और यही स्थिति श्रीलंका की भी है। भूटान छोटा है और पड़ोसियों की सहायता पर निर्भर है तो भारत भी अपनी सैन्य आवश्यकताओ के लिए अन्य देशो पर निर्भर है, इसे भी अंतर्राष्ट्रीय मदद की दरकार भी रहती है।

यद्यपि भारत ने पिछली सभी सरकारों के समय काफी तरक्की की है और आर्थिक क्षेत्र हो, अंतरिक्ष का क्षेत्र हो या सैन्य ताकत, सभी में दुनिया के बड़े देशों की कतार में खड़ा हो गया है पर इसकी बेतहाशा बढ़ती हुयी जनसंख्या और उसम युवाओं की बड़ी संख्या इसके सामने चुनौती बनी हुई है क्योंकि एक सीमा तक युवा राष्ट्र उत्पादक होता है और ताकत होता है पर अगर नीतियां रोजगार का निर्माण न कर रही हों और पूँजी का वितरण देश में और समाज में तार्किक और समानुपाती न हो बल्कि उसका विकेन्द्रीयकरण के बजाय केन्द्रीयकरण हो रहा हो तो बेरोजगारी बेतहाशा बढ़ती है और बेरोजगार युवा देश पर बोझ ही नहीं मुसीबत साबित हो सकता है। इसका भारत के परिप्रेक्ष्य में अनुमान लगाना मुश्किल नहीं होना चाहिए। पाकिस्तान आर्थिक मामलों से लेकर अंदरूनी समस्यायों से झूझ रहा है और आतंकवाद की आंच उसे भी जला रही है।

भारत, पाकिस्तान और बंगला देश तो हमेशा से एक देश रहा है। इन तीनो देशों की संस्कृति, खानपान, पहनावा, मौसम, फसलें, नदियाँ, पहाड़, भाषा, बोली, इतिहास सब कुछ तो एक ही है। इन देशों का कोई भी भारत आता है तो न भारत उसे बेगाना लगता है और न इन देशों में जाने वाले भारतीयों को ये लोग बेगाने लगते है। पाकिस्तान जाकर लौटने वाले सारे लोगों ने यही बताया की वहाँ बहुत प्यार और इज्जत मिली और वहाँ के लोगो ने हाथोहाथ लिया। इन देशों की समस्याए भी एक जैसी ही है करीब करीब। अगर पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरता ने उसको पीछे किया है तो बंगला देश में भी कट्टर ताकतें सर उठाती रहती है और भारत भी धार्मिक घृणा की तरफ धकेला जा रहा है कुछ ताकतों द्वारा।

नेपाल लगातार अस्थिर है तो श्रीलंका अभी एक आन्तरिक युद्ध से ठीक से उबर भी नहीं पाया है। ये सारे देश एक दूसरे के खिलाफ होने या साथ नहीं होने के कारण सेना और हथियार पर बहुत बड़ी धनराशि खर्च करने को मजबूर हैं और आपस में सहयोगी नहीं होने के कारण खासकर पकिस्तान की सीमा और व्यापार बंद होने के कारण वही चीजें दूसरो से महंगा लेने को मजबूर है। जबकि अगर ये सब देश एक देश की तरह या ढीले ढाले महासंघ के रूप में काम करने लगें और उन मुद्दों को उठा कर किनारे टांग दे जो इतने वर्षो से केवल आत्मघाती साबित हुए हैं तो ये सभी बहुत मजबूत हो सकते हैं। केवल सेना और हथियार का खर्च ही कम हो जाय, आपसी तनाव खत्म हो जाये तथा सीमाएँ खुल जाए और ये सभी दुश्मन की जगह सहयोगी बन जाएं तो खुशहाल हो जायेंगे और आपसी 90 प्रश जरुरतें खुद पूरी कर सकेंगे।

पर सवाल है कि ये होगा कैसे ? इन देशों के विद्वान, सिविल सोसायटी, कलाकार, लेखक, कवि और छात्र मिलकर इसकी बुनियाद डाल सकते हैं। अगर बड़े पैमाने पर इन लोगों का एक दूसरे के यहाँ आना जाना शुरू हो जाये, सबके साथ मैत्री संघ बन जाए और उसको सरकारों की भी मान्यता तथा सहायता मिले तो बात बन सकती है। अगर जर्मनी का एकीकरण हो सकता है तो भारत, पाकिस्तान और बंगला देश का क्यों नहीं हो सकता ? एक प्रधानमंत्री, दो उप प्रधानमन्त्री का फामूर्ला चल सकता है। प्रारम्भिक तौर पर और दो उप राष्ट्रपति का या राष्ट्रपति बारी बरी तीनों जगह से हो सकते है। और जब सब ठीक लगे तो एक देश के रूप में काम करने लग सकते हैं। प्रारम्भिक तौर पर केवल सुरक्षा, विदेश नीति, संचार और मुद्रा एक रहे और बाकी चीजें तीनों की स्वतन्त्र रहें और सेना का संयुक्त कमांड हो जो आपस के लिए नहीं बल्कि अन्य देश की सीमाओं के लिए काम करे तथा आपसी सीमाओं से सेना पूरी तरह हट जाये। बस कानून व्यवस्था और किसी भी तरह के आतंकवाद और अवैध कारोबार को रोकने के लिए नाममात्र की रहे। आगे चल कर एकीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। पूरा सामंजस्य बैठ जाने और आपसी विश्वास कायम होने तथा अंतरिम व्यवस्था के सफल हो जाने के बाद बात आगे बढ़ सकती है। यही फामूर्ला बाकी पड़ोसियों के साथ भी अपनाया जा सकता है।

यद्यपि ये आसान नहीं है और दुनिया को अपनी रियाया समझने वाली ताकतें ऐसा आसानी से होने नहीं देगी पर चुनौती भी तो यही है और उन ताकतों के शोषण तथा दादागिरी के खिलाफ और खुद को सशक्त करने तथा अपनी समस्याओं से खुद निपटने में आपसी सहयोग स्थापित करने के लिये ही तो इस एकीकरण अथवा प्रारम्भिक तौर पर ढीलेढाले महासंघ की आवश्यकता है। पर इसके लिए इन देशों और समाजों को उन ताकतों को तो किनारे लगाना ही होगा जो धार्मिक अथवा जातीय कट्टरता वाला समाज अथवा देश बनाना चाहते हैं क्योंकि ऐसा महासंघ तो सिर्फ मानवता की बुनियाद पर और मानवता की बहबूदी के लिए ही बन सकता है। पाकिस्तान या बंगला देश की जनता को ऐसी ताकतों पर लगाम लगाना होगा तो भारत में भी कुछ लोगो को तय करना पड़ेगा की देश के बंटवारे से दुखी होना और फिर धर्म के नाम पर किसी कौम की उपेक्षा या उससे घृणा दोनों साथ तो नहीं चल सकते हैं।

सवाल ये है कि भारत बड़ा है, क्या इसकी सत्ता ऐसी पहल नहीं कर सकती ? क्या आगे बढ़ कर आजादी के बाद बनी दीवार गिराने की तरफ पहला हथौड़ा नहीं चला सकती है? इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी को पहल करनी चाहिए और सत्ता की मातृ संस्था आरएसएस जो भारत बंटवारे के खिलाफ बहुत मुखरता से आवाज उठाती रही है, उसको आगे बढ़ कर इस अभियान की शुरूआत करनी चाहिये और अगर ये लोग आगे नहीं बढ़ते हैं तो राहुल गाँधी और कांग्रेस को इस अभियान की शुरूआत करना चाहिये। कांग्रेस के रिश्ते पड़ोसियों से अच्छे रहे हैं इसलिए वो विश्वास बना सकती है। करे कोई भी लेकिन आपसी दीवार अब गिर ही जानी चाहिए। क्योकि लड़ाइयों से तो बबार्दी के अलावा आजतक कुछ भी हासिल नहीं हुआ तो क्यों न लड़ाई शब्द को मिलकर खूंटी पर टांग दिया जाए और केवल खुशहाली की प्रतियोगिता और सहयोग में लग जाया जाए ।

**(लेखक स्वतंत्र राजनीतिक चिंतक एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं, संपर्क 9412254400)**

## रेल लाइन पर मिला अधेड़ का शव

**रेवती।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सियरहियां नारायनगढ़ गांव के सामने बलिया-छपरा रेल खण्ड के मध्य शुक्रवार को अपराह्न रेल लाइन पर 52 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का क्षत्-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।

# सरकार को करानी चाहिए जातीण जनगणना

### बोले बाबू सिंह कुशवाहा

### दमदारी से नगर निकाय एवं लोकसभा चुनाव लड़ेगी पार्टी

**बैरिया।** क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में आयोजित बौद्ध सम्मेलन में पहुंचे जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह देश भगवान बुद्ध के समय में सोने की चिड़िया था। चहुंओर से समृद्धि थी। उस समय न सिर्फ देश में, बल्कि दुनिया भर में शांति थी।

कहा कि भारत के आध्यात्मिक शक्ति से सभी परिचित थे। आज भी भगवान बुद्ध के विचारों की प्रासंगिकता चरम पर है। ईर्ष्या, बैर, कटुता, अशांति में भगवान बुद्ध के विचार हमें प्रोत्साहित करते है। इसके पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा कि सरकार अगर वास्तव में गरीबों व पिछड़ी जातियों का भला चाहती हैं तो उसे जातीय जनगणना करानी चाहिए। हमारी पार्टी सरकार से जातीय जनगणना की मांग करती हैं। एक सवाल के जबाब में उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में पुरे दमखम से अपना प्रत्याशी उतरेगी। इतना ही नही, लोकसभा चुनाव के पहले होने वाले निकाय चुनाव में भी प्रत्याशी उतारेगी। इस मौके पर भंते आनंद, शील बच्चन बौद्ध, अजय पासवान, वीरेन्द्र मौर्य, दया शंकर वर्मा, राम प्रवेश वर्मा, उमा कुशवाहा आदि मौजूद रहे। संतन मुनि वर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया।



बौद्ध सम्मेलन में मंचासीन जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू सिंह कुशवाहा एवं अन्य













## नगर में गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा



**रेवती।** स्थानीय नगर के वार्ड नंबर तीन में आयोजित श्रीशत् चण्डी महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की भव्य कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। इस दौरान जय माता दी, जय श्रीराम, जय हनुमान, हर- हर गंगे के जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कलश यात्रा सीएचसी, बस स्टैंड, थाना, बाजार का भ्रमण करते हुए गंगापुर पचरुखिया गंगा तट पर पहुंचा, जहां श्रद्धालुओं ने जल भरण किया। तत्पश्चात यज्ञाचार्य अरविंद त्रिपाठी सहित विद्वत ब्राह्मणों के वैदिक मंत्रोचार के बीच यजमानों सहित श्रद्धालु भक्तों ने विधिवत पूजन-अर्चन किया। गंगा तट से जल भरण के पश्चात वापस हुई कलश यात्रा यज्ञ मंडप पर आकर संपन्न हुई। इस मौके पर अजय शंकर पांडेय कनक, अभिज्ञान तिवारी, महावीर तिवारी, मुकेश पांडेय, राजेश गुप्ता, रामप्रकाश यादव, हिप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।













## सुरहाताल: बसन्तपुर की तरह मैरिटार का किनारा भी दिखेगा गुलजार

**बलिया।** सुरहा ताल की रौनक अब चारों ओर से बढ़ाने का प्रयास जिला प्रशासन की ओर से हो रहा है। अब बसंतपुर की तरह मैरीटार गांव की तरफ से भी सुरहाताल का किनारा पर्यटन के लिहाज से गुलजार दिखेगा। उधर से भी पर्यटक अब बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह और जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने शांति का प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर मैरिटार सुरहाताल का किनारा भी पर्यटन स्थल के रूप में घोषित किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि सुरहा ताल में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। जिला प्रशासन और हम सब का प्रयास है कि यहां अधिक से अधिक पर्यटक आएं। इससे लोग प्राकृतिक वादियों का आनंद भी ले पाएंगे और इस क्षेत्र का विकास भी होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि बसन्तपुर शहीद स्मारक की भांति इस जगह को भी शानदार पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। मैरिटार में भी बोटिंग रैंप का भी निर्माण किया गया है। साथ ही पर्यटन शेड और वहां पर पर्यटन के लिए आने वाले लोगों के लिए वाटर फिल्टर की भी व्यवस्था की गई है।

**नौकायन प्रतियोगिता का आयोजन :** इस अवसर पर मैरिटार में सुरहाताल के किनारे नौकायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें किनारे के नाविकों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह, जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया। इसमें विवेक साहनी को प्रथम, भोला साहनी को द्वितीय और बसंतपुर के सतेंद्र साहनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस अवसर पर एसपी राजकरन नैय्यर, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, डीडीओ राजित राम मिश्र, बांसडीह एसडीएम राजेश कुमार, एक्सईएन बाढ़ संजय मिश्र सहित अन्य अधिकारी व भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।







## दो युवकों पर अपहरण व बलात्कार का मुकदमा दर्ज

**बैरिया।** क्षेत्र के दो गांवों से दो नाबालिग किशोरियों को बहला-फुसला कर भगा ले जाने और उनसे दुष्कर्म करने के मामले में बैरिया पुलिस ने दो युवकों पर अपहरण, बलात्कार व पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों किशोरियां नाटकीय ढंग से अपने घर वापस आ गई हैं। वह पुलिस को बता रही है कि हम कही घूमने गये थे। पुलिस ने दोनों किशोरियों को बयान व चिकित्सीय परीक्षण कराने के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बैरिया के निकट के एक गांव की एक किशोरी के मामले को लेकर जगन के डेरा निवासी गुलशन गोड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई है। वही, दलित वर्ग की एक किशोरी को भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में इब्राहिमाबाद निवासी सूरज पासवान के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस दोनो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



# सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर शान से फहराया तिरंगा

**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील में उप जिलाधिकारी सुश्री दीप शिखा सिंह ने ध्वजारोहण किया। तहसीलदार ओमप्रकाश पाण्डेय, नायब तहसीलदार दीपक कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन बेल्थरारोड कार्यालय पर अध्यक्ष सरफराज अहमद, उप निबन्धक कार्यालय में सहायक उप निबन्धक ओमप्रकाश, क्षेत्र पंचायत कार्यालय सीयर में खण्ड विकास अधिकारी मधुछन्दा सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर दयाशंकर राय, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश यादव, एडीओ आईएसबी मृत्यंजय राय, सलमा खातून, भूपेन्द्र चौधरी, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, अबुल हसन, प्रकाश, रेशमा प्रजापति आदि मौजूद रहे।


बेल्थरारोड तहसील पर ध्वजारोहण करती एसडीएम दीप शिखा सिंह

उभांव थाने पर कोतवाल राजीव मिश्र, पुलिस चौकी सीयर पर उप निरीक्षक संदीप यादव, सीएचसी सीयर पर अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर डा. रफत कमाल, डा. सतीश कुमार, डा. रणधीर सिंह, डा. संजय कुमार जायसवाल, केके चौहान, एके सिंह, महेन्द्र तिवारी, चन्द्रभान यादव, दिनेश उपाध्याय, आकाश आदि मौजूद रहे। सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली, बिल्थरारोड में स्कूल के प्रबन्धक केके मिश्र व प्रिंसिपल डा. जेआर मिश्र ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर बलराम मिश्र, वाईस प्रिंसिपल श्रीमती शीला मिश्रा मौजूद रहे। लिटिल फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल किड़िहरापुर में भीमपुरा थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने ध्वजारोहण किया।

इस मौके पर प्रबन्धक गिरधर यादव, अखिलेश ठाकुर, प्रिंसिपल श्रीमती दीपा पाल, मनुतोष कुमार सिंह, श्रीकान्त यादव, दिब्या गुप्ता, उमेश पाण्डेय, पूनम पाण्डेय, अनिता सिंह, उर्मिला सिंह, मंजू मौर्या, मीना राय, प्रियंका चौधरी, प्रियंका पाण्डेय, रेनू सिंह, राहुल यादव आदि मौजूद रहे। एमएमडी पब्लिक स्कूल ससना बहादुरपुर में चेयरमैन प्रतीकराज सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एसएस बापू इंस्टीटयूट आफ पालिटेक्निक के प्रिंसिपल पंचशील गोरा, एचओडी प्रमोद गुप्ता, प्रिंसिपल डा. वेदप्रकाश तिवारी, वाईस प्रिंसिपल राकेश मिश्रा मौजूद रहे। नवजीवन इंग्लिस स्कूल में प्रिंसिपल ग्रेसी जोन, रेलवे स्टेशन बिल्थरारोड में स्टेशन अधीक्षक दिनेश कुमार मौर्य, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी सीयर में खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार सिंह, देवेन्द्र पीजी कालेज में प्राचार्य डा. हरेराम सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रो. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. अरविन्द कुमार सिंह, डॉ. पंकज कुमार प्रेम, रामप्रताप चौरसिया, श्रीमती स्मिता सरोज, अभय सिंह, विनोद सिंह आदि मौजूद रहे। न्यू जेन इंस्टीट्यूट आफ कम्प्यूटर टेक्नोलाजी में मैनेजिंग डाईरेक्टर अवधेश प्रजापति ने मां सरस्वती की पूजा पाठ कर ध्वजारोहण किया। आरबी चिल्ड्रेन वैली मुजौना, तुर्तीपार में प्रिंसिपल शुभ्राकर्माकर ने ध्वजारोहण किया।

प्रबन्धक कृष्ण मोहन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अविनाश पाण्डेय, आशीष राय, किशन जायसवाल आदि उपस्थित रहे। सन फ्लावर चिल्ड्रेन स्कूल पर उप प्रबन्धक दिलशाद अहमद तथा प्रिंसिपल सुनिता सिंह ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, संजय गुप्ता, कमलेश कुमार, विकास गुप्ता मौजूद रहे। एनएसडीएम माडल स्कूल चौकियां में एडवोकेट रामसरीक तथा प्रबन्धक प्रह्लाद कुमार ने संयुक्त रुप से ध्वजारोहण किया। इस मौके पर एडवोकेट ललित कुमार, मो. अतहर अंसारी मौजूद रहे।

जिला सहकारी बैंक शाखा बेल्थरारोड तथा क्रय विक्रय समिति सीयर पर बैंक के डायरेक्टर रुद्रप्रताप यादव ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर मैनेजर रजनीश कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे। विद्युत उप खण्ड कार्यालय पर एसडीओ अजय कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर जेई हरीप्रताप प्रजापति मौजूद रहे। वृद्धा आश्रम बिल्थरारोड में प्रबन्धक संजीव कुमार ने तिरंगा फहराया। मां शांति देवी पीजी कालेज बहाटपुर, हल्दीरामपुर में प्राचार्या श्रीमती ज्ञान्ती देबी ने ध्वजारोहण किया। फतेह बहादुर सिह शिवशंकर सिंह पीजी कालेज ससना बहादुरपुर में प्रबन्धक रविशंकर सिंह पिक्कू ने ध्वजारोहण किया। स्व. केशव प्रसाद पीजी कालेज में प्राचार्य राजेन्द्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**सिकंदरपुर।** गणतंत्र दिवस पर स्थानीय तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव, थाना परिसर में थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, ग्रामीण सामग्री स्वच्छता विक्रय केंद्र पर आरआर एसोसिएट के प्रो. रविन्द्र वर्मा, आरआर ट्रेडर्स सहतवार पर उपेन्द्र वर्मा, नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी सीमा राय, सिकंदरपुर पुलिस चौकी में बंश बहादुर सिंह, मालदह चौकी पर चौकी प्रभारी शिवमूर्ति तिवारी, ज्ञानकुंज सीनियर सेकेंडरी एकेडमी में प्रबंधक देवेंद्र नाथ सिंह व प्रधानाचार्य श्रीमती सुधा पाण्डेय, इनक्रेडिबल पब्लिक स्कूल सिकन्दरपुर में प्रबन्धक अजय मिश्रा, गंगोत्री देवी इंटर कालेज में प्रबंधक डॉ. नरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नवोदय आईटीआई तिलौली में प्रबंधक संतोष कुमार वर्मा, परी पैथोलाजी सिकंदरपुर पर पूर्व प्रधान श्रीमती शकुंतला देवी व पत्रकार रमेश जायसवाल, पंचायत भवन चकप्रेमा उर्फ भट्टवाचक में प्रधान अनिल कुमार, बन्दना कोचिंग सेंटर रहिलापाली में सुशील कुमार, स्वामीनाथ सिंह सुरेंद्र महाविद्यालय धर्मपुर काजीपुर में प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह, लिटिल फ्लावर एकेडमी सिकन्दरपुर में प्रबंधक पंकज राय, प्रतीक मेडिकल पर मनोज यादव, नवानगर पंचायत केंद्र पर अनिल कुमार वर्मा, दुर्गावती सेवा सदन पर पत्रकार अजय तिवारी, जमालपुर पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह, ग्राम पंचायत खतन्गी उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधान अशोक कुमार वर्मा, जमुई में अनन्त मिश्रा, आरएसएस गुरुकुल एकेडमी में सांसद रविन्द्र कुशवाहा, चक परुषोत्तिम में ग्राम प्रधान स्वामीनाथ यादव, नूरजहां स्कूल सिकंदरपुर पर शेख अहमद अली संजय भाई, प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षक दिनेश चौधरी, सीएचसी सिकंदरपुर पर अधीक्षक डा. व्यास कुमार, पीएचसी बघुड़ी पर अधीक्षक डा. नीरज कुमार, मानवता बट शिला आश्रम पर सन्त मनोज दास, प्रिया मेडिकल पर विट्टू पाण्डेय, गाजीपाकड़ में राजेश यादव, बहादुर टिम्बर मर्चेंट पर वीर बहादुर शर्मा, जीबीजी कान्वेंट स्कूल पर प्रबन्धक कमलेश यादव, साफ्टनेट कम्प्यूटर कोचिंग पर डायरेक्टर अजय साहनी, वार्ड नम्बर 10 में सोनू गुप्ता, जूनियर हाई स्कूल सिकंदरपुर पर पूर्व विधायक संजय यादव, दिपलोक हास्पिटल पर डा. रश्मि राय, रुद्रवार पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान पवन राय, श्रीवास्तव रेडिमेड पर कौशल श्रीवास्तव, जिला सहकारी बैंक पर जयराम पाण्डेय ने ध्वजारोहण किया।


सिकंदरपुर क्षेत्र में ध्वजारोहण करते मुख्य अतिथि

## धूमधाम से मनाया गया 74वां गणतंत्र दिवस



**बलिया।** गणतंत्र दिवस पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने अपने कैम्प एवं जिलाधिकारी कार्यालय में झंडारोहण किया। साथ ही उपस्थित लोगों को अपने राष्ट्रध्वज और राष्ट्र के प्रति सच्ची श्रद्धा रखने की प्रतिज्ञा दिलाई। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिलाधिकारी कार्यालय में स्थित सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा का माल्यार्पण किया। डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान डीएम ने सेनानी रामविचार पांडेय एवं दिवंगत सेनानी नारायण जी की पत्नी ज्योतिया देवी को माला पहनाने के बाद शाल भेंटकर सम्मानित किया। पतिराम ने राष्ट्र भक्ति से संबंधित गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर शिवकुमार कौशिकेय मौजूद रहे। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति कार्यालय पर सूबेदार दूबे ने झंडारोहण किया। इस मौके पर सूरज समदर्शी, सत्यप्रकाश पांडेय, महमूद आलम, रामअनंत प्रसाद, रामनाथ पासवान, राजेन्द्र चौधरी, सुशील यादव, मोतीलाल राम, नागेन्द्र श्रीवास्तव, नंदलाल, सिद्धनाथ यादव आदि मौजूद रहे। वहीं, वैष्णवी महिला उत्थान समिति आवास विकास कालोनी हरपुर में मीना तिवारी ने झंडारोहण किया। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन कार्यालय पर डा. आरआर प्रसाद ने झंडारोहण किया।

# गणतंत्र दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**मझौवां।** गणतंत्र दिवस पर अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दूबेछपरा में महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना वर्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रबंधक इं. एसके मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने पौधारोपण किया। बौद्धिक गोष्ठी में विषय प्रवर्तन संजय मिश्र ने किया। डॉ. शैलेंद्र कुमार राय ने पौधा दान अभियान शुरू करने की अपील की। प्राचार्य प्रो. गौरी शंकर द्विवेदी के आशीर्वचन से कार्यक्रम का समापन हुआ। वहीं, मदर टरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक स्वामी रविशंकर व विशिष्ठ अतिथि प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव रहे। इस मौके पर सत्यप्रकाश, अभिजीत किशोर, शशिकांत आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रबंधक प्रेम किशोर तथा संचालन दिनेश प्रजापति ने किया। ग्राम पंचायत दिघार के प्रधान प्रतिनिधि मनोज यादव ने पंचायत भवन पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर जेपी पटेल, चन्द्रशेखर यादव, भुवाल सिंह, सुरेश राम, विहारी गोंड, विष्णु प्रकाश, राजेंद्र चौधरी, हैदर अली, दिनेश प्रजापति, अजहर, सुनैना यादव, भृगु नाथ गोंड, रामदयाल यादव, रामाजी यादव, उदय यादव मौजूद रहे। इधर, आदर्श इन्टर कालेज मझौवां के प्रबंधक विनोद गिरी एवं प्रधानाचार्य संजय उपाध्याय ने ध्वजारोहण किया। विजय कुमार सिंह, अनुप शंकर ओझा, धनंजय सिंह, मदन सिंह, राधाकृष्ण पाठक, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे। जूहा स्कूल बेलहरी, पंचायत भवन, प्रावि गरयां शुक्ल छपरा, प्रावि धर्मपुरा पर प्रधान प्रतिनिधि डा. भूपेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। विकास सिंह, राजू सिंह, सूरज राम, चंद्रशेखर सिंह, सुधीर कुमार गोंड, कमलेश तुरहा, अशोक सिंह, दीपक सिंह, मुकेश पटेल आदि मौजूद रहे ।


गणतंत्र दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित डा. भूपेश सिंह


## जगह-जगह फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज


**रेवती।** गणतंत्र दिवस पर विकास खण्ड कार्यालय रेवती पर पूर्व ब्लाक प्रमुख पद्मदेव पाठक की उपस्थिति में बीडीओ दिलिप गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समाजसेवी अजयशंकर पाण्डेय कनक तथा पूर्व सभासदों की उपस्थिति में नगर पंचायत कार्यालय पर लिपिक राधेश्याम वर्मा, सीएचसी रेवती पर डा.बद्रीराज यादव, थाना रेवती पर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने झंडारोहण किया। रेवती इण्टर कालेज में प्रबन्धक प्रमोद कुमार सिंह तथा प्रधानाचार्य अनिरुद्ध सिंह की उपस्थिति में प्रेम प्रकाश सिंह, पीडी इण्टर कालेज गायघाट में प्रधानाचार्य कृष्ण देव मिश्र, मनःस्थली एजुकेशन सेंटर में विद्यालय के संरक्षक सत्य प्रकाश तिवारी तथा प्रधानाचार्य चंद्र मोहन मिश्र की उपस्थिति में प्रबन्धक डा. अरुण प्रकाश तिवारी, शेमुषी विद्यापीठ में डायरेक्टर अभिषेक तिवारी तथा समाजसेवी अभिज्ञान तिवारी की उपस्थिति में पूर्व चेयरमैन रामेश्वर नाथ तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।









74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
अभिमन्यु भारती
ग्राम प्रधान
ग्राम लखनूपुर, ब्लाक-तहबरपुर


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
मनोज सिंह
(सी. डी. पी. ओ.)
निवेदक-पुष्पा मौर्या, (मुख्य सेविका)
बिलरियागंज, आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
मुराही देवी
(ग्राम प्रधान कटात चक कटाव)
विकासखंड-मेंहनगर
जनपद-आजमगढ़


भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद
समस्त नगरवासियों को
गणतंत्र दिवस, बसंत पंचमी
एवं महाशिवरात्रि
की
हार्दिक शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद सदर- आजमगढ़
अध्यक्ष
पद के
प्रत्याशी
ऋत्विक जायसवाल
युवा समाजसेवी


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रमेश चौरसिया
ग्राम प्रधान-करनेहुआ
विकास खण्ड-मेंहनगर, जिला आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
रमेश यादव
(प्रमुख प्रतिनिधि)
विकास खण्ड-बिलरियागंज, आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
राणा प्रताप सिंह
(प्रबंधक)
एम.पी.मेमोरियल चिल्ड्रेन स्कूल
अतरौलिया-आजमगढ़


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पंकज श्रीवास्तव
वीपीएम सामुदायिक
स्वास्थ्य केन्द्र
कैंट, मेंहनगर,
जनपद-आजमगढ़
डॉ0 बृजेश कुमार सिंह
अधीक्षक सामुदायिक
स्वास्थ्य केन्द्र
मेंहनगर, जनपद-आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
डा. सतीश चन्द्र
(अधीक्षक)
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
बिलरियागंज, आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
शोभनाथ वर्मा
(प्रबन्धक)
बिलरियागंज, आजमगढ़


74 वाँ गणतन्त्र दिवस की
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
औबैदा खान
मो0-9450875922




समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतन्त्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
हरिवंश मिश्रा
जिला उपाध्यक्ष भाजपा आजमगढ़


HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR BOYS
Azamgarh Public School
Affiliated to CBSE (10+2)New Delhi • Moral Education Comes Alive.....!!
Wishes You
HAPPY REPUBLIC DAY
WE NOT ONLY TEACH, WE INSPIRE
APS RESIDENTIAL ACADEMY
FOR JEE/NEET
STARTING SOON
(for APS students and others as well)
ADMISSIONS OPEN
for Session : 2023-24
for Classes Nur to IX & XI
Kotila Check Post, Rani Ki Sarai, Azamgarh-Varanasi Road, Azamgarh-276207
9794873348, 9451276056
info@apsazamgarh.org
www.apsazamgarh.com
ASHRAF CREATIONS +919125800226

# स्कूली बस ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौत

जनसंदेश न्यूज बारा

**हादसा**

मृतक सरस्वती पूजा सामाग्री के लिए घर से जा रहा था बाजार

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा,चालक गिरफ्तार

**सेवराई।** बाइक सवार घर के इकलौते चिराग को बच्चों से भरी स्कूली बस चालक ने टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया। जानकारी के अनुसार गहमर गहमर थाना क्षेत्र के मिश्रवलिया गांव के पास गुरुवार की दोपहर एक स्कूल बस की चपेट में आने से बाइक सवार 16 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाते हुए बस सहित चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के पिता के तहरीर बस चालक पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई में जुट गई। जानकारी अनुसार गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव निवासी शशांक सिंह उर्फ शिवम सिंह (16) पुत्र मृत्युंजय सिंह अपने मित्र स्मित सिंह(17) पुत्र उमराव सिंह के साथ सरस्वती पूजा के सामान की खरीदारी करके भदौरा से वापस देवल जा रहा था कि अभी वह मिश्रवलिया गांव के समीप पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही बच्चों से भरी स्कूली बस ने जोरदार टक्कर मारते हुए फरार हो गया। बस के जोरदार धक्के से शशांक उर्फ शिवम का मौके पर ही मौत हो गया। जबकि स्मित सिंह (17) इस घटना में घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गहमर पुलिस को दी । पुलिस के पहुंचते-पहुंचते लोगों की भारी भीड़ सेवराई देवल मार्ग पर जमा हो गई थी। परिजनों के अनुसार शशांक अपने मां-बाप का इकलौता पुत्र था। घटना स्थल पर पहुंचे पिता मृत्युंजय सिंह का रो-रो कर बुरा हाल था। हृदय विदारक घटना से मौके मौजूद सभी लोगों की आंखे नम हो गई । मृतक के पिता की तहरीर पर बस चालक शशिकांत कुशवाहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस विधिक करवाई में जुट गई। इस संदर्भ में थाना निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।


घटना के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़।

# बिहार सीमा पर अपराध रोकने के लिए ग्रामीणों का सहयोग जरूरी

जनसंदेश न्यूज

**बोले एसपी**

यूपी-बिहार सीमा का एसपी ओमवीर सिंह ने किया औचक निरीक्षण

**बारा।** एसपी ओमवीर सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सीओ जमानियां व सेवराई तहसीलदार के साथ यूपी- बिहार सीमा की स्थिति को परखा। सीमा पर पैदल गश्त करने के साथ सीमावर्ती गांव देवल में ग्रामीणों के साथ बैठक कर सीमावर्ती अपराधों, शराब व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने पर जोर दिया। यूपी-बिहार को जोड़ने वाले ताड़ीघाट - बारा मार्ग नेशनल हाइवे 124- सी पर स्थित कर्मनाशा पुल पर पहुंचे एसपी ने पुलिस बल के साथ सीमा पर गश्त कर हालात का जायजा लिया। बारा कर्मनाशा पुल पर स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर असलहे के साथ चार सिपाहियों की 24 घंटे तैनाती के प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए। इसके बाद रिपोर्टिंग पुलिस चौकी बारा का निरीक्षण किया। चौकी के पूर्वी छोर पर चहारदीवारी निर्माण कराने के निर्देश दिए। यहां से एसपी देवल बार्डर पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सीओ जमानियां, सेवराई तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक गहमर, चौकी प्रभारी बारा, देवल, सेवराई, कामाख्या धाम मौजूद रहे। एसपी ओमवीर सिंह ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है। ग्रामीण किसी अवैध गतिविधि की जानकारी होने पर पुलिस समेत जिम्मेदार अफसरों को जरूर सूचना दें। सीमावर्ती अपराध, अवैध तस्करी, शराब व मादक पदार्थों की तस्करी आदि में गहमर थाना पुलिस के साथ ग्रामीणों का सहयोग अहम है। उन्होंने बैठक में मौजूद संभ्रांत नागरिकों को जागरूक होने की सलाह दी। जानकारी पर त्वरित अमल करने के संबंधित पुलिस अफसरों को निर्देश भी दिए। इसके बाद देवल कर्मनाशा पुल पर बिहार के पुलिस चेक पोस्ट तक पैदल गश्त कर स्थिति को परखा। इस दौरान एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती, सीओ जमानियां विजय आनंद शाही, तहसीलदार सेवराई अमित शेखर, प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय, चौकी प्रभारी बारा मनोज कुमार तिवारी, चौकी प्रभारी देवल संदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

































# धूमधाम से मनाया गया 74 वां गणतंत्र दिवस

**उल्लास**

**पुलिस लाइन में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने किया झंडारोहण**

**जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया गया झण्डारोहण**









**मऊ।** 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर जिलाधिकारी अरूण कुमार द्वारा कलेक्ट्रट प्रांगण में झण्डा रोहण किया गया। झंडारोहण के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियो को संकल्प दिलाया कि ह्यह्यहम भारत के लोग भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक आर राजनैतिक न्याय, विचार-अभियक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढ़ संकल्प लेते है। इसके उपरान्त जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक विचार गोष्ठी एवम् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को गणतंत्र दिवस की बधाइयां देते हुए संविधान के नैतिक मूल्यो को जीवन में अपनाने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान हमारे देश को एकता के सूत्र में बाधता है, हमारे देश में विभिन्न जातियॉ, धर्म एवं भाषाओ के लोग रहते है। जिला अधिकारी ने उपस्थित लोगों से संविधान में निहित मूल्यों को अपनी जीवन में भी शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। जिसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाला बच्चों को पुरस्कृत भी किया। उक्त अवसर पर कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रिजर्व पुलिस लाईन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय व समस्त थानों पर परंपरागत व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें पुलिस लाईन के परेड ग्राउंड स्थल पर भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ऐके शर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया एवं उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी गयी, साथ ही समस्त पुलिस कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों का भलीभॉति निर्वहन करने हेतु भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय द्वारा उपस्थित अधिकारी/पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों का अभिनंदन व शुभकामनायें दी गयी तथा आभार प्रकट किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मधुबन अभय सिंह को ऑपरेशन कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह ह्यह्यसिल्वरह्यह्य प्रदान कर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने प्रातः 8:30 बजे नगर पालिका परिषद में ध्वजारोहण करने के उपरान्त 9 बजे सदर चैक पर ध्वजारोहण किया तथा हट्टीमदारी स्थित शहीद स्मारक पर 9:15 बजे दीप प्रज्वलित किया एवं पालिका पुस्तकालय पर 9:25 बजे ध्वजारोहण किया। तीनों स्थानों पर ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान हुआ। पालिका परांगण में राष्ट्रगान के उपरान्त अधिशासी अधिकारी ने गणतंत्र दिवस के 74 वीं वर्षगांठ पर नगरवासियों एवं पालिका कर्मियों को बधाई दी तथा जिलाधिकारी द्वारा दिये गये संकल्प पत्र को पढ़ा।

इसके बाद पालिका के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी झांकी की शक्ल में सदर चैक पाहुँचाकर ध्वजारोहण में शामिल हुये। झण्डारोहण में शामिल पूर्व माध्यमिक वि0 मुगलपुरा, क0पू0मा0वि0 अस्तुपुरा, प्राथमिक विद्यालय युसुफपुरा, बख्शीपुर व हरिकेशपुर की झाकियों को देख कर प्रसन्नता भी व्यक्त की।

दोहरीघाट संवाददाता के अनुसार ब्लॉक मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ राजू राय थाना परिसर में थाना अध्यक्ष हरिशंकर सिंह नगर पंचायत कार्यालय पर प्रधान लिपिक सुशांत त्रिपाठी ने झंडारोहण किया। विक्की इंटर कॉलेज दोहरीघाट में प्रधानाचार्य शाश्वतनंद पांडेय बाबूराम कैलाशी देवी महिला डिग्री कॉलेज रामपुर धनौली में प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राय पर पार्वती महिला डिग्री कॉलेज पर संस्थापक लाल बिहारी द्विवेदी सर्वोदय इंटर कॉलेज दोहरीघाट पर प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राय पूर्वांचल राम लगन इंटर कॉलेज पर प्रधानाचार्य शिवचन्द चैधरी कलपु यादव इंटर कॉलेज पर मखड़ू यादव सरस्वती शिशु मंदिर पर प्रबंधक विनोद वर्मा सरस्वती ज्ञान मंदिर पर प्रधानाचार्य संजीव कुमार मुक्ति धाम सेवा संस्थान पर प्रबंधक गुलाबचंद गुप्त ने झंडारोहण किया। बसंत पंचमी के दिन विद्या की देवी मां वीणा वादिनी सरस्वती देवी की पूजा विधि विधान से की गई विक्ट्री इंटर कॉलेज, बाबूराम कैलाशी देवी पार्वती महिला डिग्री कॉलेज सरस्वती ज्ञान मंदिर पूर्वांचल राम लगन इंटर कॉलेज चैधरी कलपु यादव इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों में मां सरस्वती की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।




# थोक औषधि की 24 व फुटकर औषधि की 25 दुकानों के लाइसेंस निलंबित

**निरीक्षण**

**खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक संपन्न**



**मऊ।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि माह दिसंबर में कुल 152 निरीक्षण के दौरान 22 नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि पिछले प्रेषित जांच नमूनो में से 31 की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिनमें 10 मानक के अनुरूप नहीं पाए गए, 6 नमूने असुरक्षित एवं 2 मिथ्या छाप पाए गए। इस प्रकार कुल 18 नमूने फेल पाए गए। उन्होंने बताया कि अपर जिला अधिकारी द्वारा कुल 9 वादों में निर्णय देते हुए 3 लाख 45 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया। जिलाधिकारी ने फेल हुए कुल 18 नमूनों से संबंधित लोगों को नोटिस देने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन को दिए। इसके अलावा बेकरी उद्योग में प्रयोग होने वाले रंगों की विशेष जांच करने को भी कहा। बैठक के दौरान औषधि निरीक्षक ने बताया इस वित्तीय वर्ष में अब तक 147 औषधि विक्रेता के दुकानों की जांच की गई है जिनमें 73 थोक एवं 74 फुटकर औषधि विक्रेता है। इस दौरान कुल 135 नमूने लिए गए। निरीक्षण में कमियां पाए जाने पर थोक औषधि की 24 एवं फुटकर औषधि की 25 दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। नमूनों की जांच के दौरान 5 अधोमानक एवं 1 मिथ्या छाप गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि अब तक बिना लाइसेंस की दुकान चलाए जाने पर 2 लाख 61 हजार का जुमार्ना भी लगाया गया है। जिलाधिकारी ने बड़ी मात्रा में लाइसेंस धारी दुकानों में कमियां पाए जाने पर लोगों में जागरूकता फैलाने के साथ ही साथ प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश औषधि निरीक्षक को दिए।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के बूथों का किया निरीक्षण

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने विधान परिषद सदस्य के गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्धारित बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय क्षेत्र पंचायत भवन परदहां स्थित 2 बूथों क्रमशः बूथ संख्या 207 एवं 208 तथा नगर पालिका परिषद मऊ नाथ भंजन में बनाए गए 2 बूथों क्रमशः बूथ संख्या 205 एवं 206 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बूथों पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बूथों पर खुली खिड़कियों को बंद करने, अंदर आने एवं बाहर जाने वाले रास्तों की स्थिति, गुप्त मतदान हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा, जिससे मतदान के दौरान किसी तरह का कोई व्यवधान उत्पन्न ना हो।




































## समाजसेवी अनिल सिंह ने विजेताओं में बांटें प्रमाण पत्र

**चील्ह।** विकासखंड कोन के विभिन्न स्थानों पर 74 वां गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी के अवसर पर स्टूडेंट केयर फाउंडेशन, विद्यार्थी रक्षा तंत्र द्वारा मिश्री लाल इंटर कॉलेज के मैदान में खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम व मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें 200 मीटर दौड़ में दीपचंद पाल प्रथम, चंद्रभूषण द्वितीय, आशीष कुमार पाल अतीक खान तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में कोन ब्लॉक स्पोर्टिंग क्लब व रफ्तार स्पोर्टिंग क्लब के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें कोन ब्लॉक स्पोर्टिंग क्लब के खिलाड़ी विजई रहे। इस अवसर पर छात्रों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए मेघावी छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। स्टूडेंट केयर फाउंडेशन के तरफ से सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख पति व कालीन व्यवसाई अनिल सिंह व पीडी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रणजीत सिंह फीता काटकर कार्यक्रम का शुरूआत कराया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजई खिलाड़ियों व मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहित किया गया।

## `संविधान ने हमें एक गणतंत्र देश के नागरिक होने के दिए सभी अधिकार

**अदलहाट।** क्षेत्र के विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया और सरस्वती पूजा का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने झंडा फहराया और बच्चों ने मार्च पास किया। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन लागू हुए संविधान ने हमे एक गणतंत्र देश के नागरिक होने के सभी अधिकार दिए पर जरूरत है कि हम सभी इन अधिकारों का दुरुपयोग न करें और अपने समथ्यार्नुसार देश सेवा में अपना योगदान दें। विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री सौम्या द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिया देश सेवा में लगातार तत्पर हमारी भारतीय सेना के सैनिकों को शत शत नमन हैं। विद्यालय सैनिकों के बच्चों को विशेष सुविधा देते हुए उनके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है। बच्चों ने शानदार पिरामिड बनाकर देश की एकता और अखंडता का परिचय दिया। अपने धन्यवाद ज्ञापन में विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल तिवारी ने कहा कि विद्यालय सदा ही देश को अच्छे नागरिक देने हेतु सतत प्रयत्नशील है जिसके लिए विद्यालय के शिक्षक बच्चों को विषय शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों के पालन की शिक्षा भी देते हैं और देश सेवा में अपना योगदान करते हैं। इस दौरान आलोक सिंह, सविता सिंह, राजेश तिवारी, प्रवीण सिंह, अंकित सिंह, निशा सिंह, अल्पना श्रीवास्तव, अंशु राय, बेबी अर्चना, जयति चंदन, राजा भूपेंद्र, शाहिद इरफान, यास्मीन, बिक्कु बरनवाल, सरिता गुप्ता, अश्विनी मिश्र इत्यादि ने कार्यक्रम के संचालन व संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस





आयुक्त कार्यालय पर ध्वजारोहण करते आयुक्त, बालिकाओं को सम्मानित करतीं डीएम, गोष्ठी को संबोधित करतीं डीएम

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के 74वीं वर्षगांठ को जनपद में पूरे हर्षोल्लास, भव्यता व धूम-धाम के मनाया गया। जनपद के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहरण के साथ पुलिस लाइन परेड गांउड में राष्ट्रीयता प्रति आधारित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं के द्वारा आकर्षक एवं मनोहारी कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। उसी दिन बंसत पंचमी पर्व के दृष्टिगत कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन भी किया गया। मण्डलायुक्त डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 ने आयुक्त कार्यालय में ध्वजारोहण करने के पश्चात उपस्थित मण्डलीय अधिकारियों कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर सुन्दर मुन्दर स्कूल छात्राओं एवं लोकगायिका उषा गुप्ता तथा शिव लाल गुप्ता के द्वारा देश भक्ति गीत सुनाकर अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

मण्डलायुक्त ने कहा गया कि हमारे देश के संविधान को लागू हुये 74 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। भारतीय संविधान के मुकाबलें विश्व में किसी देश का संविधान नही हैं। उन्होने कहा कि इसमें देश के सभी वर्गो के लिये राजनैतिक न्याय, अभिव्यक्ति, राष्ट्रीय एकता, विश्वास, धर्म, उपासना की स्वतंत्रता तथा प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिये तथा व्यक्ति की गरिमा को बनाये रखने के लिये उल्लिखित किया गया हैं। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चन्द्र, आयुक्त प्रशासन रमेश यादव के अलावा अन्य सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभागार में ध्वजारोहण किया गया तथा भारत को लोकतंत्रतात्मक गणराज्य बनाये रखने के प्रति संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा आयोजित क्रास कंट्री रेस में विजयी प्रतिभागिओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट कर्मचारियों के द्वारा अपने गीत व भाषण के माध्यम से देश को विकास के पथ पर ले जाने का संदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने संदेश में कहा कि भारत की एकता और अखण्ता को सुनिश्चित करने के लिये हम सभी कर्तव्य है कि दृढ़ संकल्प होकर अपने देश के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित व आत्समर्पित करते हुये जो जिस पद पर है अपने कर्तव्यों का निष्ठा व लगन के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल, नमामि गंगे अमरेन्द्र कुमार वर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी भरत लाल सरोज, डिप्टी कलेक्टर सिद्धार्थ यादव उप जिलाधिकारी न्यायिक लालंगज बी0के0 सिंह उपस्थित रहे। इसके पूर्व जिलाधिकारी द्वारा शहीद उद्यान नारघाट पहुंचकर ध्वजारोहण किया गया तथा स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण उन्हे श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर शहीद उद्यान के संरक्षक शिव लाल अवस्थी, ए0बी0सी0 कारपेट के पोप्रराइटर सी0वी0 गुप्ता तथा नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।


## 74वें गणतन्त्र दिवस पर परेड व सांस्कृतिक समारोह का हुआ भव्य आयोजन

**मीरजापुर।** 74वें गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मीरजापुर में भव्य परेड व सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल बतौर मुख्य अतिथि के रूम में आमंत्रित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया तथा सलामी दी गयी।



मंत्री को प्रतीक चिन्ह देते आयुक्त, डीएम व एसपी


तदोपरान्त मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल द्वारा पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के साथ केसरिया, सफेद व हरे रंग के गुब्बारों के समूह को ऊपर आसमान की तरफ उड़ाते हुए देशभक्ति, एकता व शांति का संदेश दिया गया। प्रथम परेड कमाण्डर के अनुरोध पर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक के साथ पुष्प मालाओं से सुसज्जित वाहन पर सवार होकर प्रथम परेड कमाण्डर के साथ परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त रैतिक परेड प्रथम परेड कमाण्डर के कमाण्ड पर राष्ट्रगान की धुन पर हर्ष फायरिंग की कार्यवाही की गयी। तत्पश्चात परेड को मार्चअप कराते हुए मंच से गुजारा गया। परेड द्वारा मंच से गुजरते हुए टोली व दस्तेवार मुख्य अतिथि को सलामी दी गयी। इस दौरान पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी के द्वारा परेड में शामिल कर्मियों का हौसला अफजाई कर तालियां बजाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड सहित उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनायें रखने हेतु शपथ दिलाकर सम्बोधित किया गया तथा बेहतरिन व सुरुचिपूर्ण भव्य रैतिक परेड प्रदर्शन हेतु रिवार्ड लीव की घोषणा करते हुए 21000/- से पुरस्कृत किया गया। परेड में सम्मिलित टोली कमाण्डर, वाहन दस्ता सहित टीम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी नगर को प्रदान किया गया तथा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल को स्मृति चिह्न दिया गया। उक्त परेड एवं सांस्कृतिक समारोह के दौरान मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण मौजूद रहे।





















































ADITYA BIRLA
GRASIM
GRASIM INDUSTRIES LIMITED
CHEMICAL DIVISION - RENUKOOT
Our Main Products & Services:
- Caustic Soda Lye
- Liquid Chlorine
- Hydrochloric Acid
- Caustic Soda Flakes
- Hydrogen
- Stable Bleaching Powder
- Aluminium Chloride
- Poly Aluminium Chloride
- Chlorinated Paraffin Wax
- Power Plant

Address:
GRASIM INDUSTRIES LIMITED
CHEMICAL DIVISION - RENUKOOT
P.O. RENUKOOT – 231217 DISTT SONEBHADRA (U.P.) INDIA
TEL: (05446), 252044, 252055, 252075 FAX No. 05446-252088

# आइजी ने चौपाल लगा सुनी ग्रामीणों की समस्या

**सोनभद्र।** अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन राम कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह द्वारा चौकी पोखरिया के ग्राम बसुहारी कला में जनचौपाल लगाकर लोगों की समस्यायें सुनी समस्याओं के निदान हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस दौरान ग्रामीणों ने पानी, बिजली, स्वास्थ्य सम्बन्धी मुख्य समस्याएं बतायीं। आईजी ने ग्रामीणों को बच्चों को स्कूल भेजने व शिक्षित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है। शिक्षा से क्षेत्र का विकास होने के साथ जीवनस्तर में सुधार होता है।

वहीं थाना परिसर में चौकीदारों का सम्मेलन कर उनकी समस्यायें सुनीं। तत्पश्चात चौकी चाचीकला में रात्रि विश्राम किया गया। इस दौरान आईजी ने ग्रामीणों का आहवान करते हुए कहा कि सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र में मादक पदार्थ बनाने/बेचने व परिवहन करने वाले, गोतस्कर, चोरी आदि के अपराध एवं अपराधियों के बारे में गोपनीय सूचना दें, जिससे समय रहते अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा सके। जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा दिये गये सुझाव व समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों नर्देश दिये गये। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ओबरा शंकर प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर डा. चारु द्विवेदी, नगर राहुल पाण्डेय समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो जख्मी


**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र तेलगुड़वा चौराहे पर शुक्रवार को क्रासिंग पर अज्ञात बोलेरो कैम्पर के टक्कर में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपसा के कर्मचारियों द्वारा निजी चिकित्सालय ले जाया गया। मोटरसाइकिल सवार 29 वर्षीय विपिन कुमार पुत्र राम श्याम सिंह व 33 वर्षीय आशीष कुमार सिंह पुत्र विरेन्द्र कुमार रेणुकूट एक मकान का किराया वसूलने जा रहा था, तभी रेणुकूट की तरफ आ रही बोलेरो कैम्पर अचानक तेलगुड़वा रोड पर मुड़ गया, जिससे बोलेरो कैम्पर व बाइक की टक्कर हो गई। घटना होते ही आसपास के लोग एकत्र हो गए।


## बाइक के धक्के से बालक की मौत

म्योरपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के पतेरिटोला में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार बाइक के धक्के से रामाशंकर के आठ वर्षीय पुत्र शिवम की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार पतेरिटोला निवासी शिवम 8 पुत्र रामशंकर अपनी मां से 20 रुपये लेकर दुकान से कापी खरीदने गया था, परंतु सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार ने धक्का मार दिया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, वहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सवार ने एक अन्य बाइक सवार को भी धक्का मार दिया, जिससे दूसरे बाइक पर सवार खुसबू 22 पत्नी रमेश निवासी पिंडारी भी घायल हो गयी। बालक को धक्का मारने वाले युवक देव प्रसाद निवासी मेंढारी बसन्तपुर, छतीसगढ़ को भी चोंटे आयी। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## परीक्षा चर्चा कार्यक्रम में नवोदय की छात्रा ने पीएम से की बात

**सोनभद्र।** जवाहर नवोदय विद्यालय बहुआर सोनभद्र के कक्षा दस की छात्रा वैदेही की पेंटिंग जो की थीम वसुधैव कुटुंबकम पर आधारित थी का चयन पीएम के परिक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रस्तुति के लिए नवोदय विद्यालय समिति द्वारा किया गया था। जिस पेंटिंग को पीएम के समक्ष वैदेही दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम की गैलरी में प्रस्तुत कर रही है तथा भारत का विश्व शान्ति एवं विकास में योगदान की व्याख्या कर रही है।








जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



समर बहादुर सिंह
एडीओ पंचायत, दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
यदुनाथ यादव
प्रधान
ग्राम पंचायत कोलिनडूबा
दुद्धी सोनभद्र
अरशद खां
ग्राम पंचायत अधिकारी, दुद्धी सोनभद्र




जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नकछेदी यादव
प्रधान-ग्राम पंचायत बोम, दुद्धी सोनभद्र




राकेश यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी, दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश यादव
प्रधान
म पंचायत केवाल
ध्यक्ष प्रधान संघ
दुद्धी-सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लालती देवी
प्रधान-ग्राम पंचायत झारोखुर्द
दुद्धी सोनभद्र
आशा यादव
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





ममता देवी
प्रधान-ग्राम पंचायत पीपरडीह
दुद्धी सोनभद्र
विजय बहादुर
ग्राम पंचायत अधिकारी
दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





अब्दुल्लाह
प्रधान-ग्राम पंचायत बघाड़ू
दुद्धी सोनभद्र
अरुण कुमार वर्मा
ग्राम पंचायत अधिकारी
दुद्धी सोनभद्र



जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिव कुमार
प्रधान-मुर्ता, दुद्धी सोनभद्र
सुषमा तिवारी
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उदय पाल
प्रधान-बैरखड़, दुद्धी सोनभद्र



अरुण यादव
ग्राम पंचायत अधिकारी, दुद्धी सोनभद्र

जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं





राघवेन्द्र सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी दुद्धी सोनभद्र
संजय कुशवाहा
ग्राम प्रधान कादल, दुद्धी सोनभद्र



# सोनांचल में शान से लहराया तिरंगा, निकाली गयी प्रभातफेरी



ध्वजारोहण करते डा. प्रमोद कुमार प्रजापति



एसपी को स्मृति चिह्न देते राज्यमंत्री



एमवीएम पब्लिक स्कूल में बच्चों के साथ राष्ट्र ध्वज को सलामी देते प्रबंधक रमाशंकर दूबे

**गणतंत्र दिवस**

## आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुलिस लाइन में हुआ विशेष आयोजन

**सोनभद्र।** जिले में गणतंन्त्र दिवस समारोह गुरुवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। वहीं सरकारी, गैर सरकारी, शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गयी। इस दौरान विद्यालयों के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली, जिसमें सजी झांकिया आकर्षण का केंद्र रहीं। इस क्रम में डीएम चंद्रविजय सिंह ने कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। इस दौरान राष्ट्रगान, संविधान संकल्प आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन चुर्क में राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ द्वारा पुलिस परेड की सलामी ली गयी। इस दौरान जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को राज्यमंत्री द्वारा स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस विभाग द्वारा बेहतर कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परेड कार्यक्रम का आयोजन आकर्षण रहा। उन्होंने गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए गणतंत्र/लोकतंत्र को और मजबूत बनाने पर बल दिया।

स्वतंत्र सेनानियों, अमर शहीदों को याद करते हुए कहा कि उनकी कड़ी मेहनत व संघर्ष का परिणाम है कि आज हम गणतंत्र दिवस एक उत्सव के रूप में मना रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कर वोट प्रतिशत को शत-प्रतिशत तक लाने का प्रयास करें, ताकि लोकतंत्र को मजबूत बनाया जा सके।

उन्होंने राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र की भावना को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया। ऐसे ही लाइफ केयर एंड ट्रामा सेंटर में हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं पूर्व आर्थोपेडिक सर्जन जिला अस्पताल डा. प्रमोद कुमार प्रजापति व प्रबंधक डा. रेखा प्रजापति ने ध्वाजारोहण किया। इस मौके पर डा. आशीष मिश्रा, डा. पीके सिंह, डा. अविनाश त्रिपाठी, प्रीति सिंह, योगेश मिश्रा, जितेंद्र पांडेय, महेंद्र, महेश, सुरेश आदि रहे। इसी तरह गणतंत्र दिवस के अवसर पर मां शिव देवी पीजी कालेज शाहगंज में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया।



कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण करते डीएम

जिसमें विद्यालय के प्रबंधक जय प्रकाश पांडेय उर्फ चेखूर पांडेय और प्रधानाचार्य प्रमोद शुक्ला तथा भाजपा नेता माला चौबे के गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। बच्चों द्वारा अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया।

हमारे देश के वीर सपूतों के बलिदानों को याद करते हुए गाथाओं के बारे में बताया गया। शाहगंज के ग्राम प्रधान ईशान अली, शिक्षक सौरभ शुक्ला, मोहन प्रजापति, दशरथा तिवारी आदि बड़ी संख्या में कालेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन ओमप्रकाश पांडेय ने किया।

वहीं मां वैष्णों मार्डन पब्लिक स्कूल में प्रबंधक रमाशंकर दूबे ने ध्वाजारोहण किया। इस दौरान प्रबंधक ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत हुई। इस मौके पर प्रधानाचार्य सत्यदेव श्रीवास्तव, उमाकांत शुक्ला, शालिनी श्रीवास्तव, रिचा पांडेय, प्रियंका शुक्ला, निगम, अमित त्रिपाठी आदि रहे। वही राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। प्रधानाचार्या सुश्री रंजना शुक्ला, कामना मिश्रा, चंद्र किरण पांडेय, भावना रानी, निशा सिंह, सीमा सिंह, वंदना सिंह आदि मौजूद रही।


## दुद्धी में गणतंत्र दिवस की रही धूम, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**दुद्धी।** तहसील क्षेत्र के सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस धूम रही। इस दौरान ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी देते हुए वीर शहीदों को नमन किया गया। सेंट मेरी स्कूल, सेंट जेवियर्स, जेम्स इंग्लिश स्कूल, डीपीएस स्कूल में ध्वजारोहण के साथ तिरंगे झंडे को सलामी दी गयी। तहसील मुख्यालय पर एसडीएम शैलेन्द्र मिश्रा, ब्लॉक पर प्रभारी बीडीओ सुनील कुमार सिंह, ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एबीएसए महेंद्र मौर्या, दुद्धी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय, महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ नीलांजन मजूमदार, राजकीय आईटीआई में प्रिंसिपल जीएस यादव, राजकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य ऋषिकेश पाठक, क्रय विक्रय कार्यालय पर अध्यक्ष रामेश्वर राय, डीसीएफ कार्यालय पर अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रहरि, लैम्पस पर अंजनी जायसवाल ने ध्वजारोहण कर झंडे को सलामी दी। डीएलसी इंग्लिश मीडियम स्कूल में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए तथा झंडारोहण विद्यालय के प्रबंधक श्रवण कुमार ने किया। बार एसोसिएशन संघ के चेयरमैन विजय कुमार सिंह ने झंडारोहण कर झंडे को सलामी दी। वहीं सिविल बार संघ के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने झंडारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके पूर्व झंडारोहण कर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्वेता सिंह ने तिरंगे झंडे को सलामी दी।



























































## चोपन में गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**चोपन।** क्षेत्र में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शान से तिरंगा फहराया गया। वहीं जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। जबकि कई विद्यालयों में बच्चों ने प्रभातफेरी भी निकाली। सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस के मौके पर संस्थान के प्रमुख द्वारा झंडोत्तोलन करते हुए तिरंगे को सलामी दी गई। इसी प्रकार आदर्श महाविद्यालय सलखन में संस्थापक हाजी वकील अहमद , रेल कर्मचारी इंटर कालेज में अध्यक्ष राजनारायण सिंह, गुरुद्वारा इंटर कालेज में अध्यक्ष सरदार सुलख्खन सिंह, आर्य समाज स्कूल में प्रधान प्रकाश दास, थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, नगर पंचायत कार्यालय पर ईओ महेंद्र सिंह, ब्लाक परिसर में ब्लाक प्रमुख लीला देवी गोड़ ने झण्डा फहराया। उन्होंने कहा कि जो सपना हमारे अमर शहीदों ने संजोया था उसको पूरा करने के लिए हम अग्रसर रहें तथा अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों को ईमानदारी से निभायें, यही अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## लैंको में समारोह पूर्वक मना गणतंत्र दिवस

**अनपरा।** लैंको द्वारा 74वां गणतन्त्रता दिवस आवासीय परिसर में हर्षोल्लास से मनाया गया। परियोजना परिसर में आयोजित समारोह में संस्थान के मुखिया सन्दीप गोस्वामी ने ध्वज फहराने के पश्चात् सुरक्षा अधिकारी केएल गोस्वामी की अगुवाई में परेड की सलामी ली। परियोजना प्रमुख ने कर्मचारियों द्वारा पूरी निष्ठा व



लगन के साथ उप्र शासन की मांग के अनुसार विद्युत उत्पादन कर राष्ट्र की प्रगति में बहुमूल्य योगदान के लिए अपने कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए प्रोत्साहित किया। उन्होनें उम्मीद जताई की जिस प्रकार विपरित परिस्थितियों में परियोजना द्वारा विद्युत उत्पादन किया जा रहा है उसी प्रकार आगे भी अपने लक्ष्य का प्राप्त करने का सतत् प्रयास जारी रहेगा। कार्यक्रम में नन्हें मुन्नें बच्चों के देश भक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। अन्त में लैंको के विभिन्न विभागों में कार्यरत 75 स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों को उनके विशेष योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस अवसर वरिष्ठ महाप्रबन्धक कुलदीप शर्मा, महाप्रबन्धक एसडी सिंह, वरिष्ठ उपमहाप्रबन्धक एनएन तिवारी, एसके द्विवेदी, उपमहाप्रबन्धक उमाशंकर अल्लुरी, सुकेन मिश्रा समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को में उल्लासपूर्वक मना गणतंत्र दिवस समारोह



तिरंगे को सलामी देते मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के सीओओ एन. नागेश

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में 74वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फुटबॉल मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एन. नागेश ने आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, एबीआईसी के बैण्ड की धुनों पर एन.सी.सी. कैडेट्स व सुरक्षा जवानों के परेड की सलामी ली तथा तिरंगा फहरा कर सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही सरकार द्वारा आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला को पद्मभूषण से सम्मानित किये जाने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य अतिथि ने महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, अमर शहीदों व जवानों को नमन करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को याद करते हुये यह शपथ लेनी होगी कि हम पूरी मेहनत, निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने-अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देश और संस्थान की तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सभी कर्मचारी भाईयों को लगन, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ संस्थान को गौरवान्वित करने हेतु दिये गये उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने हिण्डाल्को संस्थान को विभिन्न क्षेत्रों में मिले सम्मानों व पुरस्कारों के लिये सभी सहकर्मियों को बधाई दी। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मनोरंजनालय विभाग के वेद प्रकाश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कर्मचारी, मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं श्रमिक परिवार सहित एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रेणुकूट में गणतंत्र दिवस पर हुए विविध आयोजन

**रेणुकूट।** नगर परिक्षेत्र में स्थित विभिन्न संस्थानों एवं विद्यालयों में बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर में स्थित बिड़ला कार्बन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्लांट परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत रेणुकूट इकाई प्रमुख आरके रघुवंशी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया। इकाई प्रमुख ने कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए अपने संबोधन में कहा कि देश आज 74 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमारा संस्थान भी देश के विकास में अपना योगदान दे रहा है। हम प्रत्येक व्यक्ति के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के साथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्पित हैं। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव को लेकर कंपनी अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को लेकर बड़ा लक्ष्य तय कर रही है।

# टाटा मोटर्स शो रूम का हुआ उद्घाटन

**सोनभद्र।** लोढ़ी स्थित टाटा मोटर्स के शो रूम का शुक्रवार को भव्य उद्घाटन विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन कर किया गया। टाटा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास परिषद के चंद्रमौली उपाध्याय ने फीता काटकर किया। इसके पश्चात ट्राइडेंट विकल्स प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन फतेह बहादुर सिंह ने नारियल फोड़कर विधि विधान के साथ पूजन किया। टाटा कम्पनी के जनरल मैनेजर उत्तम सिंह ने गाड़ियों के खुबियों के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर 21 गाड़ियों की चाबी ग्राहकों को सौंपी गई। उत्तम सिंह ने बताया कि टाटा मोटर्स शोरूम का खुलना बाजार



व्यवसाय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। पहले लोगों को टाटा कि गाड़ियां खरीदने के लिए बाहर जाना पड़ता था। अब यह सुविधा मिलने से लोगों में नया उत्साह आएगा। बताया कि टाटा मोटर्स में एक ही छत के नीचे सेल्स, सभी गाडियों की सेल्स, सर्विस व एक्सीडेंटल की सुविधा उपलब्ध है। शो रूम के मालिक रणविजय सिंह ने उद्घाटन कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इसके पहले टाटा कार के उपभोक्ताओं को दूसरे जनपद सर्विस के लिए जाना पड़ता था। जनपद सोनभद्र में टाटा की पहली डीलरशीप है। यहाँ 6 लाख से लेकर 30 लाख तक की गाड़ियां उपलब्ध है। सेफ्टी रेटिंग में भारत में चार व पांच स्टार रेटिंग प्राप्त है। इस मौके पर एआरटीओ धनवीर यादव, पूर्व विधायक रमेश चंद्र दूबे, सुनील तिवारी, करुणेश शर्मा आदि अतिथि रहे।



# कलेक्ट्रेट भवन में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण


कलेक्ट्रेट पर ध्वजारोहण करते जिलाधिकारी


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लालचन्द तिवारी को सम्मानित करते जिलाधिकारी

**आयोजन**

**प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के समान अवसर मिलना चाहिए-डीएम**

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में झण्डारोहण किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित लोगों को संविधान की शपथ दिलायी गयी। जिलाधिकारी ने व्योवृद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लालचन्द तिवारी को शाल एवं नारियल देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट दिशा श्रीवास्तव एवं जीजीआईसी की छात्राओं व दिव्यज्योति यादव द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति की गयी, जो काफी सराहनीय रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सब लोग 74वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति राष्ट्र की सम्पदा है, अतः प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के समान अवसर मिलना चाहिए।

उन्होने बताया कि कलेक्टर की संस्था सबसे पुरानी संस्था है, इस संस्था का जनपदीय प्रशासन में अहम भूमिका है, इसलिए हम सभी को बिना भेदभाव के जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए बेहद खराब स्थिति तब होती है, जब आम जनता को लगने लगे कि उसको अब न्याय नही मिलेगा, इसलिए हम सभी उचित निर्णय लेते हुए निर्धारित समय में दिये गये दायित्वों को पूरा करें, जिससे लोगों का शासन, प्रशासन व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़े। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहीदों के जीवन से सीख लेते हुए देश सेवा के प्रति हों समर्पितःराजेन्द्र प्रसाद

**तेरी मिट्टी में मिल जावां गाने पर छात्रों ने की मनमोहक प्रस्तुति**

**आजमगढ़।** हरबंशपुर स्थित सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74 वें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक, प्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य उमेश कुमार उपाध्याय एवं विद्यालय की निदेशिका कंचन यादव ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। गयातत्पश्चात राष्ट्रगान वंदे मातरम् और झंडा गीत के उपरान्त विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में समूह गीत ऐ वतन, मेरे देश की धरती सामूहिक नृत्य मेरी शान है तिरंगा तेरी मिट्टी में मिल जाँवा आदि की झनकार पर लोग हर्षातिरेक से झूम उठे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

## गणतंत्र दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किया विविध कार्यक्रम

**आजमगढ़।** महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह बहुत ही धूमधाम से मनाया गया सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक डी पी मौर्या प्रधानाचार्य राम नयन मौर्य निदेशक नरेंद्र यादव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समस्त देशभक्तों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति काफी सराहनीय रही। कक्षा सात की छात्राओं ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जिस पर तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा प्रांगण गूंज उठा इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने


सरस्वती पूजन करते विद्यालय के प्रबंधक व अध्यापकगण

सबसे आगे होंगे हिंदुस्तानी की प्रस्तुति देकर हिंदुस्तानी होने का एक मिसाल दी। छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, राहुल तिवारी (अनुशासन अधिकारी) शरद गुप्ता एक्टिविटी टीचर किशन यादव, नमिता यादव, धीरेंद्र मोहन, रोहित विश्वकर्मा संगीत अध्यापक आदित्य मिश्रा आर.सी. मौर्या, ओमकार यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री दयालु ने किया ध्वजारोहण, परेड की ली सलामी


परेड की सलामी लेते राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन, के प्रांगण में भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान-प्रणाम स्वीकार करते हुए कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, अखिलेश कुमार, जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व अन्य अधिकारी गण भी मौजूद रहें। अतिथि गण का स्वागत पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राहुल रूसिया व अन्य अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि व पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा भव्य परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मलित आठ टोलियों का नेतृत्व प्रथम परेड कमाण्डर शक्ति मोहन अवस्थी, द्वितीय परेड कमाण्डर गौरव शर्मा, तृतीय परेड कमाण्डर विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया। इन टोलियों में पुलिस कास्टेबल, नागरिक पुलिस, सीईआर, एईआर, महिला पीएसी, होमगार्डस, सीटीएस के कर्मियों ने प्रतिभाग किया है। पुलिस विभाग के अन्य दस्ता जैसे मोटर साईकिल स्क्वायड, वायरलेस, फिल्ड यूनिट, डाग स्क्वायड, डायल 112 मोटर साइकिल, डायल 112 इनोवा, डायल 112 बोलेरो, इगल मोबाइल मो. साइकलि एन्टी रोमियो, सर्विलांस, क्यूआरटी दस्ता, स्वाट टीम (वज्र), कैम्मो फ्लाइज वाहन (आधुनिक दस्ता) फायर सर्विस सहित अन्य दस्ता द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन परेड ग्राउंड मे 5 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों के कार्यक्रम को देख लोग मंत्रमुग्ध हो गये।

### उत्कृष्ट सेवा पदक से 52 लोगों को किया गया सम्मानित

**आजमगढ़।** मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यालय स्तर से श्री शक्ति मोहन अवस्थी, सहायक पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़, को पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह रजत से सम्मानित किया गया। इसी की साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यालय स्तर से (गृह मंत्रालय भारत सरकार का अति उत्कृष्ट, उत्कृष्ठ सेवा पदक तथा सराहनीय सेवा पदक कुल 52 पदक) पुलिस महानिदेशक अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी को भी मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया।


सीपीएस जाफरपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

## महापुरुषों से प्रेरणा लेने की जरूरतः नवाज अहमद खां

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस पर सेंट्रल पब्लिक स्कूल्स आफ ग्रुप में संबंधित प्रबंधकों ने ध्वजारोहण किया। सह संस्थापिका तरन्नुम खानम एवं प्रबंधक नवाज अहमद खां ने राष्ट्र ध्वज फहराया। छात्र, छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के रंगोली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम ओ देश मेरे, तेरी शान पे, सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम नौजवान देश के जो शहीद हुए सरहद पर आदि की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने जिले का इतिहास बताते हुए बताया कि आजमगढ़ की भूमि ऋषियों, मुनियों की कर्मभूमि एवं तपस्थली के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन के समय में भी जिले का विशेष महत्व रहा है। प्रधानाचार्या रेखा सिंह ने गणतंत्र दिवस के साथ ही बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी। प्रबंधक नवाज अहमद खां ने महापुरुषों के बलिदान को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने और देश को ऊंचाईयों तक पहुंचाने का प्रयास करते रहना चाहिए। हर भारतीय का कर्तव्य बनता है कि वह देश के विकास के लिए अपना पूरा योगदान दे। संस्थापक अयाज अहमद खां ने छात्र, छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

**फरिहा (आजमगढ़)।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान प्रस्तुत कर विद्यालय के छात्रों ने विविधि कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस के 74 वीं वर्षगांठ पर तहसील और ग्राम स्तर पर राष्ट्रीयता की भावना पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए और बड़े ही शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। गणतंत्र दिवस पर महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवंऐतिहासिक स्थानों व विद्यालयो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिसके क्रम में शेख मसूद इन्टर कालेज फरिहा, अभिनव पब्लिक स्कूल अमौडा, यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल रोवा, विनायक ग्रुप आफ कालेजेज मनराजी देवी इन्टर कालेज में तिरंगा फहराया गया जहां पर अभिभावक सहित बच्चे उपस्थित रहे। अभिनव पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रभात फेरी निकली इसी क्रम में शेख मसूद इन्टर कालेज में बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

## बेखौफ आजाद है जीना मुझे.......

**आजमगढ़।** कोटिला चेक पोस्ट स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74वें गणतंत्र का आयोजन किया गया। प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का आगाज किया। तत्पश्चात राष्ट्रगान गाए गए एवं छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकालकर देश के शहीदों को नमन किया गया। विद्यालय के छात्रों ने क्रमशः अंग्रेजी, हिंदी एवं उर्दू भाषण द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पुलिस लाइन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा नारी सशक्तिकरणह्व पर गीत की प्रस्तुति ह्वबेखौफ आजाद है जीना मुझे, बेखौफ आजाद है रहना मुझेह्व अत्यंत ही मनोहारी तथा आकर्षक रही। प्रबंधक मोहम्मद नोमान ने कहा कि अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखना, हम सभी का नैतिक कर्तव्य है, इसलिए राष्ट्र के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करना चाहिए। प्रधानाचार्या हुमा वसीम ने कहा कि आज के दिन भारत ने अपना संविधान लागू किया और देश को गणतंत्र का दर्जा प्राप्त हुआ, इसलिए सभी का देश के प्रति कुछ कर्तव्य है, जिनका हम सभी को निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर सहसंयोजिका ऋचा मिश्रा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, छात्र, छात्राएं उपस्थित रहीं।


तिरंगे को सलामी देती आजमगढ़ पब्लिक स्कूल की छात्राएं

# डीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया


पुलिस लाईन परिसर में गणतंत्र दिवस पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर एवं डीएम-एसपी।

**उत्साह**

### शान से लहराया तिरंगा जन गण मन की रही गूंज

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट में डीएम ने ध्वजारोहण करने के बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। नेहरू स्टेडियम से आयोजित दौड़ प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर समेत पूरे जनपद में सरकारी एवं गैर सरकारी शैक्षिक संस्थानों में गणतंत्र दिवस गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विविध कार्यक्रमों की धूम रही। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।


कैंप कार्यालय पर गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण करते कांग्रेसी।


गणतंत्र दिवस पर देवा स्थित आरएस अस्पताल में छात्राओं को सम्मानित करते मुख्यअतिथि।


बंधवा स्थित गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण करते माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव।


फदनापुर बोरसिया स्थित सत्यदेव ग्रुप आफ कालेज में झंडारोहण करते निदेशक सानंद सिंह।


मियांपुरा स्थित शाहफैज पब्लिक स्कूल में कर्मचारी को पुरस्कृत करती आतिया अधहमी।


मर्जाबाद चट्टी पर मां सरस्वती की प्रतिमा।

### केंद्रीय मंत्री ने प्रभुनाथ चौहान को दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री तथा चंदौली लोकसभा के सांसद महेन्द्र नाथ पांडेय वृहस्पतिवार देर रात भाजपा के दिवंगत पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभुनाथ चौहान के घर पहुंचे। जहाँ उन्होंने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रभुनाथ चौहान का 17 जनवरी की सुबह आकस्मिक निधन हो गया था।इस निधन से दुखी मा मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय ने परिजनों से मिलकर कहा कि इस दुख कि घड़ी में हम आप सबके साथ है। प्रभुनाथ ने बहुत बड़ी सामाजिक कमाई कि है अपना बहुत ही प्रिय साथी बताते हुए उन्होंने कहा कि हम लोग साथ साथ भाजपा और समाज का काम करते थे। इनका निधन स्तब्ध करने वाला है, वो भाजपा और समाज के जिन्दादिल जनप्रिय नेता थे जो अनन्त संभावनाओं से भरे थे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह,प्रवीण सिंह,सुनिल सिंह अच्छेलाल गुप्ता, सुरेश बिंद, मनोज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अनिल पांडेय, सुरेन्द्र चौहान,रमेश प्रजापति आदि उपस्थित थे।

### डीएम ने शान-बान से फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** कलेक्ट्रेट में 74 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभी को एकता और अखंडता की शपथ दिलाई। इसके उपरान्त स्कूली बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितो को अंगवस्त्रम व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। रायफल क्लब सभागार में जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों/आश्रितों को अंगवत्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गयी,। गणतंत्र दिवस समारोह मे अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** जिला कॉग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पवन अवसर पर कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर मिष्ठान वितरण किया गया ततपश्चात स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सुजवालपुर, रजदेपुर, नुरूद्दीनपुरा, कपुरपुर, चम्पियबाग आदि मोहल्लों में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान चला कर शुरू की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे, जनक कुशवाहा, मारकंडेय सिंह, शफीक अहमद,अजय कुमार श्रीवास्तव ,आशुतोष गुप्ता, प्रमिला देवी, महबूब निशा, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि रहें।

### पीजी कालेज परिसर में फहरा तिरंगा

**गाजीपुर।** पी.जी. कॉलेज में भी गणतंत्र दिवस के उत्सव पर छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में ध्वजारोहण प्राचार्य प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर एनसीसी ,रोवर/रेंजर्स एवं संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुति भी दिया।

### माउंट लिट्रा जी स्कूल में धूमधाम से गणतंत्र दिवस

**गाजीपुर।** शहर के बंधवा पीरनगर स्थित माउंट लिट्रा जी स्कूल में गणतंत्र दिवस एवं बंसत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। माउंट लिट्रा जी स्कूल के निदेशक मोहित श्रीवास्तव ने झंडारोहण करके किया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र,छात्राओं के द्वारा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौर में विद्यालय के कक्षा नौवीं की छात्रा खुशी व बारहवीं के छात्र आशुतोष एवं विद्यालय के शिक्षक ज्ञान शंकर दूबे ने अपने वक्तव्य के माध्यम से शहीदों के चन्द कथनों स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए गए उनके प्रयासो एवं गणतंत्र दिवस से जुडे मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व को मनाने के साथ-साथ बसंत-पंचमी के शुभ अवसर को ध्यान में रखते हुए विद्या-दायिनी माँ सरस्वती की उपासना पूरे विधि-विधान से की गई। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र,छात्राओं ने माँ सरस्वती की मूर्ति के समक्ष शांति समृद्धि, बुद्धि व सफलता की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. राजेश कारकून एवं सीनियर कोआर्डिनेटर बद्रीश श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में अपने महान राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्यों एवं गणतंत्र दिवस की महत्ता के प्रति अपने सुविचार उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के समक्ष प्रस्तुत किए। साथ ही साथ उपस्थित सभी लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाईयाँ देते हुए शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा तैयार किए गए भिन्न.भिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना भी की। तत्पश्चात छात्रों को मिष्ठान प्रदान किया गया। विद्यालय के इस पूरे कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र मो. अब्बास एवं छात्रा प्रशंसा के द्वारा किया गया।

### सत्यदेव डिग्री कॉलेज में वीर सपूतों को किया याद

**गाजीपुर।** सत्यदेव डिग्री कॉलेज के प्रांगण में 74 वे गणतंत्र दिवस एवं मां सरस्वती का पूजन उत्सव बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज के संस्थापक कर्मवीर सत्यदेव सिंह के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित की। मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर सानंद सिंह ने कहा कि देश को आजाद करने के लिए हजारों लोगों ने बलिदान दिया है' आज ही के दिन भारत देश को एक संविधान प्रदत हुआ। इस संविधान के अनुसार भारत देश का संवैधानिक प्रशासन चल रहा है। आप सभी उपस्थित छात्रों से अनुरोध है की पढ़ लिख कर संविधान के रक्षक के रूप में कार्य करें सदैव अनुशासन का पालन करे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों में मिष्ठान वितरण का कार्य किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की ट्रस्टी माता सावित्री सिंह जी रही। आतिथि के रूप में सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रोफेसर सानंद कुमार सिंह, सत्यदेव इंस्टिट्यूट आफ ऑफ टेक्नोलॉजी के डायरेक्टर डॉक्टर प्रीति सिंह, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेज के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, सत्यदेव डिग्री कॉलेज के डायरेक्टर अमित सिंह रघुवंशी रहे।

### मंत्री के हाथों उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

**गाजीपुर।** गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाईन मैदान में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर झंडा फहराया तथा पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। परेड में शामिल विभिन्न टोलियों द्वारा मुख्य मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने परेड को कमान्ड कर रहे प्रथम, द्वितीय व सभी टोली के कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त सराहनीय सेवा मेडल, जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को लगाया गया तथा प्रशस्ति पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मे विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, पुलिस जनपद स्तरीय अधिकारी, नागरिक पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी एवं आम जनमानस मौजूद रहे।

### शहीदों के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा

**दिलदारनगर।** नगर में 74 वां गणतंत्र दिवस के अवसर पर सैकड़ो लोग अपने अपने हाथों में तिरंगा झंडा के साथ देश के वीर शहीदों के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाला गया।इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों,स्कूल में राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर देश में अमन चयन रखने की कसम खाते हुए देश में आपसी मिल्लत कायम रखने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर नगर में चेयरमैन अविनास जायसवाल,रेलवे सुरक्षा बल थाना में प्रभारी निरीक्षक बालगंगाधर,दिलदारनगर थाना में अशेष नाथ सिंह,रेलवे स्टेशन अधिक्षक नफीस अहमद खा,जीआरपी में प्रभारी शिवसागर, नगर पंचायत ने अधिशाषी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने झंडा फहराया।

### भाजपाइयों ने गणतंत्र दिवस पर फहराया तिरंगा

**गाजीपुर।** 74 वें गणतंत्र दिवस अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय छावनी लाईन पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने राष्ट्रीय झंडा फहराया,तथा राष्ट्र गान गाकर आजादी के वीर अमर शहीदों को स्मरण करते हुए उनके सम्मान मे नारे लगाए गये।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह,सुनिल सिंह,रविप्रकाश,सुरेश बिंद,अच्छेलाल गुप्ता,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, कार्तिक गुप्ता, राजीव सिंह,श्री प्रकाश केशरी, अजीत सिंह,मुरली कुशवाहा,सुधीर केशरी,सुजीत राय,राजू यादव आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों के कंधे पर संस्था का विकासः नदीम अधहमी

**गाजीपुर।** शाहफैज पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 74 वे गणतंत्र दिवस पर धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिद्धार्थ राय तिरंगे को सलामी दी गई। स्कूल के निदेशक डा. नदीम अधहमी ने कहा कि बच्चे जब स्कूल से शिक्षा लेकर कहीं बाहर जाते हैं तो स्कूल ही नहीं उन शिक्षकों की भी प्रशंसा होती है। स्कूल से लेकर बच्चों के शिक्षा तक की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधे पर होती है। शिक्षक सम्मान का हकदार होता है। इसीलिए शिक्षकों का शिक्षकों को भी सम्मानित करना हर विद्यालय का को सम्मानित करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान रंगारंग कार्यक्रम पेश करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर आतियां अधहमी तस्लीम कौसर नेहा कुरैशी डा. कीर्ति उपाध्याय, एकरामुल हक, राजेश सिंह, योगेंद्र पांडे, आनंद, रत्नेश शुक्ला, सीताराम भारद्वाज सहित अन्य शिक्षक अभिभावक छात्र-छात्राएं व स्टॉप मौजूद रहे।

### विद्यालय सहित संस्थानों पर शान से फहरा तिरंगा

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र में गणतंत्र दिवस और सरस्वती पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया। झंडारोहण के क्रम में थाना भांवरकोल कार्यालय में थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय ने, ब्लाक कार्यालय और मार्टिन चिल्ड्रेन एकेडमी भांवरकोल में प्रमुख प्रतिनिधि आनन्द राय मुन्ना ने क्रमश बीडीओ,एडीओ, सचिवों व अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति में जबकि मार्टिंस स्कूल में प्रधानाचार्य विनय राय, प्रबंधक अवधेश पांडेय,उप प्रधानाचार्य मनोज प्रजापति व शिक्षकों की उपस्थिति में झंडारोहण किए। स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज टोडरपुर में प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने फहराया।

### आरएस अस्पताल पर विद्यार्थी सम्मानित

**दुल्लहपुर।** 74 वां गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी सरस्वती पूजन पर आरएस हॉस्पिटल एंड आरएस पैरामेडिकल नर्सिंग कॉलेज देवा दुल्लहपुर में ध्वजारोहण,राष्ट्रगान के साथ कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर संपन्न किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डा. राजेश कुमार पांडे, सह डायरेक्टर डॉ साधना तिवारी, डॉ पीडी राम आदि मौजूद रहें।

# विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस


अतरौलिया में ध्वजारोहण करते लोग


मदर ब्यूला स्कूल में ध्वजारोहण करते प्रबंधक जसवंत ब्रॉडवे


प्रतिभा निकेतन स्कूल में नृत्य करती बच्चियां


मदरसा सैयदना ओबैबिन काब पर ध्वजारोहण करते नफीस अहमद खान

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** 74वें गणतंत्र दिवस पर जनपद के सभी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। छात्र, छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों आदि ने गणतंत्र दिवस की महत्ता को बताया। नगर में स्थित मुहल्ला तकिया, चकला पहाड़पुर में असंगठित बीड़ी मजदूर कार्यालय पर गुरुवार को 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेवी अभिषेक जायसवाल दीनू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र जायसवाल, सूर्यमान मौर्य, कैलाश प्रसाद गौड़, जोखू साहू, रामचन्दर यादव, मन्तराज यादव, उज्जवल वर्मा, शहजादे कुरैशी सभासद, राजू गोंड, राजेश गोड नामी चिरैयाकोटी, जयप्रकाश यादव, आदित्य गुप्ता, शिवकुमारी जायसवाल, रीना निगम, उषा सिंह, मीरा सिंह, मैरूननिशा, सबीना खातून सहित तमाम लोग लोग उपस्थित आदि उपस्थित थे।

अतरौलिया प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय नगर पंचायत समेत विकास खण्ड, तहसील और ग्राम स्तर पर राष्ट्रीयता की भावना पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए और बड़े ही शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। गणतंत्र दिवस की संध्या पर महत्वपूर्ण शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व के ऐतिहासिक स्थानों पर विद्यालयो में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। पटेल चैक पर पूर्व फौजी शिव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया, जहां ग्रामीण अंचल के संभ्रांत लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में यसडी ग्लोबल पब्लिक स्कूल भगवानपुर मदियापार में विद्यालय के डायरेक्टर राधेश्याम यादव द्वारा तिरंगा फहराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ.शिवाजी सिंह के नेतृत्व में ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात शहीद राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में सीएमएस डॉ.एसके ध्रुव के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया। अमर शहीद राजा के वंशज को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। विकास खंड कार्यालय में ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव और एडीओ पंचायत असविंद कुमार यादव के नेतृत्व में तिरंगा फहराया गया। आरएस पब्लिक स्कूल महरूपुर में प्रबंधक राणा लाखन सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर अतरौलिया में वैभव चैरसिया, एमपी मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल सम्मो माता मंदिर में प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह, विद्युत उपकेंद्र अतरौलिया पर एसडीओ बृजेश कुमार राव, नगर पंचायत अतरौलिया कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी ने झंडारोहण किया।

इसी क्रम में प्रतिभा निकेतन स्कूल एटलस पोखरा के प्रबंधक रमाकांत वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस हमारी गरिमा का दिवस है। इस दिन हम कृत संकल्प होकर हमारे संविधान मनसा का आस्था पालन करना चाहिए। प्रधानाचार्य ध्रुव चंद मौर्य ने कहा कि संविधान किसी देश की व्यवस्था की राह होता है उसे हम प्रति संकल्प हो कर पालन करना चाहिए। इस अवसर पर रमेश मिश्रा, दिलीप अस्थाना, राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में मदर ब्यूला क्रिश्चियन स्कूल में 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक जसवंत ब्रॉडवे ने सबको बधाई दी तथा कहा कि गणतंत्र दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है। प्रधानाचार्य मधु सिंह ने इस राष्ट्रीय पर्व पर सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीयों के लिए गौरव और स्वाभिमान का दिवस है। इस अवसर पर शालिनी श्रीवास्तव, रंजन, आशीर्वाद, जयश्री, चरण वंदना, शकुंतला, कुसुमलता, रुचि, अंचल आदि उपस्थित रहे।

लालगंज प्रतिनिधि के बनारपुर में एमएम इंग्लिश पब्लिक स्कूल में प्रबंधक फैजान अहमद द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसकी लोगों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर शमीम अहमद, अतीक अहमद, मोहम्मद अजमल, प्रिंसिपल राजेश सिंह, अबू बकर, कोऑर्डिनेटर मिर्जा आसिफ बेग, सुनील कुमार, योगेंद्र नाथ यादव, अनीता सिंह, जीबा फिरदौस, शकीला इमरान, गुलशमन आरिफ आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में नूरजहां चिल्ड्रेन स्कूल एंड नाजमा गर्ल्स कालेज दौना जेहतमंदपुर में सह प्रबंधक मोहम्मद हाशिम द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रबंधक हाजी इसरार अहमद तथा चेयरमैन हाजी मोहम्मद अनीस और सह प्रबंधक हाजी अंसार अहमद इस मौके पर विदेश रहने से खुद उपस्थित तो नहीं हो पाए लेकिन वह पूरे कार्यक्रम में वर्चुअली अंत तक जुड़े रहे। अंत में प्रधानाचार्य मोहम्मद कुर्बान शेख और अफसर द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नूर आलम प्रधान, सैफ उमैर नजरूद्दीन मोहम्मद खालिद उर्फ पप्पू प्रधान मंसूर अहमद प्रधान अफरोज अहमद चुन्नू प्रधान शहाबुद्दीन फैसल पंकज सिंह प्रधान आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में सिटी पब्लिक स्कूल बनारपुर में ध्वजारोहण मैनेजर इश्तेयाक खान, प्रिंसिपल मोहम्मद काशिफ खान ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में मोहम्मद हारून खान तथा खुर्शीद आजमी, सूफियान अहमद, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद आसिफ, सोनू खान, राशिद, अजलान पंकज सिंह, सालेहीन प्रधान, मिर्जा कलीम बेग, फैज, अतीक, तबरेज, शादाब, आजम, भास्कर आदि मौजूद रहे। प्रिंसिपल मोहम्मद काशिफ खान ने सभी का आभार प्रकट किया। तरवां प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र के राजीव गांधी चिल्ड्रेन स्कूल परमानपुर में प्रबंधक राजेंद्र मिश्र ने ध्वजारोहण किया। स्कूल का रोड शो का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें बच्चों द्वारा महापुरुषों की झांकियां विद्यालय से शुरू होकर तरवा थाने मोड़ तक दर्जनों सजे हुए खुले वाहनों पर निकली। पीछे-पीछे हजारों की संख्या में तिरंगा लिए छोटे-छोटे बच्चे अलग ही छटा बिखेर रहे थे। बच्चों की पहली टोली आर्मी ड्रेस में दूसरी टोली ब्लैक कमांडो के ड्रेस में तीसरी टोली पुलिस वर्दी में चैथी टोली में पुलिस वर्दी में छात्राएं थी।

सरायमीर प्रतिनिधि के अनुसार गणतंत्र दिवस पर सरायमीर क्षेत्र के सरकारी अर्धसरकारी सरकारी स्कूलों, मदरसों पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर स्वतंत्रता सेनानियों वीर सपूतों, बलिदानियों को याद किया गया। सरायमीर कस्बे के मदरसा सैयदना ओबैबिन काब पर चेयरमैन पद के प्रत्याशी नफीस अहमद खान ने झण्डा फहराया। उन्होंने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मास्टर माजिद रशीदी, परवेज अहमद, हाफिज इद्रीस, आजम एडोकेट, सफीकुर्रहमान, ओबैदुर्रहमान आदि मौजूद रहे।

मेंहनगर प्रतिनिधि के अनुसार तहसील प्रांगण में ध्वजारोहण कार्यक्रम बार ब्रेंच का संयुक्त आयोजन किया गया। सर्वप्रथम एसडीएम संत रंजन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तत्पश्चात राष्ट्रगान वंदे मातरम् और झंडा गीत हुआ। ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख प्रतिनिधि व पूर्व प्रमुख डॉ.कैलाश यादव, पंचायत इंटर कालेज पर प्रबन्धक प्रह्लाद सिंह, भूमि विकास बैंक पर चेयरमैन अरविंद सिंह, रमादीप पालीवाल मेमोरियल इंटर कालेज टांडाडीह पर संस्थापक हरिद्वार सिंह, माँ धनावती महाविद्यालय सिंहपुर में पूर्व एमएलसी कमला प्रसाद यादव, यमुना स्मारक इंटर कालेज मौली मनिहा पर संस्थापक डॉ.कैलाश यादव, थाना परिसर में थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, मां चन्द्रावती महाविद्यालय प्रबंधक अंगद यादव, उपखंड अधिकारी कार्यालय पर एसडीओ ई.तुषार श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ भवन पर अध्यक्ष राजनाथ यादव, श्री मंडलेश्वर महादेव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय रायपुर पर प्रधानाचार्य उदयभान गिरी, स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पर प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला संजोजक रणवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया।

बिलरियागंज प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय विकास खंड के प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश यादव ने झंडारोहण किया। वही बाजार के आनंद मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यालय प्रबंधक शोभनाथ वर्मा ने झंडारोहण किया। इस मौके पर डायरेक्टर संतोष वर्मा, प्रधानाचार्य निर्मल कुमार पाल, दुर्गा प्रसाद गुप्त आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में आलिया पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधक डॉ.सोहैब अहमद, व्यापार मंडल बिलरियागंज के अध्यक्ष अमित गुप्ता द्वारा व्यापार मंडल कार्यालय पर झंडारोहण किया गया। इस मौके पर बजरंग गुप्ता, विनय मद्धेशिया, रामकुमार सिंह अरविंद गुप्ता, रामबुझ गुप्ता, आफाक मंजर आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जीडी पब्लिक स्कूल लखेश्वर के प्रांगण में विद्यालय प्रबंधक भाजपा नेता शैलेंद्र तिवारी ने झंडारोहण किया। इस मौके पर दीपक मिश्रा, नमित पांडे, रविंदर सिंह, ललई यादव आदि उपस्थित रहे।

# तिरंगे तले पूजी गई मां वीणा वादिनी

**उत्साह**

## वेदांता ग्रुप में दिखा पर्व का उत्साह


वेदांता ग्रुप में ध्वजारोहण करते डा.शिशिर जायसवाल

**आजमगढ़।** चिकित्सा एवं शिक्षा जगत में अपना मुकाम बना चुके वेदांता ग्रुप ने गुरुवार को 74वें गणतंत्र दिवस को उत्साहपूर्ण माहौल में धूमधाम से मनाया। ग्रुप के निति नियंताओं की उपस्थिति में आसमां में लहरा रहे राष्ट्रीय ध्वज को प्रणाम करने के साथ ही संस्थान में वसंत पंचमी पर्व पर ज्ञान की देवी मां सरस्वती एवं मां भारती के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर मंगलमय जीवन की कामना की गयी। इस दौरान वंदे मातरम् की गूंज भी वातावरण को राष्ट्रप्रेम के भाव को उत्साहित कर रही थी। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस कालेज में ग्रुप के चेयरमैन डा.शिशिर जायसवाल ने ध्वजारोहण किया। वहीं संस्थान के डायरेक्टर विशाल जायसवाल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ऋत्विक जायसवाल ने वसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से संपन्न कराया। संस्थान में शिक्षार्जन कर रहे छात्रों ने राष्ट्रप्रेम का भाव जगाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मनोहारी नाटक एवं गीतों की प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम सकुशल संपन्न होने पर संस्थान के निदेशक ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस मौके पर आलोक जायसवाल, प्रधानाध्यापिका रीना पांडेय, भाजपा जिला अध्यक्ष ध्रुव सिंह, महामंत्री ननकू सरोज, नागेंद्र पटेल, श्यामसुंदर चैहान, मयंक गुप्ता, महा प्रधान पप्पू कुमार यादव, श्रीचंद्र मौर्य, लाल बहादुर त्यागी, विवेक गुप्ता, अरविंद यादव, अश्वनी सिंह, आदित्य यादव, विपुल सिंह, काल भैरव राय आदि उपस्थित रहे।

# दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत, दो घायल

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली के पलिया आईटीआई के पास बाइक की आमने सामने टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फूलपुर कोतवाली के डारीडीह निवासी आशीष यादव पुत्र अखिलेश यादव और रुस्तम यादव पुत्र राम चन्द्र यादव अपनी बाइक से दीदारगंज थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव में अच्छे लाल यादव के घर तेरही में शामिल होने के लिए जा रहे थे। अतीकुर्रहमान पुत्र मोतिन खान निवासी नीवा थाना आलापुर जिला अम्बेडकर नगर अपने साथी सर्वेश यादव फूलपुर कोतवाली ग्राम मकसूदिया के शाहगंज से माहुल के लिए वापस आ रहे थे। ज्यों ही दोनो पलिया आईटीआई के पास पहुंचे है दोनो बाइक की आमने सामने टक्कर हो गयी, जिसमें बाइक सवार चारों लोग घायल हो गए। आशीष यादव और अतीकुर्रहमान पुत्र मोतिन खान की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गयी। घायल रुस्तम यादव पुत्र रामचन्द्र यादव और सर्वेश यादव पुत्र प्रेम चन्द यादव का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दोनो की मौत से दोनो परिजनों में कोहराम मच गया।

# मार्ग दुर्घटना में तीन छात्र घायल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सहिगड़ा के समीप शुक्रवार को विद्यालय से घर जा रहे एक छात्रा और दो छात्र बोलेरो बाइक दुर्घटना में जख्मी हो गये। गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन समेत भाग निकला। रानी की सराय थाना क्षेत्र के काजीभीटी गांव निवासी रोशन कुमार 13 वर्ष, अंकुर 14 वर्ष और अंकिता 12 वर्ष सभी सहिगड़ा गांव स्थित जूनियर हाईस्कूल के कक्षा आठ के छात्र हैं। शुक्रवार को विद्यालय से छुट्टी होने पर पैदल ही घर जा रहे थे। ऊजीगोदाम की ओर से मेहनगर की ओर बाइक सवार थाना क्षेत्र के शाहखजुरा निवासी दीपक राजभर घर जा रहा था तभी पीछे से अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक में धक्का मार दिया। बाइक सवार पलट गया और बाइक पैदल जा रही छात्रों से टकरा गयी। घटना के बाद जहां बोलेरो सवार भाग निकला वहीं बाइक सवार दीपक घायलों को ऊजीगोदाम में निजी चिकित्सक के यहां उपचार हेतु लाया। तभी सूचना पाकर पुलिस भी पहुंची और गंभीर छात्रों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



































# स्पोर्ट्स

## पहली बार किसी आईसीसी टूनार्मेंट के लिए सिर्फ महिला अधिकारी शामिल, इनमें भारत से भी तीन नाम

अगले महीने महिला टी20 विश्व कप का आगाज होने जा रहा है। दक्षिण अफ्रीका में होने वाले इस टूनार्मेंट में भारत समेत 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। आईसीसी इस टूनार्मेंट को सुपरहिट बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। अब काउंसिल ने टूनार्मेंट के लिए मैच अधिकारियों का भी एलान कर दिया है। आईसीसी ने अपने किसी टूनार्मेंट के लिए पहली बार सिर्फ महिला रेफरी और अंपायरों की घोषणा की है। महिला टी20 विश्व कप में सिर्फ महिला रेफरी और अंपायर ही दिखेंगी। यह आईसीसी की ओर से महिला सशक्तिकरण की ओर लिया गया अहम कदम है।रेफरी और अंपायरों के पैनल में भारत से भी तीन नाम शामिल हैं। महिला टी20 विश्व कप में जीएस लक्ष्मी, वृंदा राठी और जननी नारायणन की भारतीय तिकड़ी भी दिखेंगी। आईसीसी के पैनल में तीन मैच रेफरी और 10 अंपायर समेत कुल 13 महिला अधिकारियों की टीम है।



# भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

## यहां भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा

**नई दिल्ली ।** भारत ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बना ली है। यहां भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 108 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे टीम इंडिया ने दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। भारत के लिए सबसे ज्यादा तीन विकेट परशवी चोपड़ा ने लिए। वहीं, उपकप्तान श्वेता सेहरावत ने नाबाद 61 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम ने भारत के सामने 108 रन का लक्ष्य रखा है। शेफाली वर्मा, ऋचा घोष और श्वेता सहरावत जैसी विस्फोटक बल्लेबाजों से भरी टीम इंडिया के लिए यह लक्ष्य ज्यादा

### अंडर-19 महिला विश्व कप के फाइनल में बनाई जगह

मुश्किल नहीं होगा। भारतीय टीम इस मुकाबले को जीतकर फाइनल में जगह बनाना चाहेगी।

इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरूआत बेहद खराब रही।

तीन रन के स्कोर पर टीम का पहला विकेट गिरा और पांच रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गईं। एना ब्राउनिंग ने एक और एमा मैक्लॉयड ने दो रन बनाए। इसके बाद जॉर्जिया प्लिमर ने एक छोर संभाला और इसाबेल ने 22 गेंद में 26



रन बनाकर कीवी टीम की मैच में वापसी कराई। कप्तान शार्प भी 13 रन बनाकर आउट हो गईं और 74 रन पर न्यूजीलैंड की आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। इसके बाद एमा इरविन तीन, केट इरविन दो, लॉगनेबर्ग चार और नताशा तीन रन बनाकर आउट हुईं। इस बीच प्लिमर भी तेजी से रन बनाने के चक्कर में 32 गेंद में 35 रन बनाकर आउट हो गईं। नाइट ने 12 रन की पारी खेल न्यूजीलैंड का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। अंत में न्यूजीलैंड की टीम नौ विकेट खोकर 107 रन बनाने में सफल रही। भारत के लिए परशवी चोपड़ा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। तितास साधू, मन्नत कश्यप, शेफाली वर्मा और अर्चना देवी को एक-एक विकेट मिला।

### न्यूजीलैंड ने भारत को 177 रन का लक्ष्य दिया अर्शदीप ने 20वें ओवर में 27 रन लुटाए

न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 177 रन का लक्ष्य दिया है। 20 ओवर में कीवी टीम ने छह विकेट गंवाकर 176 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने मैच में खराब गेंदबाजी की। उन्होंने चार ओवर के कोटे में 51 रन लुटाए और सिर्फ एक विकेट लिया। 20वें ओवर में अर्शदीप गेंदबाजी के लिए आए और 27 रन लुटा दिए। न्यूजीलैंड की ओर से डेरिल मिचेल ने सबसे ज्यादा 30 गेंदों में नाबाद 59 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का तीसरा अर्धशतक रहा। वहीं, डेवोन कॉनवे ने 35 गेंदों में 52 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का नौवां अर्धशतक रहा। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, अर्शदीप, कुलदीप और शिवम मावी को एक-एक विकेट मिला।





## स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी शादी के बंधन में बंधे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट केएल राहुल ने बॉलीवुड एक्ट्रेस अथिया शेट्टी के साथ शादी की। अब उनके बाद स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल भी शादी के बंधन में बंध गए हैं। अक्षर ने अपनी मंगेतर मेहा पटेल के साथ सात फेरे लिए। अक्षर पटेल की शादी गुरुवार (26 जनवरी) को गुजरात के वडोदरा में हुई। अब इस शादी समारोह की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। तस्वीरों में अक्षर और मेहा नक्काशीदार सफेद रंग के लिबास में बेहद खूबसूरत नजर आ रहे हैं। यहां अक्षर पारंपरिक पगड़ी बांधे दिखाई दे रहे हैं। मेहा भी शादी के जोड़े में बेहद प्यारी लग रही हैं। अक्षर और मेहा के फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। मेहंदी, हल्दी, संगीत सेरेमनी से लेकर सात फेरों तक के कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। आपको बता दें कि 28 साल के अक्षर पटेल और मेहा एक-दूसरे को काफी लंबे समय से डेट कर रहे थे। पिछले साल ही मेहा और अक्षर की सगाई हुई। अब दोनों शादी के बंधन में बंध गए हैं। अक्षर पटेल ने विंटेज कार पर अपनी बारात निकाली। अक्षर-मेहा की शादी में मोहम्मद कैफ, जयदेव उनादकट समेत कई क्रिकेटर भी पहुंचे।



## अपने आखिरी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हार के बाद भावुक हुई सानिया मिर्जा

### सानिया का अपने ग्रैंडस्लैम करियर का अंत खिताब के साथ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया

**मेलबर्न।** भारत की स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्जा और उनके जोड़ीदार हमवतन रोहन बोपन्ना को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूनार्मेंट के मिश्रित युगल में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह से सानिया का अपने ग्रैंडस्लैम करियर का अंत खिताब के साथ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। उन्होंने अपने करियर में छह ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं।

सानिया और बोपन्ना की गैर वरीयता प्राप्त जोड़ी रोड लेवर एरेना में खेले गए फाइनल में लुइसा स्टेफनी और राफेल माटोस की ब्राजीलियाई जोड़ी से 6-7 (2) 2-6 से हार गई। सानिया ने अपने करियर में तीन महिला युगल और इतने ही मिश्रित युगल ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। बयालीस वर्षीय बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन के रुप में मिश्रित युगल का एक ग्रैंडस्लैम खिताब जीता है।


खेल के समापन के बाद सानिया ने ब्राजील की जोड़ी को बधाई दी। जीत के लिए उनकी सराहना की लेकिन, जैसे ही उन्होंने अपनी यात्रा के बारे में बोलना शुरू किया टेनिस स्टार अपने आंसुओं को रोक नहीं पाई। सानिया ने कहा कि मेरा प्रोफेशनल करियर मेलबर्न में शुरू हुआ। मैं अपने करियर को समाप्त करने के लिए इससे बेहतर नहीं सोच सकती थी। रोड लेवर मेरी जिंदगी में खास रहा है। कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने बेटे के सामने ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेल पाऊंगी। यह सानिया के करियर का 11वां ग्रैंड स्लैम फाइनल था।



## बॉलीवुड न्यूज

### 'द वैक्सीन वॉर' में नाना पाटेकर निभाएंगे लीड किरदार

**मुंबई।** विवेक अग्निहोत्री की बहुप्रतीक्षित और प्रत्याशित फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' की शूटिंग आखिरकार पूरी हो चुकी है और अब समय आ गया है कि वह फिल्म के प्रमुख किरदारों का खुलासा करें। जबकि मेकर्स फिल्म की कास्ट को सीक्रेट रख रहे थे, विवेक रंजन अग्निहोत्री ने हाल ही में खुलासा किया कि कांतारा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली सप्तमी गौड़ा को 'द वैक्सीन वॉर' के लिए चुना गया है। अब इस फिल्म से जुडी एक नई अनाउंसमेंट के मुताबिक नाना पाटेकर 'द वैक्सीन वॉर' में लीड रोल निभाएंगे। इसके बारे में बात करते हुए, विवेक रंजन अग्निहोत्री कहते हैं, 'आई एम बुद्धा' में हम भारतीय सिनेमा की बेस्ट प्रतिभाओं के साथ काम करने के लिए कमिटेड हैं। द वैक्सीन वॉर के लिए, हीरो को पावरफुल, क्रेडिबल और अंडरप्ले्ड होना था। और जब हम किसी ऐसे व्यक्ति को कास्ट करने के बारे में सोच रहे थे जिसका प्रदर्शन निर्विवाद है तो हमने नाना पाटेकर का ही नाम सोचा। वह अभिनेताओं की उस रेयर ब्रीड में से एक हैं जो किसी भी भूमिका में चमकते हैं और जिन्होंने कभी भी अपने क्राफ्ट, अपने प्रदर्शन के साथ समझौता नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा मुझे बेहद खुशी है कि पल्लवी और मैंने नाना पाटेकर को फिल्म का नेतृत्व करने के लिए चुना। उन्होंने अपने करियर के सबसे शक्तिशाली, विश्वसनीय और अद्भुत प्रदर्शनों में से एक दिया हैं। उन्होंने खुद को स्क्रिप्ट और किरदार के लिए समर्पित कर दिया, जो सितारों के बीच एक बहुत ही रेयर क्वालिटी है। और हम बहुत खुश हैं कि नाना पाटेकर हमारे समय की सबसे अहम फिल्मों में से एक में काम कर रहे हैं। हमारे समय की सबसे प्रेरक और ईमानदार फिल्म, हमारे समय की सबसे ईमानदार और सच्ची फिल्म द वैक्सीन वॉर ।



### 'खुदा हाफिज चैप्टर 2' मनोरंजन के लिए तैयार

**मुंबई।** जब किसी आदमी को इतना मजबूर कर दिया जाए कि उसे अंजाम की परवाह ही न रहे, ऐसे ही मामूली लोग आगे जाके बाहुबली बनते हैं। इस रिपब्लिक डे के मौके पर एंड पिक्चर्स पर 28 जनवरी 2023 को रात 8 बजे एक्शन एंटरटेनर खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के साथ मनोरंजन के धमाल के लिए तैयार हो जाइए। फारुख कबीर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय लीड रोल में हैं। पार्ट वन की डायरेक्ट सीक्वल खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा समीर (विद्युत) और नरगिस (शिवालिका) का सफर दिखाती है, जो अपनी जिंदगी में हुए एक भयानक हादसे के बाद एक अनाथ बच्ची नंदिनी को गोद लेकर खुशी-खुशी जीवन गुजार रहे हैं। लेकिन उनकी किस्मत एक बार फिर खतरनाक मोड़ लेती है, जब नंदिनी लापता हो जाती है। विद्युत ने अपने बचपन से ही कलारिपयट्टु की ट्रेनिंग ली है, जो दुनिया का सबसे पुराना और सबसे खतरनाक मार्शल आर्ट है, जिसकी जड़ें भारत में गहरे तक समाई हैं। ऐसे में विद्युत एक एक्शन हीरो के रूप में जन्मे हैं। वो एक्शन और स्टंट सीक्वेंस बखूबी करते हैं, जो इससे पहले भारतीय सिनेमा में मुश्किल से ही देखने को मिलता था। इस फिल्म में शीबा चड्ढा खलनायिका बनी हैं, जो अपने अनोखे अंदाज और एक्टिंग की खूबी के लिए जानी जाती हैं। शीबा चड्ढा ने ठाकुरजी के रोल में अपनी रोंगटे खड़े कर देने वाली परफॉर्मेंस के साथ दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है।



# फाइनल से पहले बल्लेबाजी में आक्रामकता लाने की जरूरत

**ईस्ट लंदन।** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को फाइनल से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला के मैच में अपने रवैए में आक्रामकता लानी होगी। वेस्टइंडीज के पहले तीनों मैच गंवाने के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका पहले ही फाइनल में जगह बना चुके हैं।

ऐसे में दो फरवरी को होने वाले फाइनल से पहले यह मैच उसकी 'ड्रेस रिहर्सल' की तरह होगा। अगर स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुभवी जोड़ी ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से नहीं निभाई होती तो भारतीय टीम पिछले लीग मैच में वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रतिस्पर्धी स्कोर नहीं बना पाती। इन दोनों खिलाड़ियों से जहां निरंतर अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद की जा रही है वहीं कप्तान को युवा खिलाड़ियों से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में पारी का आगाज कर रही यास्तिका भाटिया पावरप्ले में

### त्रिकोणीय श्रृंखला भारतीय महिला क्रिकेट

आक्रामक रवैया अपनाने में नाकाम रही है। अभी तो भारत का सामना दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से हो रहा है लेकिन विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसी टीमों के खिलाफ इस तरह का रवैया टीम को मुश्किल में डाल सकता है।

शेफाली की तरह अंडर-19 विश्व कप में खेल रही रिचा घोष की अनुपस्थिति में भारत को मध्यक्रम में एक 'पावर हिटर' की कमी खल रही है। अमनजीत कौर ने अपने पदार्पण मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था और वह उसे दोहराने की कोशिश करेगी। जेमिमा रोड्रिग्स की खराब फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से ही जारी है और वह अगले महीने होने वाले विश्व कप से पहले कुछ रन अपने नाम लिखवाना



चाहेगी। इस मैच से हरलीन देओल को भी अपना प्रभाव छोड़ने का मौका मिलेगा क्योंकि वह पिछले दो मैचों में नाकाम रही थी।

ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर फिटनेस से जुड़े मसलों के कारण अभी तक कोई मैच नहीं खेल पाई है लेकिन वह शनिवार को अंतिम एकादश में जगह बना सकती है। भारतीय टीम में वापसी करने वाली शिखा पांडे से भी गेंदबाजी में टीम को अच्छी शुरूआत की जरूरत है। वह वापसी के बाद अपने पहले मैच में विकेट नहीं ले पाई थी। दक्षिण अफ्रीका टूनार्मेंट के पहले मैच में भारत से हार गया था और वह फाइनल से पहले इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 10 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की थी।

**टीम इस प्रकार हैं : भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, सुषमा वर्मा (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, पूजा वस्त्राकर, सभिनेनी मेघना, स्नेह राणा और शिखा पांडे।

दक्षिण अफ्रीकाः सुने लुस (कप्तान), क्लो ट्राईटन (उपकप्तान), एनेके बॉश, ताजमिन ब्रिट्स, नादिन डी क्लार्क, एनेरी डर्क्सन, लारा गुडॉल, शबनीम इस्माइल, सिनालो जाफ्ता, मरिजैन कप्प, अयाबोंगा खाका, मसाबाटा क्लास, टेबोगो मचेके, नॉनकुलुलेको म्लाबा, तुमी सेखुखुने, डेल्मी टकर और लौरा वोल्वार्ड्ट। मैच भारतीय समयानुसार रात 10:30 बजे शुरू होगा।

# अंतरराष्ट्रीय हॉकी में पिछले पांच साल में सामने आए डोपिंग के सिर्फ आठ मामले, सतर्क रहेगा एफआईएच

**भुवनेश्वर।** हॉकी डोपिंग के मामले में सबसे स्वच्छ खेलों में से एक है जिसमें पिछले पांच वर्षों में इससे संबंधित अपराधों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ियों को निलंबित हुए है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) हालांकि इस मामले में सतर्कता बनाये रखना चाहता है। जनवरी 2017 से डोप उल्लंघन (प्रतिकूल विश्लेषणात्मक निष्कर्ष) के 14 मामले रिपोर्ट किए गए हैं, जिनमें से आठ खिलाड़ियों को निलंबन की सजा दी गई है। इसमें लगभग सभी मामले नशीले पदार्थों से संबंधित है न कि प्रदर्शन बढ़ाने वाले पदार्थों से। एफआईएच के मुताबिक 2021 में डोपिंग नियमों के उल्लंघन (एडीआरवी) से जुड़ा सिर्फ एक मामला सामने आया लेकिन इसमें भी किसी को निलंबित नहीं किया गया। एफआईएच के वरिष्ठ संचार प्रबंधक निकोलस मैनगोट ने कहा, विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप, एफआईएच एक स्वच्छ खेल संचालन की अपनी प्रतिबद्धता को बेहद गंभीरता से लेता है और यह सुनिश्चित करने के लिए काम करता है कि डोपिंग से जुड़े परीक्षण और शिक्षा में कोई कमी ना रहे। हॉकी में हालांकि एथलेटिक्स, तैराकी, भारोत्तोलन और यहां तक कि फुटबॉल जैसे अन्य खेलों की तुलना में एक वर्ष में किए गए डोप परीक्षणों की संख्या बहुत कम है। मौजूदा विश्व कप में क्रॉसओवर मैचों के अंत तक लगभग 20 नमूने एकत्र किए गए थे, जो एक वैश्विक टूनार्मेंट के लिए बहुत कम है। क्रॉसओवर चरण तक विश्व कप के 44 में से 28 मैच खेले जा चुके है। इसकी तुलना में कतर में 2022 फीफा विश्व कप में 1,600 से अधिक डोप नमूने एकत्र किए गए थे। एफआईएच ने हालांकि कहा कि बाकी मैचों (16 मैचों) में अधिक नमूने एकत्र किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पहले भी परीक्षण किया जा चुका है। इस विश्व कप में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अधिकारियों द्वारा नमूने एकत्र किए जा रहे है। मैनगोट ने कहा, सभी टीमों का पहले ही परीक्षण किया जा चुका है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का परीक्षण पहले किया जा चुका है। यह एनएडीओ (राष्ट्रीय डोपिंग रोधी संगठन) द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा, इस प्रक्रिया का प्रबंधन आईटीए (अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी) करता है लेकिन नमूना संग्रह के लिए भारत का एनएडीओ जिम्मेदार है। हॉकी में 2021 में 177 खिलाड़ियों के 200 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें से 127 प्रतियोगिता के दौरान के थे और 73 प्रतियोगिता से बाहर थे। इसमें मूत्र के नमूनों की संख्या 183 थी, जबकि 17 रक्त के नमूने थे। इस में 51 प्रतिशत नमूने पुरुष खिलाड़ियों के थे। उन्होंने कहा, एफआईएच ने जुलाई 2015 से नियम बनाया है कि उसकी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को एक अनुमोदित डोपिंग रोधी शिक्षा कार्यक्रम को पूरा करना होगा। ऐसे खिलाड़ी जिनके पास वैध डोपिंग रोधी प्रमाणपत्र (दो वर्ष के लिए वैध) नहीं है, उसे प्रतियोगिता में तब तक खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि वे इसे हासिल नहीं कर लेता।



जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# एलजीएम : एमएस धोनी के प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म की हुई घोषणा

**मुंबई।** महेंद्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी के प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' की घोषणा की है। तमिल में बनने जा रही इस फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में हरीश कल्याण, इवाना, नदिया और योगी बाबू होंगे। फिल्म का निर्देशन रमेश तमिलमणि करेंगे और इसकी शूटिंग 27 जनवरी से शुरू हो जाएगी।

काफी समय से खबरें थीं कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। क्रिकेट जगत में नाम कमाने के बाद अब वह फिल्मों में पारी खेलने को तैयार हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट लॉन्च किया है और इसके बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म की घोषणा भी हो गई है। फिल्म का नाम लेट्स गेट मैरिड है, जिसका मोशन पोस्टर जारी हुआ है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से ट्विटर पर फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। यह एक तमिल फिल्म होगी। कैप्शन में लिखा है, 'हम धोनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही पहली फिल्म के नाम लेट्स गेट मैरिड की घोषणा कर बेहद उत्साहित हैं। बता दें कि इस फिल्म में नादिया, हरीश कल्याण और अभिनेत्री इवाना लीड रोल में नजर आएंगी, वहीं योगी बाबू भी इसका हिस्सा हैं। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी रमेश थमिलमणि को सौंपी गई है। सबसे पहले बात करते हैं नादिया की। वह तमिल, मलयालम और तेलुगु फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। नादिया अपने शादार प्रदर्शन के लिए फिल्मफेयर और नंदी पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। दूसरी ओर हरीश एक तमिल एक्टर हैं। फिल्म प्यार प्रेम काधल से उन्हें लोकप्रियता मिली। तमिल और मलयालम फिल्मों की अभिनेत्री इवाना की पिछले साल फिल्म लव टुडे आई थी, जो हिट रही थी, वहीं योगी तमिल फिल्मों के जाने-माने अभिनेता और कॉमेडियन हैं। अक्टूबर, 2022 में धोनी के इस प्रोडक्शन हाउस का ऐलान हुआ था। इसी के साथ यह जानकारी दी गई थी कि इसके बैनर तले सबसे पहले एक तमिल फिल्म का निर्माण किया जाएगा। इस फिल्म के प्रोडक्शन का काम धोनी की पत्नी साक्षी रावत संभाल रही हैं। निर्देशक थमिलमणि ने इस पर कहा था, इस फिल्म का कॉन्सेप्ट साक्षी का है, जो खास है और मुझे बेहद पसंद आया है।




समस्त जनपद वासियों को 74 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता हास्पिटल
डा० अभिषेक राव
डा० तन्जीला रहमान
St. Xavier's School
HAPPY REPUBLIC DAY
ADMISSIONS
डायरेक्टर हिमांशु झा
अध्यक्ष पद हेतु प्रत्याशी
नगर पालिका परिषद शाहगंज
संतोष अग्रहरि
एडवोकेट, हाईकोर्ट
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चमेला देवी
सुपरवाइजर
आँगनवाड़ी, केन्द्र
बिन्दू देवी
सुनीता यादव
प्रधान-ओईना खुटहन, जौनपुर
74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मड़ियाहूँ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मड़ियाहूँ, जौनपुर
प्रोफेसर सुरेश कुमार पाठक
प्राचार्य
अपूर्व तिवारी(पवन)
प्रबंधक
बाबा बिल्डिंग मैटेरियल, अदारी
प्रधान- अदारी
चंद्रसेन गिरी
जिला अध्यक्ष प्रधान संघ, जौनपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतन्त्र दिवस
आपका साथ आपका विश्वास...
विकास
अध्यक्ष पद हेतु
नगर पालिका परिषद मुंगरा बादशाहपुर से
कपिल मुनि
पूर्व चेयरमैन
Mob.: 7897567383
74वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबन्धक शरद सिंह
अध्यक्ष सुनीता सिंह
उपाध्यक्ष मानसी सिंह
उप-प्रबन्धक शिवम सिंह
प्रधानाचार्य रंजना सिंह
क्लर्क कल्पना
सौजन्य से :- लीलावती आद्या प्रसाद गर्ल्स डिग्री कॉलेज
पता- बराई (मेला मैदान), केराकत, जौनपुर, Mob.: 6387435995, 7398558508
आप सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
गणतंत्र दिवस
वीरेन्द्र सिंह
74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
BAJAJ
बाबू बजाज
सदरगंज, मड़ियाहूँ जौनपुर
आवेज अहमद (बाबू)
मो.- 9919065890, 8400166690
कृषचन्द
प्रधान- तिसौली
विद्या देवी
पत्नी- बिन्दू यादव
प्रधान- लवायन, खुटहन
संगीता यादव
पत्नी-
जगरनाथ यादव
प्रधान- नदौली खुटहन
जौनपुर
पंडित रामजियावन शिक्षा
प्रबंधक- श्री राम अछैबर तिवारी
अरुण कुमार पाण्डेय
जीवन सुरभि हास्पिटल
सरकारी अस्पताल के पास
मड़ियाहूँ, जौनपुर
डा. रूपचन्द्र पटेल
बाबा प्रसिद्ध नारायण महाविद्यालय
बी०ए०, बी० एड, एम.ए.
बी टी सी (डी० एल०एड)
प्रबंधक
अशोक कुमार सिंह
ऊषा रानी पत्नी- हरिदयाल
मोलबी राम
प्रधानाचार्य
CSC
LPG GAS
REFILL BOOKING
FROM CSC
गौरव ईंट उद्योग
नदौली देदुवाना
मां प्रियम
डायग्नोस्टिक सेंटर
सरायबीरू स्टेशन
रोड केराकत
फौजी सुबाष यादव
युवा समाजसेवी
दिलीप कुमार
प्रधान- नुआँव, केराकत
आस्था हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी एंड ट्रामा सेंटर
प्रबंधक डॉ राजेश कुमार चौहान
मो० 7052411443
शान्ती पैथोलॉजी सेन्टर
श्यामचन्द्र मौर्या
इनाया मोडीसिटी हास्पिटल
डा. एम.के. जायसवाल
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ
उमा
प्रधान-नरहन
केराकत जौनपुर
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं।
डा. रफीक फारुकी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
आप सभी नगरवासियों को
74
की हार्दिक शुभकामनाएं
डा. नीतू शुक्ला
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
शाहगंज
डा. हरिओम मौर्या
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
शाहगंज
बसन्ती देवी आई.टी.आई. एवं इण्टरनेशनल प्ले स्कूल
अध्यक्ष
दिवाकर मिश्रा
प्रबंधक
डा. राजकुमार मिश्रा
प्रधानाचार्य
डा. अनामिका मिश्रा
सूर्या क्लीनिक एवं मेटरनिटी होम
डा. रुचि मिश्रा
डा. सुधाकर सिंह
CHICKEN BARRA HOUSE
की हार्दिक शुभकामनाएं
Mob. 7275460929, 7800551140
SOUTH INDIAN SCHOOL
की हार्दिक शुभकामनाएं
समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अब्दुल अजीज़ अंसारी पी.जी. कॉलेज
कहकशां खान
नई सोच, नई उर्जा, नई उड़ान
रुपेश कुमार जायसवाल
Dr. Anwar's Multi Speciality Homeopathic Clinic
26 JANUARY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Add- Iraqiyana Chowk, Shahganj, Jaunpur - U.P.(223101)
गणतंत्र दिवस
26 JANUARY
एवं बसंत पंचमी
की बधाई
एवं शुभकामनाएं
विकास अग्रहरि 'चौधरी'
फरीदुल हक मेमोरियल पी०जी०कालेज
एवं
सर सैयद अहमद इंटर कॉलेज
74
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रबन्धक
नासिर जमाल शेख